
लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार, झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित

RNI-UPHIN/2014/58471

# दैनिक अमन लेखनी



गर्मी में कपड़ों से आती है पसीने की स्मेल तो आजमाएं ये घरेलू.....



मेकअप करते समय चेहरे पर प्राइमर लगाना सही या नहीं....

वर्ष : 10 | अंक : 134 | लखनऊ, 24 अप्रैल, बुधवार 2024 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए

# देश में शरिया कानून लागू करना चाहती है कांग्रेस: सीएम योगी

- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बागपत लोकसभा क्षेत्र में जनसभा को किया संबोधित
- बोले सीएम, शरिया कानून के जरिये देश में तालिबानी शासन लाना चाहती है कांग्रेस
- बोले, पहले कांग्रेस ने 6 दशक तक देश लूटा, अब हर संपत्ति पर डकैती डालने की कर रहे साजिश

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

**बागपत :** कांग्रेस ने अपने घोषणा पत्र में समुदाय विशेष के लिए व्यक्तिगत कानून लाने की बात लिखी है। इसके जरिये कांग्रेस देश में शरिया कानून लागू करके तालिबानी शासन लाना चाहती है। यह बात साफ करती है कि कांग्रेस और इंडी गठबंधन के लोग बाबा साहब द्वारा बनाए गए संविधान के लिए खतरा हैं। ये कहते हैं कि हम एक झटके में गरीबी मिटा देंगे जबकि वह आपकी संपत्ति और बेटियों-माताओं के गहने जब्त करने की साजिश रच रहे हैं। पहले इन्होंने 6 दशक तक देश लूटा और अब हर संपत्ति पर डकैती डालकर अपने कब्जे में ले करके बंदरबांट की योजना बना रहे हैं। ये बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को बागपत लोकसभा क्षेत्र में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए कही। इस दौरान उन्होंने लोकसभा प्रत्याशी डॉ. राजकुमार सांगवान के पक्ष में वोट की अपील की।

## जो नारा दादी ने दिया वहीं आज तोते की तरह पोता भी रट रहा

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कांग्रेस को 65 वर्षों तक शासन करने का मौका मिला, लेकिन उन्होंने कुछ नहीं किया। उन्होंने कहा कि गरीबी का जो नारा दादी ने दिया, वहीं आज तोते की तरह पोता भी रट लगाए बैठा है। इनके पास कोई विजन नहीं है। इन्हें जब देश की जनता जनार्दन ने सत्ता से बेदखल कर दिया तो फिर से इन्हें गरीबी हटाने की बात याद



आती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सही मायने में गरीबी हटाने का काम किया है। उन्होंने गरीब कल्याणकारी योजनाओं के जरिये 25 करोड़ लोगों को गरीबी रेखा से उभारा है। वहीं कांग्रेस और समाजवादी पार्टी का संपत्ति हड़पने का पुराना इतिहास रहा है। यह अपने लिये जीते हैं। सीएम योगी ने कहा कि कांग्रेस और सपा के लोग परिवारवादी हैं। सपा ने सभी टिकट अपने ही परिवार के लोगों को दे दिया। वहीं जब राष्ट्रीय लोक दल को जब टिकट देने बारी आई तो जयंत चौधरी ने डॉ. राजकुमार सांगवान को प्रत्याशी बनाया। पहले देश में आतंकी विस्फोट होते थे। निर्दोष लोग मारे जाते थे और सुरक्षा बलों के जवान शहीद होते थे। वहीं आज भारत में कहीं पटाखा भी फट जाए तो पाकिस्तान सफाई देता है कि उसने कुछ नहीं किया। पाकिस्तान को मालूम है कि अगर उसने कुछ किया तो फिर उसको लेने के देने पड़ जाएंगे और जान बचाना मुश्किल हो जाएगा।

## आपके गलत जगह वोट से देश में फिर से आतंकवाद और माफिया राज लौट सकता है

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि देश आपका, जीवन आपका और सुरक्षा आपकी है तो वोट भी आपका है। ऐसे में वोट गलत जगह जाएगा तो आतंकवाद और माफिया राज फिर से लौटकर आएगा। किसानों और गरीबों के हक पर दोबारा डकैती पड़ने लगेगी। इतना ही नहीं बेटी और व्यापारी फिर से असुरक्षित होंगे। वहीं अपना वोट बीजेपी और सहयोगी दलों को देंगे तो आतंकवाद को सीमा पार निपटा दिया जाएगा जबकि देश में माफिया और अपराधियों को उसकी मांद में घुस करके राम नाम सत्य की यात्रा पर भेज दिया जाएगा। देश में गरीब, किसान और नौजवान के हक पर कोई डकैती नहीं डाल पाएगा। बेटी और व्यापारी की सुरक्षा में कोई सेंध नहीं लगा पाएगा, यही गारंटी एनडीए आपको देने के लिए आया है। हमें अपने एक-एक वोट की कीमत समझनी है क्योंकि घर, गृहस्थी, खेती-बाड़ी देश से बढ़कर नहीं है। हमारे लिए सबसे पहले हमारा देश और उसकी सुरक्षा है क्योंकि जब हम सुरक्षित रहेंगे तभी देश समृद्ध होगा। वहीं देश समृद्ध होगा तो हम समृद्ध होंगे। हमें इसी भाव के साथ काम करना है। इसके लिए हमें देश के लिए वोट करना है। इस अवसर पर राष्ट्रीय लोकदल अध्यक्ष चौधरी जयंत, प्रदेश सरकार के मंत्री अनिल कुमार, केपी मलिक, राष्ट्रीय लोकदल की महिला विंग प्रभारी चारु चौधरी, भारतीय जनता पार्टी के जिला के अध्यक्ष वेदपाल उपाध्याय, लोकसभा के प्रभारी डॉ. अशोक नागर, बीजेपी के प्रदेश मंत्री और बागपत प्रभारी चंद्र मोहन आदि उपस्थित थे।

# भाजपा ने दिल्ली में 9745 स्थानों पर किया हनुमान चालीसा का पाठ

- चार लाख के लगभग कार्यकर्ता समर्थक जुड़े

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

दिल्ली। दिल्ली प्रदेश प्रभारी ओमप्रकाश धनखड़ हनुमान जयंती के पावन पर्व पर आयोजित अनेक समारोहों में पहुंचे और कार्यकर्ताओ के साथ हनुमान चालीसा का पाठ किया। दिल्ली प्रभारी औम प्रकाश धनखड़ राजनगर के बूथ न 18 पर कार्यकर्ताओ के साथ हनुमान चालीसा का पाठ किया। दिल्ली प्रभारी ने बताया कि पार्टी का हर कार्यकर्ता और नेता बूथों पर पहुंचा है और हनुमान चालीसा का पाठ किया है।

धनखड़ ने देश व प्रदेशवासियों को हनुमान चालीसा की बधाई देते हुए कहा कि हनुमान जी भगवान राम के अटल भक्त थे। भगवान और भक्त के ऐसे भक्तिभाव और स्नेह पूर्ण अतुलनीय सम्बंध का उल्लेख या उदाहरण कहीं नहीं मिलेगा। उन्होंने कहा कि आज राम भक्त हनुमान का गुणगान भी प्रभुराम की तरह हो रहा हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा के कार्यकर्ता का देश के प्रति समर्पण भाव ऐसा ही है जैसा हनुमान जी का भक्तिभाव श्रीराम के प्रति हमने सुना और पढ़ा है। धनखड़ ने कहा कि रामनवमी के पावन पर्व पर अयोध्या में रामलला का सूर्य तिलक का दृश्य देख कर हर भारतीय ने अपने आप को गौरवान्वित महसूस किया। उन्होंने कहा कि केंद्र में भाजपा की मोदी सरकार के नेतृत्व में भारत अपने पुराने स्वर्णीम गौरव की ओर लौट रहा है। मोदी सरकार ने पिछले दस वर्षो में ढांचागत विकास के साथ सनातनी संस्कृति,विरासत और संस्कारों का पुनरुत्थान किया है।

दिल्ली प्रभारी धनखड़ ने कहा कि सभी के सपनों का भारत हकीकत में बदले यह मोदी की गारंटी है। नई तकनीक और नवाचार को अपनाते हुए भारत अगले पांच वर्षों में हर चीज का वैश्विक हब बनकर उभरे , यही हमारा का संकल्प है। वर्ष 2047 तक भारत विकसित राष्ट्रों की श्रेणी में शामिल हो, यह हर भारतीय का सपना है और भाजपा का संकल्प।

## मौसम

| | |
|---|---|
| अधिकतम तापमान | 18.c |
| न्यूनतम तापमान | 12.c |

## बाजार

| | |
|---|---|
| सोना | 5848/ g |
| चांदी | 75.50/ g |
| सेंसेक्स | 72,085.63 |
| निफ्टी | 21,853.80 |

# पतंजलि ने कहा- 67 अखबारों में माफीनामा छपवाया

**एससी ने पूछा – आपके पुराने विज्ञापन जैसा, फिर से जारी करने का आदेश**

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

**नई दिल्ली,** भ्रामक विज्ञापनों पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई के दौरान पतंजलि आयुर्वेद ने कहा कि उसने 67 अखबारों में माफीनामा प्रकाशित किया है, जिसमें कहा गया है कि वह अदालत का पूरा सम्मान करता है और उनकी गलतियों को दोहराया नहीं जाएगा। सुप्रीम कोर्ट ने पूछा कि क्या पतंजलि द्वारा अखबारों में दी गई माफी का आकार उसके उत्पादों के लिए पूरे पेज के विज्ञापनों के समान था। विज्ञापन में पतंजलि ने अधिवक्ताओं द्वारा शीर्ष अदालत में बयान देने के बाद भी विज्ञापन प्रकाशित करने और प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित करने की गलती के लिए माफी मांगी। पतंजलि ने सुप्रीम कोर्ट में दावा किया कि विज्ञापन की कीमत 10 लाख रुपये है। जस्टिस हिमा कोहली और अहसानुद्दीन अमानुल्लाह की पीठ ने पूछा कि सुप्रीम कोर्ट की सुनवाई से ठीक पहले एक हफ्ते बाद माफी क्यों दाखिल की गई। जस्टिस कोहली ने कहा कि क्या माफी का आकार आपके विज्ञापनों के समान है? बाबा रामदेव और उनके सहयोगी आचार्य बालकृष्ण व्यक्तिगत रूप से अदालत में उपस्थित थे। अदालत ने कहा कि आपके विज्ञापन जैसे रहते थे, इस विज्ञापन का भी वहीं साइज था? कृप्या इन विज्ञापनों की कटिंग लेकर हमें भेजें।

# सोनिया-मनमोहन के समय पाकिस्तान हर दिन हमले करता था

## वोट बैंक की राजनीति के कारण कांग्रेस ने कुछ नहीं किया : अमित शाह

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

**नई दिल्ली,** केंद्रीय गृह मंत्री और भाजपा नेता अमित शाह ने मंगलवार को पिछली कांग्रेस सरकार पर जानबूझकर पाकिस्तान द्वारा किए गए आतंकी हमलों का जवाब नहीं देने का आरोप लगाया। महाराष्ट्र के अकोला में एक रैली को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि दूसरी ओर, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार ने उरी और पुलवामा में आतंकी हमलों के जवाब में सर्जिकल और हवाई हमले किए। अमित शाह ने दावा किया कि कांग्रेस ने अपनी वोट बैंक की राजनीति के कारण पाकिस्तान से उत्पन्न होने वाले आतंकवाद के खिलाफ ठोस कार्रवाई नहीं की। अमित शाह ने कहा कि जब सोनिया-मनमोहन सिंह की सरकार थी तो पाकिस्तान हर रोज हमले करता था। लेकिन वोट बैंक की राजनीति के कारण कांग्रेस ने कुछ नहीं किया। हालांकि, उन्होंने दावा किया कि पीएम नरेंद्र मोदी ने भारत पर हमला करने वाले आतंकवादियों को खत्म कर दिया। उन्होंने कहा कि जब बीजेपी की सरकार बनी और पुलवामा में उरी हमला हुआ तो 10 दिन के अंदर पीएम मोदी ने सर्जिकल और एयर स्ट्राइक कर आतंकियों को खत्म कर दिया. पीएम मोदी ने महाराष्ट्र से नक्सलवाद को खत्म कर दिया। उरी और पुलवामा



आतंकी हमलों का बदला लेने के लिए भारतीय सशस्त्र बलों ने पीएम मोदी के पहले कार्यकाल के दौरान दो बार पाकिस्तान के अंदर आतंकी ठिकानों पर हमला किया।

अमित शाह ने यह भी दावा किया कि कांग्रेस ने अनुच्छेद 370 को एक नाजायज बच्चे की तरह लाड़-प्यार दिया। जम्मू-कश्मीर को विशेष दर्जा देने वाले अनुच्छेद 370 को केंद्र ने 2019 में रद्द कर दिया था। अमित शाह ने कहा कि हमने अपने बहुमत का इस्तेमाल संविधान बदलने के लिए नहीं बल्कि कश्मीर में धारा 370 हटाने के लिए किया। अमित शाह ने कहा कि जब कांग्रेस केंद्र में सत्ता से बाहर हुई तो भारत की अर्थव्यवस्था 11वें स्थान पर थी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश को 5वें स्थान पर पहुंचा दिया।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि कांग्रेस ने 70 साल तक, अनुच्छेद 370 को एक अवैध बच्चे की तरह लाड़-प्यार दिया। मैं शरद पवार से जरूर कुछ पूछना चाहता हूं, क्योंकि उद्धव जी से पूछने का कोई सवाल ही नहीं है, क्योंकि उन्हें अपने बेटे के अलावा कुछ दिखता ही नहीं है। परंतु मैं शरद पवार से पूछना चाहता हूं कि आप 10 साल तक कांग्रेस की केंद्र सरकार में कृषि मंत्रालय संभालते थे। इन 10 साल में सोनिया-मनमोहन की सरकार ने महाराष्ट्र के विकास के लिए कितना पैसा दिया।

## संक्षिप्त समाचार

### तिहाड़ जेल में केजरीवाल का शुगर लेवल पहुंचा 300 पार, दी गई इन्सुलिन

**नई दिल्ली,** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल तिहाड़ जेल में बंद है। शराब घोटाले में जेल में बंद अरविंद केजरीवाल लगातार खुद को बीमार बता रहे है। इस मामले पर विवाद थमता नजर नहीं आ रहा है। इन्सुलिन के मामले पर आम आदमी पार्टी और बीजेपी लगातार आमने सामने आ रही है। दोनों पार्टियां लगातार बयानबाजी करने से पीछे नहीं हट रही है। इसी बीच जानकारी सामने आई है कि तिहाड़ जेल में बंद मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को पहली बार इंसुलिन दी गई है। सोचो के अनुसार जेल में केजरीवाल का शुगर लेवल बार-बार बढ़ रहा है। अरविंद केजरीवाल का शुगर लेवल 320 के स्तर पर पहुंच गया था। इसके बाद उन्हें इंसुलिन दी गई है। अरविंद केजरीवाल शराब घोटाला मामले में तिहाड़ जेल में बंद है। जेल में बंद रहने के बाद यह पहला मौका है जब उन्हें इन्सुलिन दी गई है। वही इंसुलिन न दिए जाने को लेकर आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता लगातार प्रदर्शन कर रहे हैं। पार्टी कार्यकताओं ने हाल ही में तिहाड़ जेल के बाहर जेल प्रशासन के खिलाफ प्रदर्शन किया था। आपने तो उन्हें तिहाड़ जेल के अधिकारियों से केजरीवाल को इंसुलिन उपलब्ध कराने की मांग भी की थी। इस मामले पर आम आदमी पार्टी ने आरोप लगाया था कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को इंसुलिन नहीं दी जा रही है जिस कारण जेल में उनकी धीमी मौत हो रही है। आम आदमी पार्टी नहीं यह भी सवाल उठाया था कि अधिकारी इंसुलिन देने से मना क्यों कर रहे हैं। दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने आम आदमी पार्टी द्वारा लगाया गए आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया था।

# खुद को भगवान राम से भी बड़ा मानती है कांग्रेस : पीएम मोदी

- तुष्टिकरण और वोटबैंक की राजनीति उसके डीएनए में है

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

**नई दिल्ली,** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार (23 अप्रैल) को कांग्रेस पर हमला तेज कर दिया और आरोप लगाया कि पार्टी खुद को भगवान राम से भी बड़ा मानती है और तुष्टिकरण करती है और वोट बैंक की राजनीति पार्टी के डीएनए में है। प्रधान मंत्री की टिप्पणी उनके धन के पुनर्वितरण वाले बयान पर विवाद के रूप में आई, जिससे राजनीतिक विवाद पैदा हो गया और कांग्रेस ने भाजपा की आलोचना की और मामले को भारत के चुनाव आयोग में ले गई। जांजगीर-चांपा में जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ वासियों ने मोदी की हर गारंटी पर मुहर लगाई है।

मोदी ने कहा कि कुछ महीने पहले मैं विधानसभा चुनाव में भाजपा के लिए आपसे आशीर्वाद मांगने आया था। भाजपा के हर साथी को आप सब ने बहुत आशीर्वाद दिया, हमारे सेवा भाव को बहुत मान दिया। इसके लिए मैं आप सबका हृदय से आभार व्यक्त करता हूं। उन्होंने कहा कि अयोध्या के जिस मंदिर की उम्मीद देश छोड़ चुका था। उस उम्मीद को पूरा करने का काम भाजपा ने किया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के लोग हम पर तंज करते थे, हर चुनाव में हमसे पूछा जाता था कि मंदिर कब बनेगा? हमने उन्हें तारीख भी बताई, समय भी बताया, निमंत्रण भी



भेजा, लेकिन उन्होंने प्राण प्रतिष्ठा के कार्यक्रम का निमंत्रण ठुकरा दिया। कांग्रेस खुद को भगवान राम से भी बड़ा मानती है।

नरेंद्र मोदी ने कहा कि धर्म के नाम पर देश को बांटने वाली कांग्रेस आजादी के बाद पहले दिन से तुष्टिकरण में लगी हुई थी। तुष्टिकरण और वोटबैंक की राजनीति कांग्रेस के ऊठअ में है। तुष्टिकरण के लिए कांग्रेस को दलितों, पिछड़ों और आदिवासियों का हक भी छीनना पड़े तो एक सेकंड भी नहीं लगाएगी। जबकि भाजपा सबका साथ, सबका विकास के मंत्र पर चलने वाली पार्टी है। हमारी प्राथमिकता- गरीब, युवा, महिला और किसानों का कल्याण है। उन्होंने कहा कि 2014 से पहले करीब 60 वर्ष तक, कांग्रेस के एक ही परिवार ने सीधा या रिमोट से सरकार चलाई। कांग्रेस कभी नहीं चाहती कि दलित, पिछड़े, आदिवासियों की भागीदारी बढ़े।

मोदी ने कहा कि 2014 में आपने, अपने बीच से आए मोदी को इतनी बड़ी जिम्मेदारी दी। मैं आप सभी के बीच से आया हूं। मैं गरीबी को जी कर आया हूं। जिन मुसीबतों को आपके माता-पिता ने झेला है, उन्हें मैंने भी झेला है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने अब एक और बड़ा खेल शुरू कर दिया है। पहले कर्नाटक से कांग्रेस सांसद ने कहा कि दक्षिण भारत को अलग देश घोषित कर देंगे और अब कांग्रेस के गोवा के उम्मीदवार कह रहे हैं कि गोवा पर देश का संविधान लागू नहीं होता, गोवा पर देश का संविधान थोपा गया। ये भारत का और बाबा साहेब आंबेडकर का अपमान है। उन्होंने कहा कि ये जम्मू-कश्मीर के कुछ लोग भी कहा करते थे कि यहां भारत का संविधान नहीं चलेगा। आपने मोदी को आशीर्वाद दिया और आज जम्मू-कश्मीर में बाबा साहेब का संविधान लागू हो गया।

# मध्य प्रदेश में कार से 1.03 करोड़ रुपये नकदी, चार किलोग्राम चांदी के आभूषण जब्त

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

मंदसौर। मध्य प्रदेश के मंदसौर जिले में पुलिस ने लोकसभा चुनाव के मद्देनजर वाहनों की जांच के दौरान एक कार से 1.03 करोड़ रुपये की नकदी और चार किलोग्राम चांदी के आभूषण जब्त किये हैं। पुलिस के एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि कार में सवार दो पुरुषों और एक महिला को हिरासत में ले लिया गया। उन्होंने बताया कि संसदीय चुनाव के मद्देनजर राज्य में उड़न दस्ता टीमों द्वारा वाहनों की जांच तेज कर दी गयी है। नयी आबादी थाना प्रभारी वरुण तिवारी ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने सोमवार देर रात एक कार को रोका और आगे की दो सीटों के नीचे डिब्बे बनाकर छिपाकर रखी गई नकदी और चांदी के आभूषण बरामद किए। उन्होंने बताया कि दो पुरुषों और एक महिला को हिरासत में लिया गया और उनसे पूछताछ की जा रही है। अधिकारी ने बताया कि जब्ती के बारे में आयकर विभाग को सूचित किया जाएगा। मंदसौर में लोकसभा चुनाव के चौथे चरण के तहत 13 मई को मतदान होगा।

# 'नेताओं के भाषणों में दिख रहे हैं चुनावी नतीजों के रुझान', अखिलेश यादव का भाजपा पर तंज

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



**लखनऊ,** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भाषण के स्पष्ट संदर्भ में, जिसमें उन्होंने कहा था कि कांग्रेस लोगों की संपत्ति का पुनर्वितरण करना चाहती है, समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने मंगलवार को कहा कि चुनाव परिणामों के रुझान भाजपा नेताओं के भाषणों से दिखाई दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि चुनाव के बाद अगर इंडिया ब्लॉक की सरकार बनी तो गरीबों को न केवल वर्तमान में मिल रहा राशन मिलेगा, बल्कि पौष्टिक खाद्य सामग्री भी दी जायेगी।

यादव ने अलीगढ़ और हाथरस के इंडिया ब्लॉक उम्मीदवारों के समर्थन में एक रैली को संबोधित करते हुए कहा, 'हालांकि चुनाव के रुझान बाद में आते हैं लेकिन अब आपने दिल्ली के लोगों (पीएम) और लखनऊ के लोगों (सीएम) का भाषण सुना होगा। चुनाव नतीजों के रुझान उन लोगों के भाषणों में दिख रहे हैं जो सत्ता से बाहर होने वाले हैं।" उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि हाल ही में हुए लोकसभा चुनाव के पहले चरण में बीजेपी की स्थिति खराब हो गई है।"

उन्होंने कहा कि जो बातें आ रही हैं और दूसरों पर थोपी जा रही हैं, वे दरअसल उनके (भाजपा के) मन की बात हैं।' हम उन्हें (भाजपा) बताना चाहते हैं कि अब संविधान के बारे में बात करने का समय आ गया है। हालांकि यादव ने नाम नहीं लिया, लेकिन यह स्पष्ट रूप से राजस्थान के बांसवाड़ा में प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के भाषण का संदर्भ था, जिसमें उन्होंने कांग्रेस के घोषणापत्र की आलोचना की और आरोप लगाया कि वह लोगों की मेहनत की कमाई और कीमती सामान घुसपैठियों को देने की योजना बना रही है जिनके अधिक बच्चे हैं और उन्होंने 2006 में अपने पूर्ववर्ती डॉ. मनमोहन सिंह के भाषण का हवाला देते हुए कहा कि उन्होंने कहा था कि देश के संसाधनों पर पहला दावा मुसलमानों का है।

# सपा नहीं चाहती एससी-एसटी वर्ग के लोगों को आरक्षण का लाभ मिले : मायावती

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

अलीगढ़/मेरठ (उत्तर प्रदेश)। बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने मंगलवार को आरक्षण का मुद्दा उठाते हुए आरोप लगाया कि समाजवादी पार्टी (सपा) नहीं चाहती कि अनुसूचित जाति (एससी)- अनुसूचित जनजाति (एसटी) वर्ग के लोगों को आरक्षण का लाभ मिले। मायावती ने दावा किया कि अगर उनकी पार्टी केंद्र की सत्ता में आयी तो पश्चिमी उत्तर प्रदेश को अलग राज्य बनाया जाएगा। साथ ही उन्होंने मेरठ में इलाहाबाद उच्च न्यायालय की खंडपीठ बनाने का वादा किया।

बसपा प्रमुख ने मंगलवार को मेरठ के लोहिया नगर क्षेत्र के अलीपुर मैदान में पार्टी उम्मीदवार देवव्रत कुमार त्यागी और अलीगढ़ के महेश्वर इंटर कॉलेज



में बसपा उम्मीदवार हितेन्द्र कुमार के समर्थन में अलग-अलग चुनावी जनसभाओं को संबोधित किया। उन्होंने सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) व कांग्रेस पर निशाना साधा और आरक्षण के मुद्दे को लेकर सपा को कठघरे में खड़ा किया। मायावती ने कहा, सरकारी नौकरियों में दलितों, आदिवासियों के लिए आरक्षित पद सालों से भरे नहीं गए हैं।

मायावती ने कहा, उत्तर प्रदेश में जब सपा की सरकार थी तब एससी-एसटी वर्ग के सरकारी कर्मचारियों को पदोन्नति में आरक्षण बिल्कुल खत्म कर दिया गया था। बसपा प्रमुख ने आम मतदाताओं को सपा से सचेत करते हुए कहा क्या एससी-एसटी के कर्मचारी वर्ग ऐसी पार्टी (सपा) को वोट देकर अपना वोट खराब करेंगे, जो आपके आरक्षण को खत्म करने के लिए पूरे जी जान से लगी हुई है। उन्होंने आरोप लगाया, सपा नहीं चाहती है कि एससी-एसटी वर्ग के लोगों को आरक्षण का लाभ मिले। पूर्व मुख्यमंत्री ने सवाल पूछा, जब पदोन्नति में आरक्षण को प्रभावी बनाने के लिए राज्यसभा में बसपा संशोधन विधेयक लेकर आई तो सपा सांसदों ने संसद में इस विधेयक को फाड़ दिया था। आप खुद ही बताइए कि ऐसी समाजवादी पार्टी दलितों शोषितों का क्या भला कर सकती है

बसपा प्रमुख ने केंद्र में सत्ता में आने पर इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ पीठ की तरह मेरठ में भी एक खंडपीठ बनाने का वादा करते हुए कहा कि केंद्र की सरकार इस ओर ध्यान नहीं दे रही है, हमारी पार्टी केंद्र की सत्ता में आयी तो इस दिशा में सकारात्मक कदम उठाएगी। मायावती ने पश्चिमी क्षेत्र को मिलाकर अलग से राज्य बनाने का भी वादा किया। उन्होंने याद दिलाया कि उनकी सरकार ने प्रस्ताव पारित कर केंद्र सरकार के पास भेजा था लेकिन केंद्र सरकार ने उसे अमल में नहीं लाया। मायावती सरकार ने 2011 में उत्तर प्रदेश को विभाजित कर पूर्वांचल, पश्चिमी उत्तर प्रदेश और बुंदेलखंड को अलग राज्य बनाने का प्रस्ताव पारित किया था।

## संक्षेप

### हनुमान जयंती पर बारात घर में सुंदरकाण्ड व विशाल भंडारे का आयोजन

लखनऊ। हनुमान जयंती के अवसर पर मंगलवार को श्रृंगार नगर स्थित बारात घर में संगीतमय सुंदरकांड एवं भव्य भंडारे का आयोजन किया गया।यह आयोजन शुक्ला मेडिकल्स के राम भारत शुक्ला, अमित शुक्ला और सुमित शुक्ला द्वारा किया गया।भंडारे में भाजपा के नगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी, विधान परिषद सदस्य मुकेश शर्मा, पूर्व सदस्य विधान परिषद गुड्डू त्रिपाठी, पूर्व विधायक सुरेश तिवारी, ब्राह्मण सभा के अध्यक्ष शिव शंकर अवस्थी, लखनऊ व्यापार मंडल के अध्यक्ष अमरनाथ मिश्रा, जीवरिष्ठ महामंत्री पवन मनोचा, आलमबाग नटखेरा रोड अध्यक्ष मनीष अरोड़ा, दवा विक्रेता वेलफेयर समिति के अध्यक्ष विनय शुक्ला जी, सलमान, ललित मोहन मिश्रा विनोद भवानी समेत सैकड़ों लोग उपस्थित हुए और हजारों लोगों ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया।

### पार्टी में हर्ष फायरिंग का वीडियो हुआ वायरल

लखनऊ ,शारदा नगर राजनीखंड निवासी भाजपा पार्टी से इब्राह्मपुर प्रथम वार्ड के पार्षद बृजमोहन शर्मा का पार्टी के दौरान हर्ष फायरिंग का वीडियो मंगलवार को सोसल मिडिया पर जमकर वायरल होने लगा ।जिससे लागू आचार संहिता में पार्टी की जमकर किरकिरी हो गई मामले में आशियाना पुलिस ने वीडियो को संज्ञान में लेते हुए जाँच में जुट गई है आशियाना थाना प्रभारी छत्रपाल सिंह ने बताया कि मंगलवार को सोशल मीडिया के माध्यम से उन्हें जानकारी मिली कि रजनीखंड निवासी पार्षद ब्रजमोहन शर्मा जो कि इब्राह्मपुर प्रथम वार्ड के पार्षद हैं।उनका एक पार्टी के दौरान डांस करते समय हर्ष फायरिंग करते हुए वीडियो वायरल हुआ है। वीडियो करीब दो माह पुराना है मामले में जाँच की जा रही है

# 'भक्त हनुमान' की जयंती पर 'श्रीराम' के पक्ष में निकला योगी का रोड शो

- यूपी के मुखिया के रोड शो में उमड़ा जनसमुद्र, बोला मेरठ- 400 पार में हमारा भी योगदान
- मेरठ की सड़कों पर गूंजा- जय श्रीराम, राम जी की सेना चली, जो राम को लाए हैं- हम उनको लाएंगे
- बहुसंख्यकों के साथ अल्पसंख्यक समाज ने भी किया अपने मुखिया का जोरदार अभिनंदन



अमन लेखनी समाचार

**मेरठ :** मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्रीराम के भक्त हनुमान की आज जयंती है। अयोध्या में भगवान श्रीराम को 500 वर्ष बाद अपने भव्य मंदिर में विराजमान कराने में अग्रणी भूमिका निभाने वाले गोरक्षपीठाधीश्वर व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मंगलवार को मेरठ पहुंचे। उन्होंने यहां अपील की कि मेरठ वाले 'श्रीराम' को सदन में पहुंचा दें। उनके इस आह्वान पर मेरठ के मतदाताओं ने 'योगी जी को जयश्रीराम' कहकर विश्वास दिलाया कि 400 पार में हमारा भी योगदान होगा। मंगलवार को मेरठ की सड़कों पर तिल रखने तक की जगह नहीं थी। रोड शो में बहुसंख्यकों के साथ शामिल अल्पसंख्यक समाज ने भी अपने मुखिया का जोरदार अभिनंदन किया।

मेरठ से भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी अरुण गोविल के पक्ष में मंगलवार को योगी आदित्यनाथ ने रोड शो निकाला। लगभग 45 मिनट से अधिक के रोड शो में जहां तक नजर गई, हर तरफ जनसमुद्र ही दिखा। यहां सड़कों पर तिल तक रखने की जगह नहीं थी। हनुमान जयंती पर मंगलवार को निकले योगी आदित्यनाथ के रोड शो ने भीड़ का नया रिकॉर्ड कायम किया। पूरे रास्ते योगी आदित्यनाथ को आश्वासन मिला कि आपने हमें सुरक्षा दी है, हम आपके नेतृत्व में मोदी जी को मेरठ का ताज देंगे।

#### योगी को देख मेरठ में लगे गगनभेदी नारे

योगी आदित्यनाथ को देख जनमानस अभिभूत हो उठा। सभी ने जयश्री राम-जयश्रीराम के गगनभेदी नारे लगाए तो दूसरी तरफ राम जी की सेना चली, जो राम को लाए हैं आदि गीतों से भी पूरा माहौल राममय हो गया। मोदी-योगी जिंदाबाद, भारत माता की जय के नारों ने भी मेरठ की सड़कों पर जोश भर दिया। महिला, बुजुर्ग, पुरुष, युवा, बच्चे योगी की एक झलक पाने को आतुर दिखे। सभी ने योगी आदित्यनाथ के रोड शो के पल-पल की छवि अपने मोबाइल में कैद कर ली।

#### भगवामय हो उठा मेरठ

क्रांतिधरा मेरठ मंगलवार को भगवामय दिखा। यहां हर तरफ भगवा और भाजपा के झंडे दिखते रहे। बच्चे हों या भाजपा समर्थक, भगवामय होकर योगी आदित्यनाथ को अपना समर्थन देने पहुंचे। बहुसंख्यक समाज के साथ अल्पसंख्यक समाज ने भी योगी का जोरदार स्वागत किया। रोड शो में मेरठ से भाजपा उम्मीदवार अरुण गोविल, राज्यसभा सांसद लक्ष्मीकांत वाजपेयी, मेरठ के सांसद राजेंद्र अग्रवाल, भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष सत्येंद्र सिसौदिया आदि मौजूद रहे।

## दक्षिणमुखी बालाजी ट्रस्ट द्वारा विशाल भंडारे का आयोजन



अमन लेखनी समाचार

लखनऊ , आशियाना क्षेत्र के शारदा नगर रूचि खंड दक्षिणमुखी बालाजी मंदिर पर श्रीदक्षिणमुखी बालाजी ट्रस्ट संरक्षक संजय तिवारी एवं अध्यक्ष पं रमेश मिश्रा द्वारा मंगलवार को हनुमान जयंती अवसर पर मंदिर प्रांगण में विधि विधान संग पूजन कर सुन्दरकाण्ड एवं भव्य विशाल भंडारे का आयोजन किया गया इस अवसर पर असंख्य संख्या में क्षेत्रीय लोगो एवं श्रद्धालुओं ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया इस अवसर पर आयोजक द्वारा सॉफ्ट ड्रिंक भी भंडारे में वितरित किया गया आयोजित भंडारे में मुख्य सहयोगियों में राकेश तिवारी, अनुज शुक्ला, अंकुल पांडेय, राकेश गुप्ता सुजीत तिवारी, ब्रहमेश तिवारी आदि लोग सम्मलित रहें

## हनुमान जयंती पर हुआ भंडारे का आयोजन



अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। हनुमान जयंती के अवसर पर श्री दयालू बालाजी सरकार मन्दिर पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें हनुमान भक्तों ने बढ़ चढ़कर प्रसाद ग्रहण किया।

मलिहाबाद क्षेत्र के ग्राम पंचायत भदवाना के ग्राम वाजिदनगर में श्री दयालू बालाजी सरकार मन्दिर बना है।इस मन्दिर पर सोमवार को हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। अगले दिन मंगलवार को यहां के संस्थापक मोहित यादव (टिल्लन) द्वारा विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम उनके द्वारा दर्जनों कन्याओं की पूजा कर उन्हें प्रसाद ग्रहण कराया गया।उन्होंने कहा कि हनुमान चालीसा का पाठ करने से अंतरात्मा को सुकुन मिलता है। इसलिये हमें प्रतिदिन हनुमान चालीसा का पाठ करना चाहिये। संस्थापक मोहित यादव ने कहा कि बुराई के खिलाफ जीत हासिल करने व सुरक्षा प्रदान करने वाली क्षमता वाले देवता के रूप में पूजा जाता है।हनुमान जी को देवता वायु यानी पवन देवता का पुत्र कहा जाता है। सनातन धर्म के अनुसार सूर्य देव को हनुमान जी का गुरु माना जाता है।इस अवसर पर ग्राम प्रधान कालेश्वर प्रसाद सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

## बूथ अध्यक्ष भाजपा की सबसे अहम कड़ी है : अनूप गुप्ता

- भाजपा द्वारा विधानसभा स्तरीय बूथ अध्यक्ष सम्मेलन का किया गया आयोजन



अमन लेखनी समाचार

मोहनलालगंज ।मोहनलालगंज के सत्य शिव रिसार्ट में मगंलवार को विधानसभा स्तरीय बूथ अध्यक्ष सम्मेलन का आयोजन किया गया ।मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश महामंत्री व एमएलसी अनूप गुप्ता ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये मोहनलालगंज लोकसभा के लिए 20 मई को होने वाले मतदान में बूथ और मंडल अध्यक्षों को चुनाव में बूथ जीतने के लिए रणनीतिक सुझाव दिए। उन्होंने कहा कि बूथ अध्यक्ष भाजपा की सबसे अहम कड़ी है। जब बूथ मजबूत होगा तो प्रत्याशी मजबूत होगा, पार्टी मजबूत होगी और सरकार मजबूत बनेगी। कहा कि पिछले 10 वर्षों में भाजपा सरकार ने जितने भी महत्वपूर्ण निर्णय लिए यह सब तभी संभव हुआ जब पार्टी के बूथ अध्यक्षों ने अपने अथक परिश्रम से पार्टी के पक्ष में रिकॉर्ड मतदान करवाकर प्रत्याशी को सदन में भेजा ।उन्होने कहा देश का माहौल मोदीमय है बस हम सबको उस माहौल के वेग को एक एक बूथ पर भाजपा के पक्ष में मोड़ना है ओर रिकार्ड मतो से जीतकर पीएम मोदी के चार सौ पार के नारे को चरितार्थ करना हैं ।लोकसभा प्रत्याशी व मौजूदा सांसद कौशल किशोर ने सम्बोधन में कहा कि राष्ट्रहित में अपने आप को समर्पित कर विकसित भारत में योगदान देने के लिये हर बूथ में शत प्रतिशत मतदान कराने की अपील की ।सम्मेलन में मौजूद बूथ अध्यक्षो समेत सभी कार्यकर्ताओ ने भाजपा प्रत्याशी कौशल किशोर को तीसरी बार भारी मतो से जीताकर एक बार फिर मोदी सरकार बनाने का संकल्प लिया ।इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष विनय प्रताप सिंह, विधायक अमरेश कुमार रावत,वरिष्ठ भाजपा नेता वीरेन्द्र कुमार तिवारी,पूर्व जिलाध्यक्ष श्री कृष्ण लोधी,पूर्व जिलाध्यक्ष गोकरन वर्मा लोकसभा प्रभारी सूर्य नारायण तिवारी,सहप्रभारी बलीराम वर्मा,विधानसभा प्रभारी अरूणेश,लोकसभा संयोजक अरूण सिंह,विधानसभा संयोजक शम्भूनाथ पांडे,भाजपा मीडिया प्रकोष्ठ जिला संयोजक अशोक तिवारी,भाजयुमो जिलाध्यक्ष धीरू पांडे,जिला महामंत्री राज कुमार वर्मा,ब्लाक प्रमुख विनय वर्मा,चेयरमैन निखिल मिश्रा,चेयरमैन प्रतिनिधि अजय पांडे समेत सभी मंडल अध्यक्ष व कार्यकर्ता मौजूद रहें।

## बेखौफ चोरों ने टेलर के घर से लाखों रुपए की नगदी और कीमती बर्तन किया पार



अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर लखनऊ।सरोजनीनगर में सोमवार रात चोरों ने एक टेलर के घर को अपना निशाना बनाकर 1 लाख रुपये की नगदी और कीमती बर्तन व कपड़े चोरी कर लिए।मंगलवार सुबह जानकारी होने पर पीड़ित ने घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल के बाद सीसीटीवी कैमरों के जरिए चोरों का सुराग लगा रही है।सरोजनीनगर के अवध विहार कॉलोनी निवासी मो. आमीन अपने घर में ही सिलाई की दुकान चलाते हैं।सोमवार रात वह परिवार सहित मकान की छत पर सो रहे थे। तभी छत के रास्ते घर के अंदर दाखिल हुए चोरों ने कमरे के अंदर रखे संदूक से 1 लाख रुपये की नगदी, कीमती बर्तन और सिलाई की दुकान से कुछ कपड़े पार कर दिए।मंगलवार सुबह जानकारी होने पर मो. आमीन ने इसकी सूचना सरोजनीनगर पुलिस को दी।सूचना पाकर पहुंची पुलिस घटनास्थल की जाँच पड़ताल के बाद सीसीटीवी कैमरों के जरिए चोरों की तलाश कर रही है।

## दलित किशोरी छात्रा संग दुष्कर्म मामले में मुकदमा दर्ज

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ , आशियाना थाना क्षेत्र में रहने वाली एक दलित नाबालिक छात्रा ने सोसल मिडिया पर दोस्ती के बाद बहला फुसला कर अपने साथ दुष्कर्म का आरोप लगा आपबीती परिजनों को बताई पिता की शिकायत पर आशियाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है आशियाना थाना प्रभारी छत्रपाल सिंह ने बताया कि थाना क्षेत्र में रहने वाली एक दलित किशोरी की दोस्ती एक वर्ष पूर्व इंस्टाग्राम के माध्यम से आदिल खान नामक युवक से हो गया था आदिल ने किशोरी को अपनी प्रेमजाल में फंसा मुलाकात के लिए दबाव बनाने लगा आरोपी के झांसे में आई किशोरी सोमवार सुबह आरोपित से बंगला बाजार पुल के पास मुलाकात की तो आरोपित किशोरी को बहला फुसलाकर अपनी गाड़ी में बैठा लिया जिसमे उसके अन्य साथी भी थे और दूसरे किसी अन्य स्थान पर लेजाकर किशोरी के साथ दुष्कर्म कर डाला और बदहवासी अवस्था में किशोरी को वापस उसी स्थान पर छोड़ गया किसी तरह अपने घर पहुंची किशोरी अपने परिजनों को आपबीती बताई जिसके पश्चात किशोरी संग स्थानीय आशियाना थाना पहुंचे पिता ने आरोपित युवक और उसके साथियो के खिलाफ शिकायत लिखित शिकायत की है पिता की शिकायत पर आशियाना पुलिस ने दुष्कर्म पाक्सो की धारा में मुकदमा दर्ज कर लिया है

## जालसाजों ने टास्क पूरा कराने के नाम पर खाताधारक को लगाया हजारो का चूना

लखनऊ , कृष्णा नगर थाना क्षेत्र में एक खाताधारक को जालसाजों ने टास्क पूरा करने के नाम पर हजारो रुपए ऑनलाइन निवेश करा रुपए हड़प लिए अपने संग ठगी का एहसास होने पर पीड़ित ने साइबर सेल समेत स्थानीय थाने पर शिकायत की है शिकायत पर पुलिस मुकदमा दर्ज कर जाँच में जुटी है कृष्णा नगर कोतवाली प्रभारी संजय सिंह ने बताया कि थाना क्षेत्र के न्यू इंद्रपुरी निवासी गौरव कुशवाहा पुत्र भगवान सिंह कुशवाहा के मुताबिक उनका बैंक खाता पीएनबी बैंक में है कुछ दिन पूर्व उन्होंने सोसल मिडिया अधिक कमाई के लालच में आकर धोखाधड़ी का शिकार होते रहे टास्क पूरा करने के लिए यूपीआई माध्यम से कई बार में कुल 86 हजार रुपए उन्होंने निवेश कर दिए लेकिन न ही उनका मूल पैसा मिला और न ही मुनाफे का पैसा मिला जिसपर पीड़ित खाताधारक ने साइबर सेल में शिकायत दर्ज करा स्थानीय कृष्णा नगर थाने पर शिकायत की है पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर धोखाधड़ी व अमानत में ख्यानत की धारा में मुकदमा दर्ज कर लिया है

## सरकार की योजनाओं को जनता तक पहुंचाने का काम किया : स्वतंत्र देव सिंह

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ, प्रयागराज की फूलपुर लोकसभा सीट पर मंगलवार को बीजेपी सोशल मीडिया वॉलिंटियर्स सम्मेलन आयोजित किया गया। सम्मेलन में शिरकत करने पहुंचे योगी सरकार के कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने कहा है कि बीजेपी सोशल मीडिया वॉलिंटियर्स का एक मजबूत संगठन है।सोशल मीडिया वॉलिंटियर्स के माध्यम से केंद्र और राज्य सरकार की लोक कल्याणकारी योजनाओं को जनता तक पहुंचा जा रहा है।इस टीम के जरिए विपक्षी दलों के दुष्प्रचार का जवाब भी दिया जाता है।उन्होंने कहा कि 2017, 2019 और 2022 के चुनावों में सोशल मीडिया वॉलिंटियर्स की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। इसके साथ ही 2024 के लोकसभा चुनाव में भी सोशल मीडिया वॉलिंटियर्स की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण है।

कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह के मुताबिक वॉलिंटियर्स ने 24 घंटे कठिन परिश्रम से केंद्र और प्रदेश सरकार की योजनाओं को जनता तक पहुंचाने का काम किया है। उन्होंने कहा है की 2014 के पहले देश की स्थिति आपने देखी थी बम और गोले फटते थे। चाहे ताज होटल हो, संसद हो या फिर मंदिर ही क्यों ना हो। श्रीनगर में भी सेना के ऊपर पत्थर बाजी होती थी। गरीबों का अपना पक्का मकान नहीं होता था। आज देश में करोड़ों गरीबों का पक्का मकान है, शौचालय है, रसोई गैस का कनेक्शन है 5 लाख का आयुष्मान का कार्ड है और घर-घर नल से जल की सुविधा मिल रही है। उन्होंने कहा है कि आज देश में भी ना कहीं पर बम फटता है। स्वतंत्र देव सिंह ने कहा है कि यूपी में सीएम योगी के नेतृत्व में जो सरकार चल रही है उसमें कानून का राज है। पूर्ववर्ती सरकारों में बिजली नहीं आती थी। शाम को लोग घरों से निकल नहीं पाते थे। बेटियां घरों से निकालने में डरती थी।

## उत्तर प्रदेश में कानून व्यवस्था बनाए रखने संबंधी भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों का किया जा रहा कड़ाई से अनुपालन

- सघन जॉच के लिए 480 अंतर्राज्यीय चेक पोस्ट तथा 1836 चेक पोस्ट राज्य के भीतर संचालित
- अपराधिक व्यक्तियों के 495 लाइसेंसी शस्त्र जब्त किये गये,
- 4304 लाइसेंसी शस्त्र निरस्त कर जमा कराये गये
- सीआरपीसी के तहत निरोधात्मक कार्यवाही में 20,24,188 लोग पाबन्द किये गये
- पुलिस विभाग द्वारा 7545 बिना लाइसेंसी शस्त्र, 7582 कारतूस,

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ, प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी श्री नवदीप रिणवा ने बताया कि उत्तर प्रदेश में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन किया जा रहा है। 16 मार्च, 2024 को लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 की निर्वाचन तिथियों की घोषणा के साथ ही प्रदेश में स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण, भयमुक्त, प्रलोभनमुक्त, समावेशी व सुरक्षित मतदान कराने के लिए पूरे प्रदेश में आदर्श आचार संहिता प्रभावी है।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुपालन में पुलिस, आयकर, आबकारी, नार्कोटिक्स एवं अन्य विभागों द्वारा कार्यवाही की जा रही है। सघन जॉच के लिए 480 अंतर्राज्यीय चेक पोस्ट तथा 1836 चेक पोस्ट राज्य के भीतर संचालित हैं। 16 मार्च से 22 अप्रैल, 2024 तक पुलिस विभाग द्वारा अपराधिक व्यक्तियों के 495 लाइसेंसी शस्त्र जब्त किये गये। 4304 लाइसेंसी शस्त्रों के लाइसेंस निरस्त कर जमा कराये गये। इसी प्रकार शांति भंग की आशंका में सीआरपीसी के तहत निरोधात्मक कार्यवाही करते हुए 25,09,629 लोगों को पाबन्द किये जाने हेतु नोटिस प्रेषित किये गये है, जिनमें से 20,24,188 लोगों को पाबन्द किया जा चुका है। इसके अतिरिक्त पुलिस विभाग द्वारा 7545 बिना लाइसेंसी शस्त्र, 7582 कारतूस, 2900.32 किलोग्राम विस्फोटक व 411 बम बरामद कर सीज किये गये।पुलिस द्वारा अवैध शस्त्र बनाने वाले 3057 केन्द्रों पर रेड डाली गयी और 148 केन्द्रों को सीज किया गया। 22 अप्रैल, 2024 को पुलिस विभाग द्वारा अपराधिक व्यक्तियों के 05 लाइसेंसी शस्त्र का लाइसेंस निरस्त कर जमा कराया गया। सीआरपीसी के तहत निरोधात्मक कार्यवाही करते हुए 35,356 लोगों को पाबन्द किया गया। साथ ही 148 बिना लाइसेंसी शस्त्र, 111 कारतूस व 13 बम बरामद कर सीज किये गये। पुलिस द्वारा अवैध शस्त्र बनाने वाले 92 केन्द्रों पर रेड डाली गयी और 03 केन्द्रों को सीज किया गया।

# लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के चतुर्थ चरण की 13 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों के लिए अब तक 80 प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र भरा

- 23 अप्रैल को चतुर्थ चरण में 35 प्रत्याशियों ने नामांकन किया
- 23 अप्रैल को ददरौल विधानसभा उप निर्वाचन के लिए
- 01 प्रत्याशी ने नामांकन किया
- शाहजहॉपुर में 03, धौरहरा में 03, सीतापुर में 05, हरदोई में 02, मिश्रिख में 01, उन्नाव में 03, फरूर्खाबाद में 03, इटावा में 03, कन्नौज में 03, कानपुर में 06, अकबरपुर में 02, बहराइच में 01 प्रत्याशी ने नामांकन किया

अमन लेखनी समाचार

**लखनऊ,** प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी श्री नवदीप रिणवा ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 16 मार्च, 2024 को लोकसभा निर्वाचन की तिथियों की घोषणा के साथ ही प्रदेश में स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण, भयमुक्त, प्रलोभनमुक्त, समावेशी व सुरक्षित मतदान कराने की प्रक्रिया शुरू हो गयी है। लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के चतुर्थ चरण में 13 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों तथा 136-ददरौल विधानसभा उप निर्वाचन-2024 के लिए 18 अप्रैल को निर्वाचन की अधिसूचना जारी होने के साथ ही लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों के लिए अब तक 80 प्रत्याशियों द्वारा नामांकन पत्र दाखिल किये गये। 23 अप्रैल को 35 प्रत्याशियों ने नामांकन किया। इसके पहले 45 प्रत्याशियों ने नामांकन किया था। 136-ददरौल विधानसभा उप निर्वाचन-2024 के लिए 23 अप्रैल को 01 प्रत्याशी ने नामांकन किया। इसके पहले ददरौल विधानसभा के लिए 02 प्रत्याशियों ने नामांकन किया था।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि 23 अप्रैल को चतुर्थ चरण की 13 लोकसभा सीटों के लिए जिन प्रत्याशियों द्वारा नामांकन पत्र भरा गया, उसमें-

27-शाहजहॉपुर (अ0जा0) लोकसभा सीट के लिए 03 प्रत्याशियों ने नामांकन किया, उसमें भारतीय जनता पार्टी से अरुण कुमार सागर, निर्दलीय प्रत्याशियों में रामपाल शास्त्री, धरम पाल द्वारा नामांकन पत्र भरा गया।

28-खीरी लोकसभा सीट के लिए अब तक 04 प्रत्याशियों ने नामांकन किया। आज नामांकन शून्य रहा।

29-धौरहरा लोकसभा सीट के लिए 03 प्रत्याशियों ने नामांकन किया, उसमें भारतीय जनता पार्टी से रेखा वर्मा, समाजवादी पार्टी से आनन्द भदौरिया, आम जनता पार्टी (इंडिया) से आशुतोष पाठक द्वारा नामांकन पत्र भरा गया।

30-सीतापुर लोकसभा सीट के लिए 05 प्रत्याशियों ने नामांकन किया, उसमें बहुजन समाज पार्टी से महेन्द्र सिंह, लोहिया जनता दल से अशोक कुमार तिवारी, राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी से चन्द्रशेखर, निर्दलीय प्रत्याशियों में रियाजुद्दीन, सीमा द्वारा नामांकन पत्र भरा गया।

31-हरदोई (अ0जा0) लोकसभा सीट के लिए 02 प्रत्याशियों ने नामांकन किया, उसमें भारतीय कृषक दल से प्रदीप कुमार, निर्दलीय प्रत्याशी में प्रफुल्ल कुमार वर्मा द्वारा नामांकन पत्र भरा गया।

32-मिश्रिख (अ0जा0) लोकसभा सीट के लिए 01 प्रत्याशी भारतीय शक्ति चेतना पार्टी से ललित कुमार ने नामांकन किया।

33-उन्नाव लोकसभा सीट के लिए 03 प्रत्याशियों ने नामांकन किया, उसमें समाजवादी पार्टी से अन्नू टंडन, बहुजन समाज पार्टी से अशोक कुमार, निर्दलीय प्रत्याशी में सैय्यद सरफराज गांधी द्वारा नामांकन पत्र भरा गया।

40-फरूर्खाबाद लोकसभा सीट के लिए 03 प्रत्याशियों ने नामांकन किया, उसमें भारतीय जनता पार्टी से मुकेश राजपूत, भारतीय नागरिक पार्टी से श्यामवीर सिंह, भारतीय शक्ति चेतना पार्टी से दिनेश द्वारा नामांकन पत्र भरा गया।

41-इटावा (अ0जा0) लोकसभा सीट के लिए 03 प्रत्याशियों ने नामांकन किया, उसमें जनता समाजवादी पार्टी (विवेक राज) से विवेक राज, निर्दलीय प्रत्याशियों में मुलायम सिंह, सुनील द्वारा नामांकन पत्र भरा गया।

42-कन्नौज लोकसभा सीट के लिए 03 प्रत्याशियों ने नामांकन किया, उसमें भारतीय जनता पार्टी से सुब्रत, राष्ट्रीय क्रांति पार्टी से ललित कुमारी, निर्दलीय प्रत्याशी में यादवेन्द्र किशोर द्वारा नामांकन पत्र भरा गया।

43-कानपुर लोकसभा सीट के लिए 06 प्रत्याशियों ने नामांकन किया, उसमें बहुजन समाज पार्टी से कुलदीप भदौरिया, सरदार पटेल सिद्धांत पार्टी से पंकज पटेल, राष्ट्रीय समाज पक्ष से संजय कुमार त्रिवेदी, बहुजन मुक्ति पार्टी से मनोज कुमार, आल इंडिया फारवर्ड ब्लॉक से प्रशस्त धीर, निर्दलीय प्रत्याशी में अजय कुमार मिश्रा द्वारा नामांकन पत्र भरा गया।

44-अकबरपुर लोकसभा सीट के लिए 02 प्रत्याशियों ने नामांकन किया, उसमें बहुजन समाज पार्टी से राजेश कुमार द्विवेदी, समाजवादी पार्टी से राजाराम पाल द्वारा नामांकन पत्र भरा गया।

56-बहराइच लोकसभा सीट के लिए 01 प्रत्याशी भारतीय जनता पार्टी से आनन्द कुमार ने नामांकन किया।

136-ददरौल विधानसभा उप निर्वाचन-2024 के लिए 01 प्रत्याशी भारतीय जनता पार्टी से अरविन्द कुमार सिंह ने नामांकन किया।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा चुनाव के निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार प्रदेश में लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के चतुर्थ चरण की 13 लोकसभा सीटों तथा 136-ददरौल विधानसभा उप निर्वाचन-2024 के लिए नामांकन भरने की अंतिम तिथि 25 अप्रैल, 2024 (बृहस्पतिवार) निर्धारित है।

## संक्षेप

### धुंधकारी व गोकरण की कथा सुन श्रोता हुए भाव विभोर

पुरवा, उन्नाव। क्षेत्र के ग्राम त्रिपुरारिपुर में भागवत कथा के प्रथम दिन कथा वाचक की धुंधकारी व गोकर्ण की कथा सुन श्रोता भावविभोर हो गये। ग्राम त्रिपुरारिपुर स्थित ठाकुरद्वारा में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के प्रथम दिवस पर पूज्य पं गोपाल शास्त्री जी महाराज ने धुंधकारी की कथा सुनाई।जिसमें आत्मदेव की पत्नी को कोई संतान नहीं हो रही थी।जिससे पति की निराशा को अपनी बहन से बताया।बहन ने उसकी मदद का वादा करके एक धुंधकारी नामक पुत्र को जन्म दिया।और गाय की कोख से जन्में दूसरे पुत्र को जन्मा।जिसका सारा शरीर पुरुषों जैसा और कान गाय जैसे होने से उसका नाम गोकर्ण रखा गया।हर मनुष्य के शरीर में 10 इंद्रियों में पांच कर्म इंद्रियां एवं पांच ज्ञान इंद्रियां होती हैं। कर्म इंद्रियों के चक्कर में धुंधकारी फंस गया और पांच ज्ञानेंद्रियों के चक्कर में गोकर्ण पढ़ लिख कर ज्ञानी पुरुष बन गया।वहीं धुंधकारी के जुआं खेलने एवं अवैध कार्य करने के चलते कुछ समय बाद धुंधकारी की वेश्याओं ने हत्या कर दी। कथा का प्रसंग सुनते ही ग्रामीण भक्ति रस में डूब गए। भागवत कथा के मौके पर मुख्य यजमान संजय त्रिपाठी, बेचेलाल लोधी, कमलाकांत, रामलाल, संदीप, राजू, अतुल, पीयूष पटेल, सीमा, नीतू, सुनीता, वैष्णवी व आरती सहित एक सैकड़ा ग्रामीण मौजूद रहे।

### किराया मांगने पर दबंगो ने बस चालक को जमकर पीटा

सफीपुर, उन्नाव। किराया मांगने पर युवक ने मिनी बस चालक को जमकर पीटा पीड़ित ने पुलिस को तहरीर दी वही पीड़ित ने आरोप लगाया कि उसके पास पड़ी 40 हजार की नगदी भी छीन ले गए पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही हैकोतवाली क्षेत्र के अजय कुमार कुशवाहा पुत्र जसकरन ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वो अपनी मिनी बस लेकर उन्नाव से बांगरमऊ की ओर जा रहा था कोतवाली क्षेत्र के बहमना चौराहे पर उसकी बस रोककर बह्मना निवासी कपिलेश पुत्र सत्य नारायण अवस्थी अपने 6 साथियों के साथ मिलकर मारपीट करने लगा और उसके पास 40 हजार रुपए की नगदी भी छीन ले गए पीड़ित ने बताया कि परिचालक ने युवक से किराया मांगा था जिसका विवाद हुआ था प्रभारी निरीक्षक श्याम नारायण सिंह ने बताया कि मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।

### धूमधाम से मनाया गया हनुमान जयंती महोत्सव

बांगरमऊ, उन्नाव।प्रत्येक चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा तिथि को हनुमान जयंती का महोत्सव बड़े ही धूम धाम से मनाया जाता है।इस साल हनुमान जयंती 23 अप्रैल यानी आज मनाया गया। हनुमान जयंती महोत्सव के अवसर पर ज्योतिष आचार्य रघुनाथ प्रसाद शास्त्री अपने सहयोगी ललित कुमार के साथ हनुमान जी की पूजा आराधना करने के पश्चात जनपद उन्नाव के फतेहपुर चौरासी क्षेत्र में स्थित कठिघरा ग्राम पंचायत में आवासीय कस्तूरबा गांधी विद्यालय में पहुंच कर छात्राओं में नोट बुक और पेन का वितरण किया।नोट बुक और पेन पाकर विद्यालय की छात्राओ के चेहरे खिल उठे। विद्यालय की वार्डन सुधा गुप्ता व सभी शिक्षिकाओं ने उन्हें धन्यवाद दिया और उनके उज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि इस तरह के बहुत कम लोग होते हैं जो किसी विद्यालय के छात्रों के लिए कुछ करने के लिए सोचते हैं।

# बूथ अध्यक्ष सम्मेलन में पहुंचे परिवहन मंत्री

अमन लेखनी समाचार



बांगरमऊ, उन्नाव। भारतीय जनता पार्टी द्वारा विधानसभा स्थित यशोदा कुंज लॉन में बूथ अध्यक्ष सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसमें बतौर मुख्य अतिथि परिवहन मंत्री उत्तर प्रदेश दयाशंकर सिंह सम्मिलित हुए।

अपने उद्बोधन में उन्होंने बताया की मोदी जी ने पिछले 10 वर्षो में अपनी नीतियों और जनहितकारी योजनाओं के माध्यम से भारत के प्रत्येक नागरिक को लाभ पहुँचाने का काम किया है विपक्षी दलों ने अपने कार्यकाल में जहाँ हर समय भ्रष्टाचार की पराकाष्ठा को पार कर देश को खोखला करने का काम किया वहीं मोदी जी ने दिन रात अथक परिश्रम करके ईमानदारी की नई मिसाल पेश की आज देश का कोई नागरिक ऐसा नहीं है जिसे मोदी जी की किसी न किसी योजना का लाभ न मिला हो समाज के हर वर्ग, जाति, सम्प्रदाय के लोगों को बिना पक्षपात के भाजपा ने अपनी योजनाओं से लाभान्वित करने का काम किया है। 2024 का लोकसभा चुनाव भारत को समृद्ध और विकसित बनाने के लिए लड़ा जा रहा है अपने अमूल्य मतों से मोदी जी के हाथों को मजबूत करने का काम कीजिए मोदी जी देश को विकास के नए आयाम पर पहुँचाने हेतु सतत प्रयत्नशील हैं।

भाजपा लोकसभा प्रत्याशी सचिदानंद हरि साक्षी महाराज ने अपने वक्तव्य में बताया कि राम मंदिर आंदोलन में कारसेवकों पर जो अत्याचार किया गया निहत्थे राम भक्तों पर जो गोलियाँ चलाई गईं उसकी पीड़ा आज भी उनके हृदय को झकझोर देती है भगवान राम का मंदिर, धारा 370, समान नागरिक अचार संहिता, पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर की वापसी जैसे मुद्दों की वजह से ही वह राजनीति में आए थे मोदी जी के आने के बाद जनता से किये हुए कई वादों को पूरा करने का ऐतिहासिक काम भाजपा ने किया अपने अथक परिश्रम से जनता को समृद्धि पूर्ण जीवन देना ही मोदी का संकल्प है अगले 5 वर्षों में जन जन के सामाजिक, आर्थिक स्तर को सुधार उन्हें विकास की मुख्य धारा से जोड़ना ही मोदी की गारेंटी है जिसपर जनता को पूर्ण विश्वास है।

आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा को अभूतपूर्व विजय दिला देश में पुनः एक राष्ट्रवादी सरकार बनाइए मोदी जी देश को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए दृढ़ संकल्पित हैं कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष भाजपा अवधेश कटियार , जिला पंचायत अध्यक्षा शकुन सिंह, सदस्य विधान परिषद राम चन्द्र प्रधान, विधायक बांगरमऊ श्रीकांत कटियार, लोकसभा चुनाव संयोजक भगवती रावत, सह संयोजक अरुण सिंह , विधानसभा प्रभारी के. के. वर्मा, जिला महामंत्री बिपिन मिश्रा , मण्डल प्रभारी मनोज गुप्ता, भाजपा नेता शशांक शेखर सिंह 'सनी', ब्लॉक प्रमुख गण, नगर पंचायत अध्यक्ष गण, बीडीसी, प्रधान, वरिष्ठ भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# विद्युत ट्रांसफार्मर की सार्ट सर्किट से लगी आग लाखो की गृहस्थी जलकर राख

अमन लेखनी समाचार



हसनगंज, उन्नाव।ट्रांसफार्मर की सार्क सर्किट से निकली चिंगारी से पांच घरों में आग लग गई जब तक ग्रामीण व फायर ब्रिगेड के कर्मचारी आग पर काबू पाते तब तक 73 कुंतल गेहूं सहित दस हजार की नकदी व कपड़े बिस्तर ,चारपाई जलकर राख हो गई।ग्राम प्रधान की सूचना पर मौके पर तहसीलदार व लेखपाल ने जॉच कीरहमली नगर गांव में मंगलवार दोपहर एक बजे ट्रांसफार्मर की सार्क सर्किट से अचानक चिंगारी निकलने लगी देखते ही देखते पड़ोस के घर हरिशंकर पुत्र बेटा ,पंकज पुत्र अमरपाल ,मेवा लाल पुत्र भोला, खूब चंद्र पुत्र श्यामलाल, सर्वेश पुत्र बुद्धि लाल के घरों में रखे छप्पर में आग लग गई।देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया।फायर ब्रिगेड के कर्मचारी व ग्रामीणों ने बाल्टी में पानी भरकर किसी तरह आग पर काबू पाते तब तक अलग अलग घरों में रखा 73 कुंतल गेहूं, हरी शंकर के घर में रखे दस हजार की नगदी सहित कपड़े, बिस्तर ,चारपाई, मोटरसाइकिल ,जलकर राख हो गई। साथ ही छप्पर के नीची बंधी दो गाय झुलस गई ।ग्राम प्रधान विपिन द्विवेदी की सूचना पर तहसीलदार विराग करवरिया व लेखपाल ने पहुंचकर जांच की तहसीलदार विराग करवरिया ने बताया कि जांच की गई है। रिपोर्ट तैयार कर मुआवजा के लिए जिलाधिकारी को भेजी जाएगी।

# दो बाइकों की आपसी भिड़ंत में तीन की मौत, दो की हालत गंभीर

अमन लेखनी समाचार

हसनगंज, उन्नाव। पंचकरिया बाबा का मेला देखकर अकबरपुर गांव बाइक से घूमने गए पांच दोस्तो की दोनो बाइको की आपस में भिड़ंत हो गयी जिसमे पांचो दोस्त गंभीर घायल हो गए जिसमे तीन की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। दो की हालत गंभीर बनी हुई हैं।लखनऊ बागरमऊ मार्ग सैरपुर गांव निवासी विमलेश 20, सचिन 19 वर्ष ,अपने तीन दोस्त हसनापुर गांव निवासी हर्षवर्धन 20, विकास 22, बुद्धेश्वर लखनऊ निवासी राजकुमार 23 वर्ष के साथ सैरपुर गांव में पंचकरिया बाबा मंदिर में लगा मेला देखकर सोमवार देर रात पौने ग्यारह बजे क्षेत्र के अकबरपुर गांव बाइक से घूमने गए थे। तभी गांव वापस आते समय दोनों बाइक की आपस में भिड़ंत हो गयी जिससे दोनो बाइक पर सवार 5 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जिसे देख राहगीरों ने पुलिस को सूचना दी। जब तक पुलिस मौके पर पहुंची तब तक सैर पुर गांव निवासी विमलेश, बुद्धेश्वर लखनऊ निवासी राजकुमार , व हसनापुर निवासी हर्षवर्धन की घटना स्थल पर ही मौत हो गई पुलिस ने दो घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया जहा दोनो की हालत गंभीर बनी हुई है। मौत की सूचना मिलने पर तीनो परिवारों में मातम छा गया। घटना होने के बाद बचाव में राहगीरों का जमावड़ा लगने से लखनऊ बागरमऊ मार्ग पर दोनो छोर एक किलो मीटर जाम की स्थित बन गई। प्रभारी निरीक्षक चंद्र कांत मिश्रा ने बताया कि हादसे में तीन की मौके पर मौत हुई है। दो घायल हैं जिन्हें सीएचसी ले जाया गया था। जहाँ से हालत गंभीर देख घायलों को ट्रामा सेंटर रेफर किया गया है।

# सीएचसी अधीक्षक को सपा पार्टी का स्टेटस डालना पड़ा महंगा, डीएम ने बैठाई जांच

अमन लेखनी समाचार

फतेहपुर चौरासी, उन्नाव। बीते 18नवंबर को सीएचसी फतेहपुर चौरासी के चिकित्सा अधीक्षक समाजवादी पार्टी का चुनाव प्रचार करते हुए प्रथम चरण के चुनाव में जीत दिलाने की अपील करते हुए नजर आए थे। उन्होंने बीते 18अप्रैल को अपने व्हाट्सएप स्टेटस में समाजवादी पार्टी का पोस्टर लगाकर सपा को जिताने की अपील की थी। जिसका वीडियो बनाकर किसी ने जरिए इंटरनेट सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। जिसका संज्ञान लेकर डीएम ने जांच बैठाई है। जांच टीम को एक सप्ताह के भीतर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। जानकारी हो कि बीते 18अप्रैल दिन गुरुवार फतेहपुर चौरासी स्थित अमर शहीद गुलाब सिंह लोधी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक डॉ0 नरेंद्र सिंह ने समाजवादी मोह दिखाते हुए अपने व्हाट्सएप स्टेटस से समाजवादी पार्टी का पोस्टर लगाकर प्रथम चरण के चुनाव ने पार्टी के पक्ष में वोट कर जिताने की अपील करते नजर आए थे। जिसका किसी व्यक्ति ने उनके स्टेटस का वीडियो बनाकर जरिए इंटरनेट सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। हालांकि समाचार पत्र वायरल विडियो की पुष्टि नहीं करता है। लिहाजा वायरल स्टेट्स के सपा प्रेमी अधीक्षक की मुश्किलें बढ़ती नजर आ रही हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी/डीएम गौरांग राठी ने मामले में जांच बैठाई है और जांच टीम को एक सप्ताह के भीतर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए है। सीएचसी अधीक्षक के इस कृत्य के बाद अपनी पसंदीदा पार्टियों को सपोर्ट करने वाले क्षेत्रीय लोगों में खासा रोष व्याप्त है। इतना ही नहीं सीएचसी अधीक्षक के इस कारनामे की क्षेत्रीय विधायक श्रीकांत कटियार ने भी निंदा की है। वहीं दूसरी ओर चिकित्सा अधीक्षक ने थाने में प्रार्थना पर देकर आरोप लगाया था कि उनकी फेसबुक आई डी को किसी शरारती तत्व ने हैक करके उन्हें बदनाम करने की नीयत से ऐसा कृत किया है। डीएम गौरांग राठी ने बताया की मामले की जांच कराई जा रही है। जांच रिपोर्ट प्राप्त होते ही संबंधित पर कार्यवाही की जाएगी।

# आग से दो घरों की गृहस्थी समेत गेंहू की फसल जलकर राख

अमन लेखनी समाचार

फतेहपुर चौरासी, उन्नाव। स्थानीय क्षेत्र के गाँव दोस्त पुर शिवली में अज्ञात कारणों से लगी आग से दो फूस के बंगलो की गृहस्थी जलकर राख हो गई इसके साथ ही आग बबूल के जंगल में फैल गई जिससे सैकड़ों पेड़ जलकर राख हो गए। सूचना पर पहुँची दमकल गाड़ी ने ग्रामीणों के सहयोग से आग पर काबू पाया। राजस्व कर्मी ने पहुंचकर नुकसान का आंकलन कर रिपोर्ट शासन को भेजने की बात कही है। गाँव के बाहरी भाग में बबूल का जंगल है जिसमें अज्ञात कारणों से आग लग गई। जब तक ग्रामीण आग बुझाते तबतक आग फैलती हुई घरों की ओर बढ़ गई जिससे जन्नत अली और मोवीन अली के पड़े बंगले जलकर राख हो गए। इनमें रखे कपड़े, नकदी, जेवर, अनाज बर्तन आदि भी जल गए। ग्रामीणों ने फायर ब्रिगेड को सूचना दी जिसपर दमकल गाड़ी ने पहुंचकर आग पर काबू पाया।वहीं गाँव मनिका पुर में खेतों में लगी आग से गोपाली के पचास गेहूँ के बोझ व राजनरायण के लगभग आधा बीघा में खड़ी गेहूँ की फसल जल गई। ग्रामीणों ने स्थानीय संसाधनों से आग बुझा ली।



# पवनसुत के जन्मोत्सव पर भंडारे का किया आयोजन

अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर, उन्नाव। तहसील बीघापुर के ग्राम बारा सगवर स्थित सिद्ध पीठ हनुमान मंदिर में हनुमान जन्मोत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया गया। आयोजनकर्ता जय बाबा युवा कमेटी ने बताया अबकी बार हनुमान जी का आठवां भव्य श्रृंगार मनाया गया है जिसमे हनुमान जी का श्रृंगार के साथ भंडारे का भी आयोजन किया गया। इस हनुमान मंदिर से क्षेत्र के लोगो की आस्था जुड़ी है जिसके कारण मंगलवार को दूर-दूर से आए हुए भक्तों ने एवं क्षेत्र वासियों ने भंडारे का दिव्य प्रसाद ग्रहण किया एवं बाबा महावीर के श्रृंगार में भी सहयोग प्रदान किया। प्रसाद वितरण शुबह 9 बजे से शुरू होकर रात्रि तक चलता रहा। मंगलवार की रात्रि में अंकुश बाके बिहारी पार्टी कानपुर द्वारा भव्य जागरण आयोजित किया गया जिसमें भक्तों ने बीर बाबा की जयकार से सभा गुंजायमान कर दिया। कार्यक्रम आयोजक जय बाबा युवा कमेटी के कार्यकर्ता में अमित पांडेय,रोहित तिवारी ,मनोज ,मोहित,प्रभात,रामनरेश सोनू पंडित,शैलेन्द्र ,टिंकू सहित दर्जनों कार्यकर्ता व ग्राम वासी पूरे तन मन धन से भक्तों की सेवा में लगे रहे।

# सास ने अपने दामाद सहित अन्य पर छेड़खानी का दर्ज कराया मुकदमा

अमन लेखनी समाचार

बीघापुर, उन्नाव। युवक अपने साथियों सहित ससुराल में अपनी सास के साथ गंदी नियत के साथ शरीर के अंगों के साथ छेड़खानी किए जाने को लेकर महिला ने अपने ही दामाद व अन्य पर मुकदमा दर्ज कराया थाना बिहार के अंतर्गत कस्बा भगवंत नगर निवासिनी महिला ने थाने में प्रार्थना पत्र देकर कहा कि मैंने अपनी पुत्री का विवाह हिंदू रीति रिवाज के अनुसार क्रिकेट टाल लोहार बाग कोतवाली व जिला सीतापुर में शैलेंद्र सिंह पुत्र गिरधारी सिंह के साथ ऐक वर्ष पूर्व किया है विवाद को लेकर न्यायालय में मुकदमा विचाराधीन है मेरा दामाद शैलेंद्र सिंह व दामाद का भाई वीरेंद्र सिंह उर्फ पेंटर व ननद बबली मेरे घर पुत्री को ले जाने के लिए आए जब पुत्री जानें से मना कर दिया तब यह लोग मेरे साथ गंदी नियत के साथ मेरे अंगों के साथ छेड़खानी मार पीट करने लगें दिए गए तहरीर के आधार पर पुलिस ने छेड़खानी सहित मारपीट की धाराओं में तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर लिया है।

# फुटपाथ पर हुए अतिक्रमण से आए दिन मार्ग पर लगता जाम

अमन लेखनी समाचार



बांगरमऊ, उन्नाव। नगर के हरदोई- उन्नाव मुख्य मार्ग पर पटरी दुकानदारों द्वारा फुटपाथ पर अतिक्रमण कर लिए जाने व ई बैटरी रिक्शा चालकों द्वारा मार्ग पर ही अपने वाहन खड़े करके सवारियों को बैठालने के चलते नगर में हर दिन भीषण जाम की स्थिति बनी रहती है। भीषण जाम के चलते नागरिकों के साथ ही वाहनों का निकलना दूभर हो जाता है।नगर में ट्रैफिक पुलिस की व्यवस्था न होने तथा मुख्य मार्ग के दोनों ओर पटरी दुकानदारों व ठेला लगाने वाले दुकानदारों द्वारा फुटपाथ पर अतिक्रमण कर लिए जाने व ई बैटरी रिक्शा चालकों की मनमानी के चलते मुख्य मार्ग पर पूरे दिन भीषण जाम की स्थिति बनी रहती है। जाम लगने से छोटे वाहनों के साथ ही बड़े वाहन भी घंटों जाम में फंसे रहते हैं, जिससे काफी समय बर्बाद होने के साथ ही काफी नुकसान भी होता है। नगर में लगने वाले भीषण जाम की वजह से सबसे ज्यादा दुर्घटना में घायल हुए गंभीर मरीज प्रभावित होते हैं। नगर के सरकारी अस्पताल से रेफर किए गए मरीज उन्नाव, कानपुर या लखनऊ भेजे जाते हैं। जाम की वजह से मरीज घंटों नगर में ही फंसे रहते हैं, जिससे गंभीर व दुर्घटनाग्रस्त मरीज तत्काल उपचार हेतु समय से बाहर नहीं पहुंच पाते हैं, जिसके कारण कई मरीज रास्ते में ही दम तोड़ देते हैं। यही हाल नगर की मुख्य बाजार का है, जहां दुकानदारों द्वारा मार्ग पर सामान लगा कल अतिक्रमण कर लिए जाने के चलते मुख्य बाजार के लगभग सारे मार्ग अवरुद्ध हो चुके हैं। जिनसे बाइक निकलना तो दूर पैदल निकल पाना काफी मुश्किल होता जा रहा है।

नगर के मुख्य चौराहों पर यातायात व्यवस्था के लिए लगाए गए होमगार्ड भी कुछ खास नहीं कर पाते हैं। इसलिए जाम लगने पर वो बेबस व लाचार नजर आते हैं। नगर में ट्रैफिक पुलिस की व्यवस्था न होने तथा ई बैटरी रिक्शा चालकों की मनमानी व पटरी दुकानदारों व ठेला लगाने वाले दुकानदारों द्वारा फुटपाथ के दोनों ओर अतिक्रमण कर लिए जाने के चलते नगर में जाम की समस्या काफी समय से ज्यों कि त्यों बनी हुई है। मार्ग के दोनों ओर दुकानदारों द्वारा भी अपनी-अपनी दुकानों के सामने फल, फ्रूट, चाट-चाउमीन आदि के ठेले लगवा कर उनसे मोटी रकम वसूलते हैं, यह भी जाम लगने का प्रमुख कारण है। स्थानीय निकाय व तहसील प्रशासन के अधिकारी सब कुछ जानते हुए भी अंजान बने हुए हैं। वहीं जानकार लोगों का मानना है की पटरी दुकानदारों व ठेला लगाने वालों को मार्ग से दो-दो फिट पीछे कर दिया जाए तो काफी जगह निकल आएगी और आए दिन लगने वाले जाम की स्थिति पर नियंत्रण पाया जा सकता है। नगर के प्रमुख समाजसेवी फजलुर्रहमान, राम बिहारी वर्मा, शमसुल हसन, जाने आलम, सुभाष गुप्ता आदि ने नगर में ट्रैफिक पुलिस की व्यवस्था कराये जाने तथा हरदोई उन्नाव मार्ग के दोनों ओर पटरी दुकानदारों द्वारा किए गए अतिक्रमण को शीघ्र खाली कराए जाने की मांग जिला प्रशासन से की है। जिससे नगर में लगने वाले भीषण जाम से निजात मिल सके।

# इंडियन मुस्लिम लीग के जिला अध्यक्ष ने इंडिया गठबंधन की प्रत्याशी से की भेट




अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। लोकसभा क्षेत्र से समाजवादी पार्टी की प्रत्याशी पूर्व सांसद अन्नू टंडन इस बार चुनाव जीतने के लिए कोई कोर कसर बाकी नहीं छोड़ रही हैं। इंडिया गठबंधन में शामिल इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग ने भी अन्नू टंडन को जीतने के लिए पूरी तरह कमर कस ली है। इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग के उन्नाव जिला अध्यक्ष मोहम्मद अहमद ने आज अन्नू टंडन से खास मुलाकात कर पूरी तरह से समर्थन देने का वादा किया। और कहा कि इस बार जनता बदलाव चाह रही है।

देश की जनता को लंबे समय तक गुमराह नहीं किया जा सकता, जनता अब जाग चुकी है इसलिए वह बदलाव चाह रही है। इस मौके पर उनके साथ पार्टी के कई अन्य नेता व कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे।

# हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने लगाई गंगा में डुबकी

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। चैत्र माह की शुक्ल पक्ष पूर्णिमा पर गंगा घाटों के किनारे आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा हजारों की संख्या में श्रद्धालुओ ने गंगा में डुबकी लगाई श्रद्धालुओ ने दान कर पुण्य लाभ कमाया इसके बाद गुरु का दर्शन पूजन कर आशीर्वाद लिया मंगलवार की भोर पहर से ही सुबह से गंगा घाटों पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचने लगे इससे पुलिस की ओर से लगाई गई ड्यूटी व्यवस्था सुधारने में लगी रही शुक्लागंज के घाट पर ॐ नमः शिवाय के जयघोष गूंजते रहे स्नान करने के बाद श्रद्धालुओ ने गंगा मां की पूजा अर्चना की।

# डीएम ने हरी झंडी दिखाकर मतदान जागुरूकता रैली को किया रवाना


अमन लेखनी समाचार


उन्नाव। लोक सभा चुनाव में मतदान का ग्राफ बढ़ाने के लिए जागरूकता रैली निकाली गई नार्मल स्कूल से गांधी नगर तिराहे तक रैली निकाली गई डी एम जिला निर्वाचन अधिकारी गौरांग राठी ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया रैली में कार्मिक प्रभारी मुख्य विकास अधिकारी प्रेम प्रकाश मीना के साथ दो सौ शिक्षको समेत लगभग आठ छात्र छात्राएं रैली में शामिल हुए जी जी आई सी श्याम कुमारी सेठ जी नाथ जी रानी शंकर सहाय अटल बिहारी इंटर कॉलेज एस वी एम ए बी नगर राजा शंकर सहाय के बच्चो ने पोस्टर बैनर टोपी तख्तियां पर लिखे तमाम संदेश लेकर रास्ते भर जमकर मतदान करने का जोश भरा सारे काम छोड़कर पहले मतदान लोक तंत्र की मजबूती के लिए मतदान जरूरी सलोगन के जरिए जागरूक किया अटल बिहारी के एक छात्र ने गीत गाकर मतदाताओं में उत्साह भरा बड़े चौराहे पर जिला अधिकारी ने उनका उतासहवर्धन किया कहा कि जनपद में चौथे चरण में लोक सभा का चुनाव तेरह मई को मतदान होगा इस लोक तंत्र के महा पर्व पर जिम्मेदारी के साथ मतदान करे गांधी नगर तिराहे पर रंग बिरंगी गुब्बारे उड़ाए गए।




# हाई स्कूल व इंटर में अच्छे अंक लाने वाले छात्र छात्राओं को किया सम्मानित









अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। क्षेत्र के सुदूर ग्रामीण अंचलों में भी अब खासकर बालिकाओं में शिक्षा की ज्योति प्रज्ज्वलित होना शुरू हो गई है। इसी ग्रामीण परिवेश के एक संसाधन विहीन निजी विद्यालय की करीब एक दर्जन छात्राओं ने यूपी बोर्ड की हाई स्कूल परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर महंगी फीस लेने और भारी-भरकम भवनों से सुसज्जित निजी शिक्षण संस्थाओं को मात दे दी है। क्षेत्र के सुदूर निर्जन स्थान पर स्थित ताहिरा अफसार इंटर कॉलेज आसत मोहीउद्दीन पुर की छात्राओं सुषमा 91.4 , रिया कुशवाहा 91.2 , गरिमा कटियार 89.9 , अंशिका पाल 87.5 , रुचि 86.6 , रिदा महताब 85.33 व लायबा 85.33 तथा इंटर की आकांक्षा गुप्ता 87.2 , मजरा बानो 85.4 , रूपाली 85.2 , खुशबू 84.8 , चांद आलम 84.2 ,अजरा 83.4 , सोनम 83.4 तथा उजैफा ने 81.8 फीसदी अंक अर्जित कर शहरों और प्रमुख मार्गों पर स्थित मंहगे स्कूलों को हतप्रभ कर दिया है। आज विद्यालय के प्रबंधक अफसार अहमद और प्रधानाचार्य राशिद अनवर ने गरीब मजदूरों और सीमांत किसानों की इन सभी बेटियों को पुरस्कृत कर सम्मानित किया।

## सम्पादकीय

# विकासशील से विकसित की ओर तेजी से बढ़ रहा देश

नए वर्ष पर देश को आर्थिक मोर्चे पर एक के बाद एक अनेक शुभ संकेत मिले हैं। शेयर मार्केट नए शिखर पर पहुंच गया, सोना भी ऑल टाइम हाई पर पहुंच गया, विदेशी मुद्रा भंडार रिकॉर्ड पर और भारत का मार्केट कैप पहली बार 400 लाख करोड़ रुपये के पार पहुंच गया। दुनिया की बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में हमारी अर्थव्यवस्था सबसे तेजी से बढ़ रही है और जल्दी ही हम जापान और जर्मनी को पछाड़कर दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी इकॉनमी बन सकते हैं। आईटी और ऑटो शेयरों में भारी खरीदारी के दम पर बीएसई सेंसेक्स पहली बार 75,000 अंक के पार पहुंच गया जबकि निफ्टी भी 22,765 अंक के नए स्तर को छू गया। निफ्टी के 50 शेयरों में से 35 तेजी के साथ ट्रेड कर रहे थे। इससे पहले सोमवार को भारत का मार्केट कैप पहली बार 400 लाख करोड़ रुपये के पार पहुंच गया। पिछले नौ महीने में इसमें 100 लाख करोड़ रुपये का इजाफा हुआ। पिछले साल पांच जुलाई को भारत का मार्केट कैप 300 लाख करोड़ रुपये पहुंचा था। उसके बाद से निफ्टी में 16 प्रतिशत तेजी आई है। भारत का मार्केट कैप 2007 में 50 लाख करोड़ पहुंचा था जबकि 2014 में यह पहली बार 100 लाख करोड़ रुपये के पार पहुंचा था। इसमें 200 लाख करोड़ रुपये का स्तर फरवरी 2021 में छुआ था। देसी बाजार का अब अगला बड़ा पड़ाव 5 लाख करोड़ डॉलर बाजार पूंजीकरण हासिल करना होगा, जिससे अभी वह करीब 4 फीसदी पीछे है। बाजार के भागीदारों ने कहा कि घरेलू मोर्चे पर वृहद आर्थिक मजबूती और विदेशी निवेश के निरंतर प्रवाह से शेयर बाजार में तेजी का सिलसिला बना हुआ है। शेयर बाजार किसी भी देश की अर्थव्यवस्था की रफ्तार को मापने का पैमाना होता है। यही बताता है कि देश के उद्योग किस गति से आगे बढ़ रहे हैं, आम आदमी किस तरह निवेश और खर्च कर रहा है। बाजार को देखने का एक और मानक होता है सोना। वह भी नव वर्ष के दिन नई बुलंदी पर पहुंच गया। 10 ग्राम सोने की कीमत 71,150 रुपये हो गई। सोमवार को इसमें करीब 1400 रुपये की तेजी आई थी और मंगलवार को 240 रुपये की तेजी के साथ ट्रेड कर रहा है। पिछले कुछ महीनों से सोने की कीमत में भारी तेजी देखी जा रही है। उम्मीद की जा रही है कि अगले कुछ महीनों में यह 75,000 रुपये तक जा सकता है। अर्थव्यवस्था को देखने के लिए किसी भी देश के विदेशी मुद्रा भंडार को भी परखा जाता है। इस क्षेत्र में भी भारत नित नए सोपान छू रहा है। देश का विदेशी मुद्रा भंडार भी ऑल टाइम हाई पर पहुंच गया है। 29 मार्च 2024 को समाप्त सप्ताह के दौरान भारत के विदेशी मुद्रा भंडार में 2.951 अरब डॉलर की शानदार बढ़ोतरी हुई और यह 645.583 अरब डॉलर के ऑल टाइम हाई पर पहुंच गया है। पिछले कई महीनों से भारत अपना गोल्ड रिजर्व भी बढ़ा रहा है और ताजा आंकड़ों के मुताबिक यह 817 टन पहुंच गया है। ये सारे संकेत बताते हैं कि देश की अर्थव्यवस्था की सेहत न केवल ठीक है बल्कि नई बुलंदी की ओर बढ़ रही है। भारत बड़ी इकॉनमीज में सबसे तेजी से बढ़ रही अर्थव्यवस्था है। आईएमएफ के मुताबिक अगले दो साल तक भारत सबसे तेज इकॉनमी बना रहेगा। यूरोपियन पार्लियामेंट के थिंक टैंक एक्सपर्ट का कहना है कि भारत की इकॉनमी चीन से ज्यादा तेज गति से बढ़ रही है और आगे भी यही स्थिति रहेगी। 2023 में भारत की एवरेज ग्रोथ 7.5 फीसदी से ऊपर रहने की संभावना है, जबकि चीन के मामले में 5.2 फीसदी रहने का अनुमान है। माना जा रहा है कि भारत जल्दी ही जापान और जर्मनी को पछाड़कर दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी इकॉनमी बन जाएगा। सारे संकेत बताते हैं कि हम विकासशील से विकसित की ओर बढ़ रहे हैं, लेकिन आज भी अनेक क्षेत्र ऐसे भी हैं, जिनमें बहुत कुछ किया जाना शेष है। अगर हैप्पीनेस इंडेक्स को देखे तो हम पड़ोसी पाकिस्तान से भी पीछे हैं। हमें वो उपाय करने होंगे, जिससे हर देशवासी में उल्लास का संचार हो। उसे अपने भविष्य का सुखद अहसास हो। ऐसी ही हालात हंगर इंडेक्स की है। यह बताता है कि देश तो बुलंदी छू रहा है, लेकिन एक तबका आज भी दो रोटी की जंग लड़ रहा है। इसके लिए जरूरी है कि सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे। सेहत, शिक्षा और रोजगार तीन ऐसे पैमाने हैं, जो विकसित होने की गारंटी कहे जाते हैं। इन दोनों क्षेत्रों में जल्द से जल्द आमूल-चूल बदलाव की जरूरत है। तभी हम दुनिया में अव्वल राष्ट्र कहला पाएंगे।



विश्लेषण

प्रमोद भार्गव

**चुनाव आयोग ने लोकसभा उम्मीदवार को 95 लाख रुपये तक खर्च करने की छूट दी हुई है, लेकिन हम सब जानते हैं कि करीब आठ विधानसभाओं में लड़े जाने वाले इस चुनाव में यह राशि ऊंट के मुंह में जीरे के बराबर है। वास्तविक खर्च इससे कई गुना अधिक होता है। प्रत्याशी और दल तो चुनाव में धन खर्च करते ही हैं, सरकार को भी चुनाव कराने में बड़ी धनराशि खर्च करनी पड़ती है, इसलिए खर्च के इस छुटकारे का उपाय एक साथ चुनाव बनाम संयुक्त चुनाव में देखे जा रहे हैं। यदि लोकसभा, विधानसभा, नगर निकायों और पंचायतों के चुनाव एक साथ होते हैं तो लंबी चुनाव प्रक्रिया के चलते मतदाता में जो उदासीनता छा जाती है, वह दूर होगी।**

# देश के लिए संकट बनते खर्चीले चुनाव

केंद्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने 2024 का लोकसभा चुनाव लड़ने से इनकार कर दिया है। उन्होंने कहा है कि 'उनके पास चुनाव लड़ने के लिए धन नहीं है।' साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि 'मुझे इस बात को लेकर भी मलाल है कि चुनाव में समुदाय व धर्म जैसी चीजों को जीत तय करने का आधार बनाना पड़ता है, इसलिए मैंने चुनाव लड़ने से मना कर दिया है।' सीतारमण कई बार लोकसभा का चुनाव लड़ने के अनुभव से गुजर चुकी हैं, इसलिए वे जो कह रही हैं उसमें निश्चित सच्चाई है। हम देख भी रहे हैं कि अनैतिक रूप से कमाए गए धन और आवारा पूंजी ने चुनावी खर्च इतना बढ़ा दिया है कि आम आदमी तो छोड़िए मध्यमवर्गीय व्यक्ति का भी चुनाव लड़ना मुश्किल है। वैसे चुनाव आयोग ने लोकसभा उम्मीदवार को 95 लाख रुपये तक खर्च करने की छूट दी हुई है, लेकिन हम सब जानते हैं कि करीब आठ विधानसभाओं में लड़े जाने वाले इस चुनाव में यह राशि ऊंट के मुंह में जीरे के बराबर है। वास्तविक खर्च इससे कई गुना अधिक होता है। प्रत्याशी और दल तो चुनाव में धन खर्च करते ही हैं, सरकार को भी चुनाव कराने में बड़ी धनराशि खर्च करनी पड़ती है, इसलिए खर्च के इस छुटकारे का उपाय एक साथ चुनाव बनाम संयुक्त चुनाव में देखे जा रहे हैं। संभव है 2029 का चुनाव इसी प्रणाली से हो?

यदि लोकसभा, विधानसभा, नगर निकायों और पंचायतों के चुनाव एक साथ होते हैं तो लंबी चुनाव प्रक्रिया के चलते मतदाता में जो उदासीनता छा जाती है, वह दूर होगी। एक साथ चुनाव में वोट डालने के लिए मतदाता को एक ही बार घर से निकलकर मतदान केंद्र तक पहुंचना होगा, अतएव मतदान का प्रतिशत बढ़ जाएगा। यदि यह स्थिति बनती है तो चुनाव में होने वाले सरकारी खर्च कम होगा। 2019 के आम चुनाव में करीब 60,000 करोड़ खर्च हुए थे, जबकि 2014 में इसके आधे 30 हजार करोड़ रुपए खर्च हुए थे। 2024 के चुनाव में एक लाख करोड़ रुपये से अधिक खर्च होने की उम्मीद है। गैर-लाभकारी संगठन सेंटर फॉर मीडिया स्टडीज (सीएमएस) के अध्ययन के अनुसार 2019 का आम चुनाव दुनिया में सबसे महंगा चुनाव रहा है। इस चुनाव में औसतन प्रति लोकसभा क्षेत्र 100 करोड़ रुपये खर्च हुए। एक तरह से यह खर्च एक मत के लिए 700 रुपये बैठता है। यह खर्च केवल चुनाव कार्यक्रम की घोषणा होने के बाद का है। कई उम्मीदवार जिनका लड़ना तय होता है, वह साल-छह माह पहले से ही चुनाव की तैयारियों में लग जाते हैं। इस खर्च को अध्ययन में शामिल नहीं किया गया है। यदि लोकसभा क्षेत्र की बात करें तो 75 से 80 सीटें ऐसी थीं, जहां प्रत्याशी विशेष ने 40 करोड़ रुपये से भी अधिक खर्च किए। यह चुनाव आयोग द्वारा प्रत्याशी के लिए तय खर्च की अधिकतम सीमा से 50 गुना से भी अधिक है। 2019 में खर्च की अधिकतम सीमा 70 लाख रुपये थी।

यदि एक साथ चुनाव होते हैं तो राजनीतिक दल और प्रत्याशी को भी कम धन खर्च करना होगा। दरअसल अलग-अलग चुनाव होने पर हारने वाले कई प्रत्याशी एक बार फिर किस्मत आजमाने के मूड में आ जाते हैं,



वहीं विधायकों को भी लोकसभा चुनाव लड़ा दिया जाता है। ऐसी स्थिति में जो सीट खाली होती है, उसे फिर से छह माह के भीतर भरने की संवैधानिक बाध्यता के चलते चुनाव कराना पड़ता है। नतीजतन जनता के साथ-साथ प्रत्याशी को भी चुनाव प्रक्रिया से जुड़ी उदासीनता झेलनी पड़ती है। इस कारण सरकारी मशीनरी की जहां कार्य संस्कृति प्रभावित होती है, वहीं मानव संसाधन का भी ह्रास होता है।

भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है। सात चरणों में करीब ढाई माह चुनाव प्रक्रिया चलेगी। भारत की भौगोलिक स्थिति के अनुरूप चुनाव को देखें तो उत्तर हिमालय की पर्वत श्रृंखलाओं से लेकर दक्षिण में हिंद महासागर तक और पश्चिम में थार के रेगिस्तान से लेकर पूर्व में सुंदर वन के मैंग्रोव जंगल के इलाके भी चुनाव प्रक्रिया में शामिल रहते हैं। इनमें अनेक मतदान केंद्र ऐसे होते हैं, जहां मतदानकर्मियों को पालतू मवेशियों और नावों में चुनाव सामग्री लादकर ले जानी पड़ती है। ऐसे में प्रति मतदाता चुनाव का औसत खर्च 700 रुपये तक बैठता है। जबकि देश की साठ फीसदी आबादी बमुश्किल औसतन 250 रुपये प्रतिदिन कमा पाती है। ऐसे में बार-बार चुनाव में खर्च निश्चित ही एक चिंता का विषय है। सरकारी खर्च के अलावा प्रत्याशियों को टीवी, रेडियो, सोशल मीडिया और अखबारों में विज्ञापन पर बड़ा खर्च करना होता है। वाहन, भोजन, पोस्टर-बैनर और नेताओं के लिए जुलूस व आम सभाओं पर भी बड़ा खर्च होता है। यदि इन प्रत्यक्ष खर्चों के अलावा अप्रत्यक्ष खर्चों को देखें तो शराब, वोट के बदले नोट और उपहार के रूप में कोई वस्तु देने पर भी बड़ा खर्च प्रत्याशियों को उठाना पड़ता है। चुनाव में होने वाली खर्च की बड़ी राशि को सार्वजनिक नहीं किया जाता, क्योंकि ज्यादा खर्च दिखाना तय राशि का उल्लंघन माना जाएगा। इसके बावजूद हम देखते हैं कि उम्मीदवार और दल बेहिसाब धन खर्च करते हैं। निर्वाचन आयोग में पंजीबद्ध दलों के प्रत्याशी चुनावी सुविधाओं के लिए डमी उम्मीदवार निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में खड़े करते हैं। इन पर भी बड़ी राशि खर्च होती है। प्रत्येक चुनाव में जातीय और धर्म आधारित समुदायों के ध्रुवीकरण पर भी बड़ी राशि खर्च होती है। अब धनी उम्मीदवार जातिवार सभाएं करके उनके भोजन-पानी का भी इंजमाम करते हैं। हालांकि राजनीतिक दल के लिए खर्च करने की कोई सीमा निर्धारित नहीं है। इसी तरह विधानससभा चुनाव के लिए प्रत्याशी अधिकतम चालीस लाख रुपये खर्च कर सकता है। वहीं छोटे राज्यों और केंद्र शासित क्षेत्रों में लोकसभा उम्मीदवार के लिए खर्च की सीमा 75 लाख रुपये और विधानसभा उम्मीदवार के लिए 28 लाख रुपये है।

ऐसे में एक साथ सभी चुनावों को संयुक्त रूप में करा दिया जाए तो एक प्रत्याशी को कई सीटों से या बार-बार चुनाव लड़ने के विकल्प समाप्त हो जाएंगे और धन की बर्बादी नहीं होगी। चूंकि संविधान के मुताबिक केंद्र और राज्य सरकारें अलग-अलग इकाइयां हैं। इस परिप्रेक्ष्य में संविधान में समानांतर किंतु भिन्न-भिन्न अनुच्छेद हैं। इनमें स्पष्ट उल्लेख है कि इनके चुनाव प्रत्येक पांच वर्ष के भीतर होने चाहिए। लोकसभा या विधानसभा जिस दिन से गठित होती है, उसी दिन से पांच साल के कार्यकाल की गिनती शुरू हो जाती है। इस लिहाज से संविधान विशेषज्ञों का मानना है कि एक साथ चुनाव के लिए कम से कम 18 अनुच्छेदों में संशोधन किया जाना जरूरी होगा। विधि आयोग, निर्वाचन आयोग, नीति आयोग और संविधान समीक्षा आयोग तक इस मुद्दे के पक्ष में अपनी राय दे चुके हैं। ये सभी संवैधानिक संस्थाएं हैं। केंद्र सरकार ने इस दिशा में पहल करते हुए पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में एक समिति गठित की थी, जिसने अपनी रिपोर्ट दे दी है। यदि विपक्षी दल सहमत हो जाते हैं तो दो तिहाई बहुमत से होने वाले ये संशोधन कठिन कार्य नहीं हैं।

## दिवस विशेष

योगेश कुमार गोयल




# गैर विषैले और दुष्प्रभावों से मुक्त हैं होम्योपैथिक उपचार

प्रतिवर्ष 10 अप्रैल को 'होम्योपैथी' के जनक माने जाने वाले जर्मन मूल के चिकित्सक, महान विद्वान, शोधकर्ता, भाषाविद् और उत्कृष्ट वैज्ञानिक डा. क्रिश्चियन फ्रेडरिक सैमुअल हैनीमैन के जन्मदिवस के अवसर पर 'विश्व होम्योपैथी दिवस' मनाया जाता है। इस दिवस के आयोजन का उद्देश्य चिकित्सा की इस अलग प्रणाली के बारे में लोगों में जागरूकता पैदा करने के साथ-साथ प्रत्येक व्यक्ति तक इसकी पहुंच की सफलता दर को बेहतर बनाना है। 10 अप्रैल 1755 को जन्मे डा. हैनीमैन के पास एमडी की डिग्री थी, लेकिन उन्होंने बाद में अनुवादक के रूप में कार्य करने के लिए अपनी नौकरी छोड़ दी थी। उसके बाद उन्होंने अंग्रेजी, फ्रांसीसी, इतालवी, ग्रीक, लैटिन इत्यादि कई भाषाओं में चिकित्सा, वैज्ञानिक पाठ्य पुस्तकों को सीखा। होम्योपैथी एक ऐसी चिकित्सा पद्धति है, जो औषधियों तथा उनके अनुप्रयोग पर आधारित है। विश्व होम्योपैथी दिवस प्रतिवर्ष एक विशेष थीम के साथ मनाया जाता है और इस वर्ष यह दिवस 'होम्योपैथीः अनुसंधान को सशक्त बनाना, दक्षता बढ़ाना' थीम के साथ मनाया जा रहा है। विश्व स्वास्थ्य संगठन का भी मानना है कि वैकल्पिक और परम्परागत औषधियों को बढ़ावा दिए बगैर सार्वभौमिक स्वास्थ्य के लक्ष्य को प्राप्त नहीं किया जा सकता और वैकल्पिक चिकित्सा पद्धतियों में विश्व में होम्योपैथी का प्रमुख स्थान है। होम्योपैथी ग्रीक शब्द 'होमियो' से बना है, जिसका अर्थ है 'समान' और 'पाथोस', जिसका अर्थ है पीड़ा या बीमारी। होम्योपैथी को चिंता, अवसाद, एडीएचडी और ओसीडी सहित कई प्रकार की मानसिक स्वास्थ्य स्थितियों, एलर्जी और पुराने दर्द सहित कई प्रकार की स्वास्थ्य समस्याओं के इलाज में प्रभावी पाया गया है। होम्योपैथिक उपचार सुरक्षित, गैर विषैले और दुष्प्रभावों से मुक्त हैं, जो उन्हें ऐसी पारम्परिक मनोरोग चिकित्सा का आकर्षक विकल्प बनाते हैं, जो प्रायः कई अप्रिय दुष्प्रभावों को साथ लाती है। होम्योपैथी अत्यधिक तनुकृत पदार्थों के उपयोग पर आधारित ऐसा उपचार है, जिसके बारे में चिकित्सकों का दावा है कि यह शरीर को स्वस्थ रख सकता है। केन्द्रीय होम्योपैथी अनुसंधान परिषद के अनुसार चिकित्सा का ही एक वैकल्पिक रूप है होम्योपैथी, जो 'समः समम शमयति' अथवा 'समरूपता' दवा सिद्धांत पर आधारित है, जो दवाओं द्वारा रोगी का उपचार करने की ऐसी विधि है, जिसमें किसी स्वस्थ व्यक्ति में प्राकृतिक रोग का अनुरूपण करके समान लक्षण उत्पन्न किया जाता है, जिससे रोगग्रस्त व्यक्ति का उपचार किया जा सकता है।

दिखने में भले ही होम्योपैथी दवाएं एक जैसी लगती हैं, किन्तु वास्तव में विश्वभर में होम्योपैथी की चार हजार से भी ज्यादा तरह की दवाएं हैं। होम्योपैथी के संस्थापक माने जाने वाले सैमुअल हैनीमैन का कहना था कि इलाज का उच्चतम आदर्श सबसे भरोसेमंद और कम से कम हानिकारक तरीके से स्वास्थ्य की तेज, कोमल और स्थायी बहाली है। चूंकि बहुत सारी होम्योपैथी दवाओं का असर रोगी पर कुछ धीमी गति से होता है, जबकि एलोपैथी दवाएं रोगी पर तुरंत असर दिखाती हैं

# आध्यात्मिक चेतना आखिर क्या है?




संकलित

दर्शन

आज मनुष्य अत्यधिक भौतिकवादी तथा लालची हो गया है। बलिदान, त्याग, संतोष, प्रज्ञा, चिंतन-मनन, मुक्ति और मोक्ष जैसे शब्द हमारे शब्दकोश से धीरे-धीरे लुप्त होते जा रहे हैं, जो कि आध्यात्मिक मूल्यों के द्योतक रहे हैं। व्यापक उपभोगवादी संस्कृति तथा भोग-विलास से पोषित भौतिकवाद की नई उभरी संस्कृति ने आध्यात्मिक चेतना पर पर्दा डाल दिया है। धन-अर्जन, सत्ता तथा प्रसिद्धि की लालसा और सुखवादी जीवन-प्रणाली आज जीवन का परम लक्ष्य है। सभी धर्मों ने लालच को महापाप कहा है, परंतु आज लालच ही मुख्य प्रेरणा-द्वार है। ऋषि-मुनि आध्यात्मिक मूल्यों को सर्वोच्च महत्व देते हैं। हिंदू धर्म के आध्यात्मिक मूल्यों का अनुक्रम है-धर्म, अर्थ, काम तथा मोक्ष। अर्थ तथा काम संसारिक मूल्य हैं, जबकि धर्म तथा मोक्ष आध्यात्मिक मूल्य हैं, परंतु धर्म का स्थान सर्वदा प्रथम है। यह अर्थ तथा काम दोनों का प्रेरक तथा नियंत्रक है। जीवन के हिंदू दृष्टिकोण के अनुसार, सात्विक सर्वाधिक ऊंचा आदर्श है। इसके बाद राजसी का स्थान है, जो एक आदर्श नहीं, परंतु सामाजिक आवश्यकता है। तामसिक सबसे अधिक अपमानजनक वृत्ति है, जिससे सभी बुद्धिमान दूर रहते हैं। मनु की पद्धति में सतत्व को न्याय की संज्ञा दी गई है, राजस को आकांक्षा की तथा तमस को इच्छाओं की। महापुरुषों ने चिंतन-मनन को मनुष्य के परम आनंद के रूप में देखा। आंतरिक शांति तथा आध्यात्मिक ज्ञान के लिए समर्पित जीवन ही मानव गतिविधियों का सवरेत्तम रूप है।

# मूर्ख साधू और ठग



संकलित

प्रेरणा

किसी गाँव के मंदिर में देव शर्मा नाम का एक प्रतिष्ठित साधू रहता था। उसे अपने भक्तों से दान में तरह- तरह के वस्त्र, उपहार, खाद्य सामग्री और पैसे मिलते थे। उन वस्त्रों को बेचकर साधू ने काफी धन जमा कर लिया था। वह अपने धन को एक पोटली में रखता था और उसे हमेशा अपने साथ लेकर ही चलता था। उसी गाँव में एक ठग रहता था। ठग हमेशा साधू का पीछा किया करता था, लेकिन साधू उस गठरी को कभी अपने से अलग नहीं होने देता। उसने साधू से मिन्नत की कि वह उसे अपना शिष्य बना ले क्योंकि वह ज्ञान प्राप्त करना चाहता था। साधू तैयार हो गया और इस तरह से वह ठग साधू के साथ ही मंदिर में रहने लगा। ठग मंदिर की साफ सफाई से लेकर अन्य सभी कार्य भी करता था। एक दिन साधू को पास के गांव में एक अनुष्ठान के लिए आमंत्रित किया गया, साधू ने वह आमंत्रण स्वीकार किया और निश्चित दिन साधू अपने शिष्य के साथ अनुष्ठान में भाग लेने के लिए निकल पड़ा। रास्ते में एक नदी पड़ी और साधू ने स्नान करने की इच्छा व्यक्त की। उसने पैसों की गठरी को एक कम्बल के भीतर रखा और उसे नदी के किनारे रख दिया। उसने ठग से सामान की रखवाली करने को कहा और खुद नहाने चला गया। ठग को तो कब से इसी पल का इंतज़ार था। जैसे ही साधू नदी में डुबकी लगाने गया, वह रुपयों की गठरी लेकर चम्पत हो गया। शिक्षाः किसी अजनबी की चिकनी चुपड़ी बातों में आकर ही उस पर विश्वास नहीं कर लेना चाहिए।

## गुड़ी पड़वा



*मुंबई के गिरगांव में मंगलवार को गुड़ी पड़वा, महाराष्ट्रीयन नव वर्ष के अवसर पर पारंपरिक पोशाक पहने लोग एक रैली में भाग लेते हुए।*

## आज की पाती

### इजरायल पर हमला हमास को महंगा पड़ा

हमास के आतंकियों ने इजरायल पर हमला कर निर्दोष लोगों की जान ही नही ली,बल्कि अनेक लोगों को बन्दक बना कर ले गए। आज का मंजर भयानक है। गाज़ा पट्टी को तहस नहस करने की ठान चुके इजराइल ने अब तक 33 हजार से ज्यादा लोगो को मौत की नींद सुला दिया। आतंकवाद का नामोनिशान मिटाने का दृढ़ संकल्प ले चुके इजराइल के राष्ट्रपति बेंजामिन नेतन्याहू अमेरिका की भी नही सुन रहे है। उन्होंने स्पष्ट कह दिया है कि इजराइल को धमकाने की जगह अमेरिका हमास पर दबाव क्यो नही बनाता। खंडहर में तब्दील गाजापट्टी वीरान दिखाई दे रही है। – **कांतिलाल मांडोत**, सूरत

## ट्रेंड

### युद्ध के आघात को बढ़ाया



सूचना युद्ध ने गाजा में युद्ध के आघात को और बढ़ा दिया है-तथ्यों को छिपाना और दोषारोपण करना। अंतरराष्ट्रीय पत्रकारों को गाजा में प्रवेश से वंचित करना दुष्प्रचार और झूठी कहानियों को पनपने की इजाजत दे रहा है।

-एंटोनियो गुतरेस, यूएन महासचिव

### सम्मानजनक अंत्येष्टि



डब्ल्यूएचओ नेअल-शिफा अस्पताल परिसर में अज्ञात शवों के लिए सम्मानजनक अंत्येष्टि के आयोजन में आज गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय का समर्थन किया। शव पहले गंदगी या प्लास्टिक की चादर के नीचे पड़े रहते थे।

-टेड्रोस, डब्ल्यूउचओ महानिदेशक

### हिंदू-मुस्लिम करने में लगे



10 साल सरकार चलाने के बाद जब देश चुनाव के मुहाने पर खड़ा है तो पीएम मोदी अपनी घिसी-पिटी स्क्रिप्ट पर आ गए हैं, बजाए अपना रिपोर्ट कार्ड दिखाने के हिंदू-मुस्लिम करने में लगे हैं। पीएम मोदी बौखलाए हुए हैं, उनके सर्वे बता रहे हैं कि बीजेपी का 180 पार नहीं हो रहा।

-सुप्रिया श्रीनेत, कांग्रेस नेता

### अच्छा लगता है




मुझे नहीं लगता कि भारत में कोई दूसरा मैदान है जहां भीड़ लगभग मैच के बाद की प्रस्तुति का हिस्सा बन जाती है। मुझे इसे यहां करना अच्छा लगता है।

-हर्षा भोगले, क्रिकेट एक्सपर्ट

## करंट अफेयर

# इंपीरियल कॉलेज लंदन ने 'यूनिवर्सिटी चैलेंज' जीता

ब्रिटेन में इंपीरियल कॉलेज लंदन की क्विज़ टीम ने 'यूनिवर्सिटी चैलेंज' की चैंपियन ट्रॉफी जीती है। इस टीम में कोलकाता के कम्प्यूटेशनल विज्ञान स्नातक सौरजीत देबनाथ शामिल हैं। ब्रिटेन के टेलीविज़न का सबसे कठिन 'क्विज़ टूर्नामेंट' बताए जाने वाले कार्यक्रम में 31 वर्षीय देबनाथ ने अंतिम दौर में कई मुश्किल सवालों का जवाब दिया और पिछली टीम के 'अद्वितीय मार्गदर्शन' ने इस साल प्रभावशाली अंतर से जीत दर्ज करने में योगदान दिया। यह कार्यक्रम सोमवार रात को बीबीसी पर प्रसारित किया गया जिसमें लंदन स्थित विश्वविद्यालय, कार्यक्रम के इतिहास में सबसे कामयाब विश्वविद्यालयों में शामिल हो गया है।



## ऑफ बीट

# अंटार्कटिका की समुद्री बर्फ अपने न्यूनतम स्तर पर



दक्षिणी गर्मियों के अंत में, अंटार्कटिका की समुद्री बर्फ अपने वार्षिक न्यूनतम स्तर पर पहुंच गई। कम से कम एक माप से, जो समुद्र के उस क्षेत्र को ट्रैक करता है जिसमें कम से कम 15% समुद्री बर्फ है, यह 2023 के रिकॉर्ड निचले स्तर से थोड़ा ऊपर था। उस समय, मैं इतालवी आइसब्रेकर लौरा बस्सी पर सवार था, विडंबना यह है कि केप हैलेट से लगभग 10 किमी दूर समुद्री बर्फ से घिरा हुआ था और अभियान के नमूना स्थलों में से एक तक जाने में असमर्थ था। यहां तक कि सिर्फ एक दशक पहले तक, समुद्री बर्फ हर सर्दियों में मज़बूती से खुद को फिर से बना लेती थी।

## संक्षेप

### छत के रास्ते से घर में घुसे चोर, नकदी जेवर समेत लाखों का माल उड़ाया

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के विष्णुपुरी मोहल्ले में एक शादी वाले घर में अज्ञात चोर छत के रास्ते से घर में घुस गये। जहां चोरों ने बक्से और आलमारी का ताला तोड़कर नकदी, जेवर, मोबाइल समेत लाखों का माल पार कर दिया। सुबह नींद खुलने पर घर वालों को चोरी की जानकारी हुयी। बिखरा सामान देख गृहस्वामी के होश उड़ गये। उसने चोरी की जानकारी गंगाघाट कोतवाली पुलिस को दी। पुलिस ने जांच पड़ताल की है।बता दें कि विष्णुपुरी निवासी उरवेन्द्र महतो गंगाघाट थाना अंतर्गत मरहला चौराहे पर पूड़ी सब्जी की दुकान चलाता है। उसने बताया कि उसके घर में भतीजी का शादी है। जिस पर घर के सदस्यों ने खरीददारी कर जेवर, कपड़ों, नकदी के अलावा अन्य सामान घर पर रखा है। उन्होंने बताया कि सोमवार रात वह खाना खाने के बाद परिवार के साथ कमरे में सोने चले गये। रात करीब एक से तीन बजे के बीच अज्ञात चोर छत के रास्ते से घर के अंदर दाखिल हुये। जहां चोरों ने बक्से का ताला तोड़कर उसमें रखी डेढ़ लाख की नकदी, नये कपड़े, सोने के बाले, चेन, पायल, अंगूठी, लॉकेट, मेकअप का सामान, इलेक्ट्रानिक उपकरण, दो मोबाइल समेत लाखों का माल पार कर दिया। मंगलवार सुबह नींद खुलने पर घर का बिखरा सामान देख उनके होश उड़ गये। चोरी की सूचना पुलिस को दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की। पीड़ित ने चोरी के बावत कोतवाली पुलिस को तहरीर दी है।

### 12वीं की छात्रा ने जहर खाकर आत्महत्या का किया प्रयास

परिजन बोले– नंबर कम आने से आहत थी, तबियत बिगड़ने पर अस्पताल में भर्ती कराया

अमेठी जिला, अमेठी में इंटरमीडिएट की परीक्षा में कम नंबर आने से आहत छात्रा ने जहर खाकर आत्महत्या करने की कोशिश की। बेटी की हालत बिगड़ने पर परिजन उसे लेकर जामो सीएचसी पहुंचे। जहां उसका इलाज चल रहा है। डॉक्टरों ने छात्रा की हालत खतरे से बाहर बतायी है। मामला जामो थाना क्षेत्र के राजापुर का है। राजापुर की मानसी सिंह विवेकानंद इंटर कॉलेज में इंटरमीडिएट की छात्रा हैं। आज यूपी बोर्ड ने हाई स्कूल और इंटर का रिजल्ट घोषित किया। कम नंबर से आहत मानसी ने घर के अंदर कमरे में जाकर जहर खा लिया। तबियत बिगड़ने पर परिजन उसे जामो सीएचसी लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टरों ने उसका इलाज शुरू किया। इलाज के बाद मानसी की हालत खतरे से बाहर है। परिजनों ने कहा कि आज मानसी का रिजल्ट आया। नंबर कम आने पर उसने घर के अंदर जाकर जहरीला पदार्थ खा लिया।

# डिप्टी सीएम बृजेश पाठक की मौजूदगी में डॉक्टर आनंद गोंड ने किया नामांकन

**भाजपा यूपी में 80 सीटों पर दर्ज करेगी जीतः बृजेश पाठक डिप्टी सीएम**

अमन लेखनी समाचार/मिथिलेश जायसवाल



बहराइच। लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 अन्तर्गत नामांकन के छठवे दिन 56-बहराइच (अ.जा.) संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के लिए आनन्द कुमार गोंड पुत्र अक्षयवर लाल ने भारतीय जनता पार्टी से नामांकन पत्र दाखिल किया गया है। मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी डॉक्टर आनंद कुमार गोंड ने डिप्टी सीएम बृजेश पाठक की मौजूदगी में नामांकन किया। नामांकन के बाद डिप्टी सीएम ने एक जनसभा को भी संबोधित किया। डिप्टी सीएम ने अपने संबोधन में कहा कि भारतीय जनता पार्टी उत्तर प्रदेश के सभी 80 सीटों पर जीत दर्ज करेगी इसमें किसी को कोई शक नहीं होना चाहिए। डिप्टी सीएम ने कहा कि इस बार जनता ने मन में ठान लिया है कि सभी 80 लोकसभा सीटों पर भाजपा की जीत दर्ज होगी। नामांकन के दौरान डिप्टी सीएम बृजेश पाठक के साथ ही भाजपा जिला अध्यक्ष बहराइच बृजेश पांडे, सदर विधायक अनुपमा जायसवाल, विधायक सरोज सोनकर, पयागपुर विधायक सुभाष त्रिपाठी, महसी विधायक सुरेश्वर सिहं, नानपारा विधायक रामनिवास वर्मा एमएलसी प्रज्ञा त्रिपाठी सहित सैकड़ों की संख्या में भाजपा कार्यकर्ता व समर्थक मौजूद रहे।

# विज्ञान प्रदर्शनी में झलकी छात्रों की वैज्ञानिक प्रतिभा

**बाल वैज्ञानिकों ने दिखाया अपने हुनर का जलवा**

अमन लेखनी समाचार



कैसरगंज, बहराइच। कैसरगंज तहसील के विकास खण्ड जरवल स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय भौली में मंगलवार को विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी में बच्चों ने वैज्ञानिक प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए उत्कृष्ट मॉडल तैयार किए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में वन क्षेत्राधिकारी अभिषेक सिंह, व विशिष्ट अतिथि के रूप में बीईओ जरवल अरविंद सिंह मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला विज्ञान क्लब समन्वयक नन्द किशोर शुक्ल ने तथा संचालन एआरपी मो० अहमद ने किया। प्रदर्शनी का शुभारंभ फीता काटकर किया गया। छात्रों द्वारा जीवन में विज्ञान के महत्व को दशार्ते 'कमाल नही विज्ञान है' नामक नुक्कड़ नाटक पर दर्शकों की खूब तालियां बजीं। इस अवसर पर मुख्य अतिथि श्री सिंह ने कहा कि छात्रों का यह प्रयास सराहनीय है। परिषदीय विद्यालयों द्वारा इस प्रकार के आयोजन में हिस्सा बनकर मुझे व्यक्तिगत रूप से बेहद खुशी होती है। बीईओ जरवल एबी सिंह ने कहा कि बच्चों का प्रयास बेहतर है। जिला विज्ञान क्लब के समन्वयक श्री शुक्ल ने कहा कि विज्ञान प्रदर्शनी जैसे आयोजन से बच्चों में सीखने की क्षमता का विकास होता है। प्रदर्शनी में छात्रों द्वारा लगाये गए विभिन्न मॉडलों का अतिथियों ने अवलोकन कर छात्रों से प्रश्न पूंछे। मॉडल प्रदर्शित करने वाले सभी छात्रों को मुख्य अतिथि श्री सिंह द्वारा नगद पुरस्कार देकर हौसला अफजाई की गयी व प्रमाण पत्र भी प्रदान किये गए। कार्यक्रम के अंत मे विद्यालय की ओर से सभी अतिथियों को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर एआरपी कल्पना मिश्रा, एआरपी सुनील सिंह परिहार, इंचार्ज शिक्षक अनिल वर्मा, नरोत्तम सेंगर, पूजा श्रीवास्तव, समेत छात्रों के अभिभावक आदि मौजूद रहे।

# रूपईडीहाः हनुमान जयंती पर निकली भव्य शोभायात्रा

अमन लेखनी समाचार



रूपईडीहा, बहराइच। रूपईडीहा शहर के कच्ची लाइन स्थान स्थित केदारेश्वर महादेव व हनुमान मंदिर में दो दिवसीय श्री हनुमान जन्मोत्सव का मंगलवार की सुबह शुरूआत की गई। मंदिर से हनुमत निशान ध्वज की शोभा यात्रा निकाली गई। शोभायात्रा कच्ची लाइन से निकाली गई जो रुपईडीहा बाजार के मुख्य मार्ग से होते हुए मंदिर पहुंची। मंदिर में रामचरित मानस का पाठ हुआ। इस दौरान हनुमानजी का भव्य श्रृंगार किया गया। मंदिर में पूजन-आरती के साथ ही आयोजित भंडारे में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। सुसज्जित शोभा यात्रा में भक्त मुख्य निशान लेकर आगे आगे चल रहे थे। हनुमान भक्तों ने अपने आराध्य के श्री चरणों में 151 निशान चढ़ाया। इस मौके पर कमेटी के अभय कौशल, अनुज कौशल, योगेन्द्र शर्मा, रिंकु अवस्थी, मुनीश चंद शर्मा, धर्मेंद्र कौशल, सोनू कौशल, बसंत लाल के सैकड़ो की संख्या में भक्त मौजूद रहे।

# भगवान महावीर के बताए मार्ग पर चलने का लें संकल्पः संघ प्रचारक

**महावीर जयंती पर आयोजित हुई विभिन्न प्रतियोगिताएं**

अमन लेखनी समाचार



रूपईडीहा, बहराइच। नगर पंचायत रुपईडीहा सरस्वती शिशु विद्या मंदिर प्रांगण मे भगवान महावीर जयंती कार्यक्रम धूमधाम से मनायी गई। कार्यक्रम का आयोजन विद्यालय उपाध्यक्ष व प्रसिद्ध समाजसेवी सुभाष चंद्र जैन ₹अंकल जी₹ द्वारा किया गया। इस अवसर पर कला, निबंध व भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विद्यालय के छात्र व छात्राओं ने बढ़ चढ़कर प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता के अंत मे प्रतियोगिता मे प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहे छात्र छात्राओं को आयोजक मंडल द्वारा पुरस्कार देकर पुरस्कृत भी किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि संघ प्रचारक सर्वेश जी ने कहा कि भगवान महावीर ने हमें जियो और जीने दो के सिद्धांत पर कार्य करने व जीवो पर दया एवं सन्मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी है। देश, धर्म और संस्कृति की रक्षा के लिए भगवान महावीर के बताये मार्ग पर चलने का सभी को संकल्प लेना चाहिए। इस मौके पर मुख्य रूप से विद्यालय प्राचार्य अनुज सिंह, संपर्क प्रमुख नवाबगंज कमलेश कुमार, बौद्धिक प्रमुख अभय कुमार, आचार्य अनिल शर्मा, समाजसेवी यशवंत सिंह, वरिष्ठ पत्रकार व समाजसेवी शेर सिंह कसौधन, संतोष मिश्रा सहित विद्यालय के समस्त शिक्षक, शिक्षिकायें व छात्र मौजूद रहे।

# जर्जर सड़क पर लोगों का आवागमन हुआ मुश्किल



अमन लेखनी समाचार/सिराज अली

कैसरगंज, बहराइच। कैसरगंज से सटा बरखुरद्वारापुर चौराहा से कडसर बिटोरा होते हुए बदरौली बजार को जोड़ने वाली लोक निर्माण विभाग की सड़कें जर्जर हो धूल भरी हो चुकी हैं। सड़क पर मोटरसाकिल व पैदल चलना भी मुश्किल है। कैसरगंज से पबना गांव को जाने वाली सड़क को ही ले लीजिए जो जर्जर हो चुकी है। 20 हजार से अधिक आबादी को जोड़ने वाली सड़के बदहाली पर आसू बहा रही हैं। इस मार्ग पर मौजूदा विधायक का आवास भी है। अक्सर बरखुरद्वारा पुर से कदसर लादौर होते हुए गोडहिया नम्बर 1,2,3,4 और बदरौली पर जनप्रतिनिधियों और अधिकारियो का भी आना जाना इसी मार्ग पर लगा रहता है, लेकिन इस जर्जर सड़क पर किसी का ध्यान नही जाता। ग्रामीण कई बार शिकायत भी कर चुके और चूलम्भा निवासी पंडित बदलूराम ने पिछले 5 माह पहले तहसील समाधान दिवस में प्रार्थना पत्र देकर जिलाधिकारी को अवगत भी कराया था। लेकिल अभी तक कोई हल नहीं निकल सका है। देवलखा से एनी अल्हियापुर से भखरौली मुंगेशपर जाने वाले मार्ग की स्थिति भी यही है। जगह जगह सड़क की गिट्टियां उखड़ रही हैं।

# यूपी बोर्ड के हाई स्कूल की परीक्षा में उत्तीर्ण मेधावियों को विद्यालय ने किया सम्मानित

**सम्मान मिलने पर मेधावी छात्र-छात्राओं के खिले चेहरे**

अमन लेखनी समाचार



बाबागंज, बहराइच। यूपी बोर्ड के हाई स्कूल व इंटरमीडिएट नतीजे घोषित होने के बाद नतीजो में सर्वाधिक नंबर पाने वाले मेधावियो में खुशी की लहर छाई हुई है। घर-परिवारीजनों व शिक्षिकों में जश्न का माहौल बना हुआ है। इसी क्रम में विकास खण्ड नवाबगंज क्षेत्र अंतर्गत आज कन्हैयालाल परमेश्वरदीन मेमोरियल हाईस्कूल रुपईडीहा द्वारा विद्यालय प्राँगण में यूपी बोर्ड के हाई स्कूल की परीक्षा में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले टॉप- टेन मेघावियो को मेडल पहनाकर व पुरुस्कार देकर विद्यालय प्रबंधक ओमकार नाथ वर्मा व प्रधानाचार्य सुरेश कुमार वर्मा द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधक द्वारा मेधावी छात्र-छात्राये को यूपी बोर्ड की परीक्षा में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने के लिए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी। वही प्रधानाचार्य सुरेश वर्मा ने छात्र छात्राओं को आशीर्वाद प्रदान करते हुए कहा कि आज हमारे विद्यालय के छात्र छात्राये अपनी कड़ी मेहनत और कठोर परिश्रम करते हुए यूपी बोर्ड की परीक्षा में जो अंक हासिल किया है। वह तारीफे काबिलियत है। वही विद्यालय के कार्यालय प्रभारी मोहम्मद सफीक ने मेधावी बच्चो के नाम व अंक को पढ़ते हुए बताया कि आंशिक यादव ने 91.83%, वेदिका वर्मा ने 90%, मुस्कान ने 87.5%, सौंदर्या पाठक ने 87%, अभय श्रीवास्तव ने 82.67 %, विनय कुमार ने 79.5%, अंजू यादव ने 79.5 % व गौरी वर्मा ने 77. 67% अंक हासिल कर आज जो अपने माता-पिता, परिजनों, गुरुजनो, व विद्यालय का नाम रोशन किया है। उसके लिए शुभाशीर्वाद है। यह बड़े ही हर्ष की बात है। इस अवसर पर विद्यालय में उपस्थित शिक्षक महेश यादव, राजकुमार शर्मा, अरुण पाठक, अनिल कुमार शर्मा, धुरूप राज शर्मा आदि मौजूद रहे।

# धूमधाम से मनाया हनुमान जन्मोत्सव



अमन लेखनी समाचार

बहराइच। हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर मंगलवार को अयोध्या धाम रामादल ट्रस्ट उपाध्यक्ष पंडित अभिषेक चौबे ने सिसई हैदर हनुमान मंदिर में हनुमान जन्मोत्सव पर सुंदर कांड, हनुमान चालीसा का पाठ कराया। हनुमत आरती के बाद प्रसाद वितरण एवं विशाल भंडारा का आयोजन किया। इस मौके पर मुंबई के ज्योतिषाचार्य मनोज मिश्र, आकाश धवन, सुधीर सिंह, विशाल जायसवाल, आशीष चौबे, उज्जवल धवन, राजू चौबे आदि लोग मौजूद रहे।

# मटेरा क्षेत्र में स्थापित एसएसटी बैरियर्स का डीएम ने किया निरीक्षण

अमन लेखनी समाचार/संतोष मिश्रा

बहराइच। लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के दृष्टिगत भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लागू आदर्श आचार संहिता/निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण का अनुपालन सुनिश्चित कराये जाने के उद्देश्य से प्रत्येक विधानसभा क्षेत्रों के लिए फ्लाईंग स्क्वायड दल तथा स्टैटिक सर्विलांस टीमों का गठन किया गया है। जनपद में गठित की गयीं सभी टीमें अधिसूचना के दिनांक से अपने-अपने क्षेत्रों में सक्रिय हो गयी है। लोकसभा सामान्य निर्वाचन की शुचिता को बनाये रखने के लिए गठित टीमें पूरी निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान अत्यधिक प्रचार खर्चो, घूस की वस्तुओं का नकद या वस्तु के रूप में वितरण, अवैध हथियारों, गोला बारूद, मदिरा या असामाजिक तत्वों आदि की आवाजाही पर निगरानी रखने के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी की गयी मानक प्रचालन प्रक्रिया का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित कराएंगी।

विधानसभा क्षेत्र मटेरा अन्तर्गत तैनात एफएसटी एवं एसएसटी टीमों की गतिविधियों का जायजा लेने के उद्देश्य से जिला निर्वाचन अधिकारी मोनिका रानी ने रिसिया मोड, मटेरा चौराहा तथा थाना नवाबगंज अन्तर्गत भारत-नेपाल सीमा पर एसएसबी की बार्डर आउट पोस्ट समतलिया के निकट स्थित एसएसटी बैरियर्स का निरीक्षण किया। मटेरा चौराहा पर तैनात एसएसटी के प्रमुख ने बताया कि अब तक 53 वाहनों की जाँच की गयीं हैं। जबकि रिसिया मोड़ पर टीम के प्रमुख ने बताया कि निरिक्षण के समय तक 48 वाहनों की जांच पड़ताल की गयीं हैं। इसी प्रकार समतलिया में तैनात एसएसटी टीम के प्रमुख ने बताया कि 31 वाहनों की जांच की जा चुकी है।

# सिद्धार्थनगर पहुंचे भाजपा गोरखपुर के क्षेत्रीय अध्यक्ष

- बोले– हर तरफ मोदी और योगी की लहर, जगदंबिका पाल की जीत होगी ऐतिहासिक

अमन लेखनी समाचार



सिद्धार्थनगर, सिद्धार्थनगर जिला भाजपा कार्यालय पर संगठन के पदाधिकारियों की बैठक करने गोरखपुर के क्षेत्रीय अध्यक्ष सहजानंद राय पहुंचे। उन्होंने कहा कि आज की बैठक लोकसभा चुनाव में डुमरियागंज से वर्तमान सांसद भाजपा के प्रत्याशी जगदंबिका पाल को जीत दिलाने के मकसद से की गई थी। उन्होंने कहा कि आज विशेष कर इस बात की समीक्षा की गई की पूर्व में जो जिम्मेदारी भाजपा के विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी और जनप्रतिनिधियों को दी गई थी उसको लेकर उन्होंने अपने दायित्व का निर्वहन किस तरह किया है। उन्होंने कहा कि सिद्धार्थनगर जिले से भाजपा प्रत्याशी की जीत ऐतिहासिक होगी। उन्होंने कहा कि सभी मिलकर भाजपा प्रत्याशी को जिताते हुए नरेंद्र मोदी के 400 पार के सपने को साकार करने में लग गए हैं। उन्होंने कहा कि सिद्धार्थनगर जिला सहित पूरे उत्तर प्रदेश में हर सीटों पर भाजपा का परचम लहराएगा। उन्होंने कहा कि हर तरफ मोदी और योगी की लहर है, लेकिन फिर भी भाजपा अपने स्तर से कोई भी कोर कसर नहीं छोड़ना चाहती।

# हापुड़ में दो बाइकों की भिड़ंत

**बुलंदशहर के रहने वाले युवक की मौत, पत्नी और बच्चों से मिलने जा रहा था**

अमन लेखनी समाचार



हापुड़, हापुड़ के थाना बाबूगढ़ क्षेत्र के गांव बछलौता मार्ग पर आटा मिल के पास रात दो बाइकों की भिड़ंत हो गई। इस हादसे में एक युवक की मौत हो गई। हादसे की सूचना मिलने पर परिजन में कोहराम गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी है। बुलंदशहर के अनूपशहर के गांव करणपुरा कला निवासी शैलेश (30) मेरठ स्थित बिजली के पैनल बनाने वाली कंपनी में काम करता था। कुछ दिन पहले उसकी पत्नी बच्चों के साथ अपनी बहन और जीजा से मिलने बाबूगढ़ थाना क्षेत्र के गांव छपकौली गई हुई थी। शनिवार रात शैलेश बाइक पर सवार होकर पत्नी के पास आ रहा था। रात करीब साढ़े नौ बजे जैसे ही वह बछलौता मार्ग पर आटा मील के पास पहुंचा तो उसकी बाइक की सामने से आ रही दूसरी बाइक से भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि शैलेश गंभीर रूप से घायल हो गया और दोनों बाइक बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गईं। मौके पर काफी संख्या में लोग इकट् ?ठे हो गए। दुर्घटना की सूचना मिलते ही बाबूगढ़ पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक के पास से मिले कागजातों के आधार पर उसकी शिनाख्त हुई। पुलिस ने उसके परिजनों को घटना की सूचना दी।

# बांदा में तालाब में डूबने से भाई-बहन की मौत

- दोनों घर के पास खेल रहे थे, खेलते–खेलते तालाब के पास पहुंचे, पैर फिसलने से हादसा

अमन लेखनी समाचार



बांदा, बांदा में खेल-खेल में तालाब में डूब कर भाई-बहन की मौत हो गई। परिजन पूरा दिन अपने बेटे और बिटिया की तलाश करते रहे। शनिवार को देर शाम तालाब में शव उतराने पर परिजनों को जानकारी हुई। इसके बाद चीख-पुकार मच गई। परिजनों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मामले की जानकारी लेने के बाद शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मामला जनपद के बबेरू कोतवाली क्षेत्र के बड़े देव गांव का है। यहां के रहने वाले राजेश की बेटी लक्ष्मी (6) और बेटा रवि उर्फ आशीष (4) घर के पास शनिवार शाम खेल रहे थे। इसी दौरान वह खेलते-खेलते तालाब के पास पहुंच गए। दोनों का पैर फिसलने से वह तालाब में गिर गए और डूब गए। परिजनों को जब बच्चे काफी देर तक नजर नहीं आए तो वह तलाश करने लगे। लेकिन काफी देर बाद भी बच्चे नहीं मिले। कुछ समय बाद ग्रामीणों ने तालाब में बच्चों का शव उतराता देखा। इसके बाद ग्रामीणों ने तुरंत उनके परिजनों को सूचना दी।

# संक्षेप

## जौनपुर में अज्ञात-कारण से गेहूं के खेत में लगी आग

### फसल जलकर हुई राख, फायर ब्रिगेड की टीम ने 2 घंटे के बाद आग पर पाया काबू

जौनपुर, जौनपुर में गेहूं के खेत में आग लगने की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रहा है। अभी कुछ दिन पहले सुरेरी थाना क्षेत्र में आग लगने के कारण से कई किसान की फसल जलकर राख हो गई। खेतासराय थाना क्षेत्र के मानी कला गांव में अज्ञात कारण से गेहूं के खेत में आग लगी। जौनपुर में गेहूं के खेत में आग लगने की घटनाएं लगातार बढ़ती चल रही है। जिसके क्रम में आज फीता सुनाई थाना क्षेत्र के मानी कला गांव गेहूं की फसल में आग लग गई। आग लगने कई किसानों की फसल जलकर राख हो गई है। फिलहाल गांव के ग्रामीणों ने आग पर काबू पाने का प्रयास किया। लेकिन कई घंटे बीत जाने के बाद भी आग पर काबू नहीं पाया गया। फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची 2 घंटे के कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। जौनपुर में आग लगने के कारण से कई किसानों की पिछले कई दिनों से गेहूं की फसल जलकर राख हो चुकी हैं। अब सरकार से मुआवजा की मांग कर रहे हैं। खेतासराय के थाना प्रभारी आशुतोष गुप्ता ने कहा कि गेहूं के खेत में आग लगने की सूचना मिली है। मौके पर पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम पहुंचकर आग पर काबू पाया गया है।

## ट्रेन में यात्रा कर रहे व्यक्ति की तबीयत खराब

### इलाज के दौरान मौत, कुर्ला से गोरखपुर जा रही रत्नागिरी एक्सप्रेस में कर रहा था यात्रा

जौनपुर, जौनपुर के जंघई रेलवे स्टेशन पर ट्रेन में यात्रा कर रहे व्यक्ति की तबीयत बिगड़ने से इलाज के दौरान मौत हो गई। कुर्ला से गोरखपुर जा रही रत्नागिरी एक्सप्रेस ट्रेन में एक यात्री की अचानक तबीयत खराब हो गई। ट्रेन जंघई स्टेशन पर रोकी गई, जिसके बाद जीआरपी ने यात्री को पीएससी दुगार्गंज भदोही भेजा जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित किया। जीआरपी के मुताबिक गोरखपुर के गगहा थाना के मिश्रौली गांव निवासी सियाराम शर्मा (67) अपने पुत्र रिंकू शर्मा के साथ रत्नागिरी सुपर फास्ट एक्सप्रेस के बी- 4 कोच में यात्रा कर रहे थे। ट्रेन सुबह प्रयागराज से निकली तो सियाराम शर्मा की तबीयत अचानक खराब हुई। रिंकू ने कंट्रोल रूम को सूचना दी। जिसके बाद आरपीएफ और जीआरपी जंघई को मौके पर पहुंचने का निर्देश दिया गया। जंघई स्टेशन पर जीआरपी चौकी इंचार्ज अली अतहर ट्रेन में साप्ताहिक एस्कोर्ट ड्यूटी कर रहे थे। ट्रेन जैसे ही जंघई जंक्शन पर पहुंची जीआरपी जंघई इंचार्ज अली अतहर टीम के साथ पहुंचे। बेहोश यात्री को सुबह 6.15 बजे ट्रेन से नीचे उतरवाकर एम्बुलेंस से नजदीकी पीएचसी भेजा गया। इस दौरान आरपीएफ का कोई जवान मौके पर नही पहुंचा था। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र दुगार्गंज के चिकित्सक ने सियाराम को मृत घोषित कर दिया।

जीआरपी जंघई प्रभारी अली अतहर ने बताया कि शव परिजनों को सौंप दिया गया।

# हनुमान जयंती के अवसर पर आई जी एल में सुन्दरकाण्ड पाठ और प्रसाद वितरण का आयोजन

अमन लेखनी समाचार



सहजनवां, गोरखपुर। गीडा थाना क्षेत्र स्थित के भगवान् हनुमान के प्रगटोत्सव दिवस के उपलक्ष्य में इंडिया ग्लाईकॉल्स लिमिटेड के बिजनेस हेड एस के शुक्ल के मार्गदर्शन और प्लांट हेड शैलेन्द्र पांडेय के नेतृत्व में सुन्दरकाण्ड पाठ और प्रसाद वितरण का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्लांट हेड शैलेन्द्र पांडेय द्वारा भगवान हनुमान जी का विधि विधान से पूजन अर्चन कर सुन्दरकाण्ड पाठ का शुभारम्भ किया गया। कार्यक्रम का संचालन सहायक महा प्रबन्धक मानव संशाधन एवं प्रशासन अजय गोस्वामी और व्यवस्था प्रशासन विभाग द्वारा किया गया। पुरे फैक्ट्री परिसर में हनुमान भक्तो में राम नाम की ही धुन छायी रही और राम नाम का जाप पुरे जोर शोर से किया गया इस आयोजन पर प्लांट हेड शैलेंद्र पांडे ने बताया कि पिछले साल आईजीएल के सभी कर्मयोगियों के सहयोग से महुआ बाबा (भगवान्हनुमान जी) का मंदिर का निर्माण पूर्ण कराकर हनुमान जयंती के दिन प्राण प्रतिष्ठा को सम्पन्न किया गया था। और आज बजरंग बलि के प्रगटोत्सव के दिन पूजन अर्चन और सुन्दरकाण्ड पाठ और राम नाम के संकीर्तन का आयोजन कर आईजीएल के कर्मचारियों एवं क्षेत्रवासियों के लिए मंगलकामना किया गया। कार्यक्रम को भक्तिमय तरीके से संचालित करने हेतु इंजीनियरिंग हेड शैलेश चन्द, बॉयलर हेड ए के सिंह, बॉटलिंग हेड धर्मेंद्र मलिक, अरुण चतुर्वेदी, हृदयेश त्रिपाठी, शिवानी शर्मा, सुजय कुमार राय, दुर्गेश मणि त्रिपाठी, इंद्रजीत सिंह, विक्रांत पाण्डेय, संदीप, सब्बीर, सत्यव्रत दुबे, चंद्रमौली पाण्डेय व अन्य कर्मयोगी उपस्थित रहे।

# कन्नौजिया स्टार एलेवन ने जीती नगरा प्रीमियम लीग की पहली ट्राफी

## नगरा कैपिटल्स को 9 विकेट से हराया

अमन लेखनी समाचार



गोरखपुर। सहजनवां तहसील अंतर्गत आजाद क्रिकेट क्लब हरपुर बुदहट द्वारा आयोजित नगरा प्रीमियम लीग के पहले सीजन का खिताब मंगलवार को कन्नौजिया स्टार एलेवन ने नगरा केपिटल्स को 9 विकेट से हराकर खिताब अपने नाम कर लिया। बताते चले कि हरपुर बुदहट के टोला नगरा के खेल मैदान पर बीते एक पखवाड़े से चल रहे नगरा प्रीमियम लीग -2024 के प्रतियोगिता के फाइनल में मंगलवार को पहले बल्लेबाजी करते हुए नगरा कैपिटल्स ने 6 ओवर में 18 रन बनाए, वही लक्ष्य का पीछा करने उतरी कन्नौजिया स्टार एलेवन ने दो ओवर में ही 19 रन बनाकर 9 विकेट से जीत दर्ज कर ली। मुख्य अतिथि ग्राम प्रधान बुदहट संजय शुक्ला ने विजेता टीम कन्नौजिया स्टार एलेवन के कप्तान विष्णु कन्नौजिया को विजेता ट्राफी सौंपी तो वही उपविजेता टीम नगरा कैपिटल्स के कप्तान शेरू शुक्ला को उपविजेता की ट्राफी सौंपी गई। इस दौरान खेल प्रेमी मौजूद रहे।

# अवैध शराब के खिलाफ छापेमारी में 115 लीटर कच्ची शराब बरामद, एक मामला दर्ज



अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। आबकारी विभाग की टीम ने आज अमूर तानी, थाना राजघाट में छापेमारी कर 115 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की। इस दौरान 1200 किलो लहन भी नष्ट किया गया। आबकारी अधिनियम के तहत एक मामला दर्ज किया गया है। आबकारी निरीक्षक सेक्टर 2 श्याम कुमार गुप्ता आबकारी निरीक्षक सहजनवां दिनेश कुमार आबकारी निरीक्षक बांसगांव की टीम के द्वारा आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई।

# अलग अलग विवाद में चार पर दर्ज हुआ मारपीट का केस

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। सहजनवा थाना क्षेत्र के भीमापार निवासी देव नारायन शुक्ल पुत्र चंद्र प्रकाश शुक्ल रविवार को शाम 6 बजे अपने निजी वाहन से अपने परिचित के परिवार को लेकर आ रहे थे। मुंडा के पास आरोपियों ने गाड़ी रोक ली और गाली गलौज करते हुए लाठी डंडे से पीट कर घायल कर दिया। और गाड़ी तोड़ दी। पुलिस ने आरोपी विक्की, अनुराग उर्फ टिंकू, उमा के खिलाफ गाली गलौज, मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का केस दर्ज कर लिया है। वही सहजनवा थाना क्षेत्र के हरदी निवासी रेनू देवी पत्नी देवेंद्र प्रसाद को सोमवार सुबह 10 बजे पैसे के लेनदेने को लेकर चकिया निवासी मनबढ ने लात मुक्को तथा पंच से मारकर घायल कर दिया था। पुलिस ने आरोपी दीपक के खिलाफ गाली गलौज, मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का केस दर्ज कर लिया है।

## इंडिया गठबंधन की आठ सदस्यीय चुनाव संचालन गठित हुई समिति

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। लोकसभा चुनाव के लेकर विधानसभा सहजनवा इंडिया गठबंधन की तैयारी तेजी से चल रही है गोरखपुर जिले सदर के प्रत्याशी के चुनाव प्रचार को संगठित तरीके से आयोजित करने के लिए चुनाव समन्वय समित का गठन किया गया मंगलवार को सपा के विधानसभा प्रभारी एवं पूर्व विधायक यशपाल सिंह रावत द्वारा जारी की गई सूची के मुताबिक समित में वरिष्ठ नेता कांग्रेस श्रवण कुमार पाण्डेय नगर पंचायत सहजनवा अध्यक्ष संजय सिंह सैथवार ब्लॉक अध्यक्ष पाली ऋषि चंद्र गुप्ता ब्लॉक अध्यक्ष सहजनवा गब्बू लाल प्रजापति ब्लॉक अध्यक्ष पिपरौली कुशेन्दर चौबे जिला उपाध्यक्ष कांग्रेस एमपी सिंह उर्फ भगवान सिंह जिला सचिव कांग्रेस बद्री शुक्ला जिला सचिव कांग्रेस सत्य प्रकाश मिश्रा भी शामिल है।

# धूमधाम के साथ देवी भक्तों ने निकले जवारे, एवं रात्रि जागरण में मां के भजन सुनकर झूमे भक्त

अमन लेखनी समाचार/निर्मित द्विवेदी

बिंदकी, फतेहपुर। उत्तर प्रदेश के फतेहपुर जनपद के बिंदकी तहसील के अंतर्गत जहानाबाद कस्बे के मलिकपुर में स्थित फूलमती मंदिर के चैत्र मास के शुभ दिन श्रद्धालु भक्तों ने बड़े धूमधाम के साथ जवारा कार्यक्रम सम्पन्न हुआ



झांकियां के साथ शोभायात्रा निकाली जिसमें गली मोहल्ले में भ्रमण किए तत्पश्चात शाम 5:00 से सुरक्षा व्यवस्था के बीच गाने बजाने के साथ महिलाओं व कन्याओं ने सिर पर जवारे रखकर जय माता दी के जयघोष के साथ अपने गालों में लोहे की सागं चुभाकर, शोभा यात्रा निकाली जो विभिन्न गली मोहल्ले का भ्रमण करते हुए देर शाम मां फूलमती मंदिर में समापन हुआ साथ में कानपुर से आई जागरण पार्टी ने मां के भजन एवं झांकियां के साथ चलो बुलावा आया है माता ने बुलाया है आदि गीतों को सुना कर कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए

# नशे की हालत में गिर जाने से अधेड़ की हुई मौत

अमन लेखनी समाचार

समरजीत सोनकर

अमौली, फतेहपुर। जनपद के चांदपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत गांव जारा निवासी 55 वर्षीय किसान मजदूर राम प्रकाश निषाद पुत्र घसीटे की खेत में लगे नलकूप के बाहर गिर जाने से मौत हो गई जानकारी होते ही घर में कोहराम मच गया वहीं मृतक की पत्नी सांवली देवी ने पुलिस प्रशासन को सूचना देते हुए बताया कि मृतक नशे का आदी था जहां शराब पीकर नल कूप के बाहर निकला और ईटों में चोट खाकर गिर गया जिससे सर में चोट लगने से किसान की मौके पर ही मौत हो गई स्थानीय कानाफूसी तथा सोशल मीडिया में वायरल की गई सूचना के अनुसार मृतक किसान की हत्या की गई जबकि अमन लेखनी हिंदी दैनिक समाचार पत्र इस बात की पुष्टि नहीं करता सोशल मीडिया में वायरल सूचना को संज्ञान में लेते हुए थाना अध्यक्ष चांदपुर बच्चे लाल प्रसाद समेत पुलिस बल मौके पर पहुंचा जहां मृतक की पत्नी ने किसी भी प्रकार की लिखित तहरीर ना देते हुए मौखिक रूप से बताया कि नशे के कारण उसके पति की चोट खाने से मौत हुई है थाना अध्यक्ष ने विधिक कार्यवाही करते हुए शव को शवविच्छेदन गृह फतेहपुर के लिए रवाना किया

## अंजना सिंह पाल ने हासिल की पीएचडी की उपाधि

अमन लेखनी समाचार/हेमन्त यादव

गरौठा, झांसी। झांसी जनपद के गरौठा तहसील अंतर्गत ग्राम अस्ता निवासी ठाकुरदास पाल की पुत्री एवं डॉ. भृगुनाथ पाल की पत्नी अंजना सिंह पाल ने श्री कृष्णा यूनिवर्सिटी छतरपुर (म.प्र.) से पीएचडी की उपाधि प्राप्त की है। उन्होंने यह उपाधि ₹शासकीय सेवा से सेवानिवृत्त वृद्धजनों की मनोसामाजिक स्थिति का समाजशास्त्रीय अध्ययन (उत्तर प्रदेश के झांसी जनपद के विशेष संदर्भ में)₹ विषय पर किए गए अपने शोध कार्य के लिए प्राप्त की है। पीएचडी की उपाधि मिलने पर ग्रामवासियों ने अंजना सिंह पाल के घर जाकर उन्हें बधाई दी और मिठाई खिलाकर उनके उज्वल भविष्य की कामना की।

# प्रधानाचार्य द्वारा मेधावी छात्र हुए सम्मानित




अमन लेखनी समाचार/निर्मित द्विवेदी

बिंदकी, फतेहपुर। उत्तर प्रदेश के फतेहपुर जनपद के बिंदकी तहसील के अंतर्गत खजुहा कस्बे में मेधावियों को उत्साह वर्धन किया गया और उत्कृष्ट प्रदर्शन के सम्मानित भी किया गयोमाध्यमिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश परीक्षा-2024 मे श्री पुरुषोत्तम इण्टर कालेज खजुहा फतेहपुर में, हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट परीक्षा 2024 में विद्यालय में छात्र हर्षित मिश्रा हाईस्कूल परीक्षा में 94% अंक प्राप्त कर सर्वश्रेष्ठ स्थान प्राप्त किया, तथा इण्टर में छात्र वैभव सिंह ने 92% अंक प्राप्त कर सर्वश्रेष्ठ स्थान प्राप्त किया। आज विद्यालय में प्रधानाचार्य राजेश कुमार सरोज द्वारा टाप टेन सर्वश्रेष्ठ स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्य एवं शिक्षकों द्वारा उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी गई।

# प्रचंड गर्मी से राहत हेतु गौशालाएं की जाऐं व्यवस्थित - सी इंदुमती

### जिलाधिकारी ने गौशाला संचालक समेत विभागीय कर्मचारी अधिकारी एवं चिकित्सकों को दिए दिशा निर्देश

अमन लेखनी समाचार/शोभित शुक्ला

फतेहपुर। विगत वर्षों की अपेक्षा इस वर्ष ग्रीष्मकालीन वातावरण समय से पूर्व प्रारंभ हो गया अप्रैल माह में ही प्रचंड गर्मी तथा कड़ी धूप का सामना आम जनमानस को करना पड़ रहा है इन्हीं सभी बातों को देखते हुए जनपद की जिलाधिकारी सी इंदुमती ने जनपद में संचालित समस्त गौ आश्रय केंद्र एवं गौशालाओं के संचालक चिकित्सा अधिकारी कर्मचारी गणों को शीघ्र प्रबंधन के लिए दिशा निर्देश दिए जिला अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि सभी गौशाला संचालक जिम्मेदारों को दिशा निर्देश दिया गया है कि भीषण गर्मी को देखते हुए गौशालाओं में गोवंश के लिए छाया की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए वही गर्म हवाओं के प्रकोप से बचने हेतु तिरपाल टाट बोरी इत्यादि से गोवंश के आश्रय स्थल को ढका जाए गौशालाओं पर पर्याप्त मात्रा में हरा चारा दाना भूसा इत्यादि की व्यवस्था संपूर्ण रूप से सुनिश्चित होनी चाहिए वही गोवंश के लिए स्वच्छ पीने वाले जल की उत्तम व्यवस्था की जाए गौशाला संचालक के साथ-साथ पशु चिकित्सा अधिकारी को भी जिलाधिकारी निर्देश दिया कि गौशाला अंतर्गत चिकित्सा अधिकारी निरंतर अपनी कड़ी नजर बनाए रखें वही समय-समय पर गोवंश को यथा उचित उपचार प्रदान किया जाए बीमार गौवंश को छाया युक्त सुरक्षित स्थान पर रखते हुए उपचार किया जाए तथा शव का निस्तारण सम्मानजनक पूर्ण से किया जाए जिलाधिकारी ने दिशा निर्देश दिया कि प्रत्येक गौशालाओं में अग्निशमन केंद्र के दूरभाष नंबरों को अंकित कराया जाए वहीं रात्रि कालीन बेला में नियमित रूप से चौकीदार की देखरेख में संपूर्ण गौशाला होनी चाहिऐ

**समीक्षा** — टिफीन बैठक की तैयारियों की समीक्षा की, बोले-भाजपा का लक्ष्य चुनाव जीतना नहीं, बल्कि अच्छे मार्जिन से जीतना है

# जौनपुर पहुंचे बीजेपी के प्रदेश महामंत्री धर्मपाल सिंह

अमन लेखनी समाचार




जौनपुर, जौनपुर में भारतीय जनता पार्टी की एक बैठक जिलाध्यक्ष पुष्पराज सिंह के अध्यक्षता मे सम्पन्न हुई, जिसमे मुख्य अतिथि के रूप मे प्रदेश संगठन महामंत्री धर्मपाल सिंह एवं विशिष्ट अतिथि के रूप मे क्षेत्रीय अध्यक्ष दिलीप पटेल उपस्थित रहे। जहां सर्वप्रथम पार्टी के पुरोधा डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुभारंभ की गई। इसके बाद सभी कार्यकताओं द्वारा वंदे मातरम का गीत गाया गया। साथ ही मुख्य अतिथि महामंत्री धर्मपाल सिंह का पुष्प और अंग वस्त्र देकर जिलाध्यक्ष ने स्वागत किया। इस बैठक में मुख्य अतिथि धर्मपाल सिंह ने कहा कि भाजपा का लक्ष्य चुनाव जीतना नहीं, बल्कि अच्छे मार्जिन से चुनाव जीतना है। लोकसभा चुनाव को लेकर अब तक की गई। जहां तैयारियों की समीक्षा करते हुए कहा कि लोकसभा संयोजक एवं लोकसभा प्रभारी प्रत्येक मंडल पर प्रवास कर पार्टी के अभियान एवं कार्यक्रमों की समीक्षा और मानिटरिंग करें। वहीं, विधानसभा संयोजक एवं विधानसभा प्रभारी शक्ति केंद्र पर प्रवास कर पार्टी के संगठनात्मक अभियानों की समीक्षा करें। धर्मपाल सिंह ने कहा कि मंडल स्तर की सूची बनाकर पार्टी के एक एक कार्यकर्ता को जिम्मेदारी सौंपे। बूथ एक्टिवेट होगा, तभी चुनाव एक्टिवेट होगा। हमें मतदाताओं का शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करना है। इसके लिए नियोजन कर बूथ पर रहने वाले प्रत्येक कार्यकर्ता का दायित्व निर्धारित करें। भाजपा प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह ने 24 अप्रैल को आयोजित होने वाली टिफीन बैठक की तैयारियों की समीक्षा भी की। उन्होंने कहा कि जौनपुर लोकसभा क्षेत्र में 1100 पोलिंग स्टेशन पर होने वाली टिफीन बैठक में कार्यकर्ता अपने आस-पास के लोगों को ज्यादा से ज्यादा लोगों को लेकर आये और टिफिन करे और उनसे केंद्र और प्रदेश सरकार की उपलब्धियों को बताकर भाजपा के पक्ष मे वोट करने की अपील करे। पार्टी ने इस बैठक के लिए जो लक्ष्य निर्धारित किया है, उसको हासिल करने के लिए सभी जनप्रतिनिधि, पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकताओं को अपना बेस्ट देना होगा। क्षेत्रीय अध्यक्ष दिलीप पटेल ने कहा कि सभी भाजपा कार्यकताओं को चुनाव प्रबंधन समिति के माध्यम से सामूहिक रूप से 40 दिन मे लोकसभा को गति प्रदान करना है। कार्यकर्ता लाभार्थियों से समन्वय स्थापित कर भाजपा के पक्ष में समर्थन मांगे केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं के बारे में चर्चा करने के साथ हर कार्य क्षेत्र में कार्य करना है।

यहां हर काम को आगे बढ़कर करना है और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पुनः प्रधानमंत्री बनाना है। जिलाध्यक्ष पुष्पराज सिंह ने कहा कि अब समय कम है। जहां बूथ प्रबंधन को मजबूत रखना हमारी जिम्मेदारी है। इसमें विधानसभा संयोजकों की महत्वपूर्ण दायित्व है, बूथ मजबूत होगा तभी मत प्रतिशत बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि सभी ने अपने बूथों पर पन्ना प्रमुख बनाए हैं। पन्ना प्रमुखों से समन्वय कर समीक्षा करनी चाहिए। तब जाकर मेरा बूथ सबसे मजबूत धरातल पर उतरेगा। चुनाव प्रबंधन समिति विधानसभाओं तक जाकर अपने कार्य करे, यही हमारी नैतिक जिम्मेदारी है।

# अनपरा परियोजना में अग्निशमन सेवा सप्ताह का आगाज

### ❍ संयुक्त अस्पताल में आग से बचने और बुझाने के बताए गए तरीके

अमन लेखनी समाचार



अनपरा, सोनभद्र के अनपरा नगर पंचायत के डिबुलगंज स्थित भगतसिंह नगर वार्ड नंबर 2 संयुक्त चिकित्सालय है। यहां मेघा अनपरा पावर कंपनी के अग्निशमन विभाग ने आग बुझाने के कई प्रकार के तरिकों के बारे में कर्मचारियों को जानकारी दी गई। यहां तेल में लगी आग को बुझाने के बारे में जानकारी दी गई। सोनभद्र के 80वें राष्ट्रीय अग्निशमन सेवा सप्ताह के अवसर पर मेघा अनपरा पावर कंपनी के अग्निशमन विभाग ने संयुक्त अस्पताल के कर्मचारियों को आग बुझाने के तरिकों से अवगत कराया। साथ ही अग्निशमन विभाग के अधिकारी सुशील ने विभिन्न माध्यमों से आग लगने जैसे शार्ट सर्किट से आग लगना, फायर मॉक ड्रिल के दौरान गैस सिलेंडर में आग लगने पर बुझाने के अलग-आलग तरीकों के बारे में जानकारी दी गई। इसके साथ ही गैस सिलेंडर में आग लगने पर उसे चारों ओर से मोटे कपडे. को पानी मे भिगोकर सिलेंडर को चारों तरफ से ढककर आग बुझाया जा सकता है। साथ ही समान साइज के बाल्टी का उपयोग कर किस तरह बुझाया जा सकता है। आग लगने पर आग को मेन स्विच ऑफ कर या पाइप खोलकर या हटाकर अंगुली का प्रयोग कर कैसे बुझाया जा सकता है।

## चेकिंग के दौरान दो जेबकतरे गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार

भरुआ सुमेरपुर। पुलिस ने चेकिंग के दौरान फैक्ट्री एरिया से दो जेबकतरों को गिरफ्तार करके जेल भेजा है। बीती रात फैक्ट्री एरिया पुलिस चौकी इंचार्ज राहुल मिश्रा ने चेकिंग के दौरान आरकेश आदिवासी निवासी नया चंद्रपुरा सिविल लाइंस छतरपुर एवं रोहित राज निवासी प्रकाश नगर थाना दतिया देहात जिला दतिया को गिरफ्तार करके जेल भेजा है। पुलिस का आरोप है कि दोनों शातिर किस्म के जेबकतरे हैं। दोनों को पुलिस अरसे से तलाश रही थी। गिरफ्तारी के दौरान हेड कांस्टेबल अफरोज खान, सिपाही सुरेंद्र कुमार मौजूद रहे।

## निर्माणाधीन दिवाल गिरने से मजदूर गंभीर रूप से घायल, रेफर

अमन लेखनी समाचार

मौदहा हमीरपुर। नगर के तहसील मार्ग पर निमार्णाधीन मार्केट परिसर में कच्ची दीवाल गिरने से उसमें दबकर मजदूर युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे सरकारी अस्पताल से प्राथमिक इलाज के बाद नाजुक हालत में मुख्यालय रेफर कर दिया गया। नगर के तहसील मार्ग पर फहीमुद्दीन अपनी मार्केट बनवा रहा है जिस पर ग्राम चकदहा निवासी सुमित 20 वर्ष पुत्र रामेश्वर मजदूरी करता है। मंगलवार की दोपहर जब वह एक पुरानी कच्ची दीवार गिरा रहा था तभी अचानक दीवार ढहने से सुमित दीवाल के मलवे में दब गया, यह देख वहां मौजूद मजदूरों ने आनंन -फानन दीवाल का मलवा हटाकर सुमित को निकाल गंभीर हालत में सरकारी अस्पताल मौदहा में भर्ती कराया, जहां चिकित्सक ने उसकी हालत नाजुक देख उसका प्राथमिक उपचार कर उसे मुख्यालय रेफर कर दिया।

## भूमि बेचने के दौरान उप निबंधक कार्यालय में मची अफरा तफरी, पीड़ित ने दी पुलिस को तहरीर

अमन लेखनी समाचार

सफीपुर, उन्नाव। उप निबंधक कार्यालय में भूमि बैनामे के दौरान दो पक्षो के बीच कहा सुनी हो गई। जमीन विक्रेता ने पुलिस अधीक्षक को फोन कर जानकारी दी कोतवाली पुलिस फोर्स मौके पर पहुचा। भूमि विक्रेता ने तहरीर देकर आधा दर्जन लोगों पर धन उगाही का दबाव बनाने के लिए मारपीट व धमकी देने का आरोप लगाया अब्दुल बासे पुत्र हाकिम निवासी इब्राहिमगंज जनपद अलीगढ़ ने कोतवाली पुलिस को दी तहरीर में बताया कि शेरपुर खुर्द गांव में उसकी पैतृक भूमि है जिसको बेचने वो उपनिबंधक कार्यालय पहुचे जहा कुछ देर बाद शेरपुर खुर्द निवासी रईस बेग अपने अन्य साथियों के साथ आ गए।और बैनामे की रकम से उगाही का दबाव बनाने लगे मना करने पर मारपीट पर आमादा हो गए और जान से मार देने की धमकी देने लगे प्रभारी निरीक्षक श्यामनारायण सिंह ने बताया कि तहरीर मिली है सी सी टी वी फुटेज के प्रयास किए जा रहे है जांच कर अग्रिम कार्यवाही की जायेगी।

## कालका देवी मंदिर में जवारा मेला आयोजित किया गया

अमन लेखनी समाचार

कुरारा, हमीरपुर।विकास खंड क्षेत्र के जल्ला गांव स्थित प्राचीन कालका देवी मंदिर में जवारा मेला आयोजित किया गया। महिलाएं मिट्टी के पात्र में उगे जवारे लेकर देवी गीत गाते हुए चल रही थी। तथा देवी भक्त ढोल बाजे झांझ के साथ अचरी गीत गाते हुए चल रहे थे। देर शाम मंदिर में जाकर समापन हुआ। देवी भक्तो ने अपने गाल में लोहे की वजनी सांग छिदवा कर पूजा अर्चना की।

# हीट स्ट्रोक पर स्वास्थ्य विभाग अलर्टः प्रमुख सचिव

## दोनों विभागों के सहयोग से यूपी राजकीय सैनिक स्कूल में हुई संवेदीकरण कार्यशाला

**कहा- स्वास्थ्य-शिक्षा विभाग के संयुक्त प्रयास से संचारी रोगों पर भी लगेगी लगाम**

**छह इंटर कालेज के छात्र-छात्राओं ने किया प्रतिभाग, बनाए मनमोहक पोस्टर व पेंटिंग, विशेषज्ञों से पूछे सवाल**

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। हीट स्ट्रोक के साथ ही मलेरिया, डेंगू, चिकनगुनिया जैसी वेक्टर जनित बीमारियों के किसी भी मामले से निपटने के लिए स्वास्थ्य इकाइयां पूरी तरह तैयार हैं। स्वास्थ्य विभाग रोकथाम गतिविधियों के लिए अन्य विभागों और स्थानीय निकायों का सक्रिय सहयोग भी ले रहा है। शिक्षा विभाग हमारे सबसे अहम भागीदारों में से एक है। लोगों को गर्मी से संबंधित और वेक्टर जनित बीमारियों से बचने के लिए क्या करें और क्या न करें, के बारे में स्वयं जागरूक होना होगा और इसके प्रति पर्याप्त सावधानी बरतनी होगी। यह बात प्रमुख सचिव चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण पार्थ सारथी सेन शर्मा ने मंगलवार को स्वास्थ्य एवं शिक्षा विभाग के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित कार्यक्रम के संबंध में कही। वर्तमान में प्रदेश में बारह विभाग मिलकर हीट स्ट्रोक और वेक्टर जनित बीमारियों से निपटने के लिए विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान में सहयोग कर रहे हैं।

संचारी रोगों के प्रति सामुदायिक जागरूकता मजबूत करने के उद्देश्य से आयोजित इस कार्यक्रम में छह इंटर कालेज के 150 से अधिक छात्र-छात्राएं यूपी राजकीय सैनिक स्कूल में एकत्रित हुए। विशेषज्ञों ने उन्हें विभिन्न संचारी रोगों के लक्षण और बचाव के तरीके के बारे में बताया। छात्रों ने संचारी रोग नियंत्रण अभियान से जुड़े कई जानकारीपरक पोस्टर व मनमोहक पेंटिंग प्रदर्शित किए। स्कूल के पांच युवा चैंपियन कशिश, अंशिका, वर्षिका, आकांक्षा व प्राची, जिन्होंने बीते फरवरी में फाइलेरिया उन्मूलन अभियान का नेतृत्व किया था और स्कूल व स्वास्थ्य केंद्र में नुक्कड़ नाटक किए थे, को संयुक्त निदेशक मलेरिया डॉ विकास सिंघल ने सम्मानित किया।

डॉ सिंघल ने अपने उद्बोधन में बताया कि स्वास्थ्य विभाग संचारी रोगों की रोकथाम की जानकारी और गतिविधियों के लिए महत्वपूर्ण मंच के रूप में शैक्षणिक संस्थानों की ताकत का उपयोग कर रहा है। यदि युवा वर्ग पूरी तरह से जागरूक हो जाएगा और अपने आसपास बचाव के तरीकों पर ध्यान देने लगेगा तो हम संचारी रोगों पर अच्छी तरह से काबू पा लेंगे।

केजीएमयू की कम्युनिटी मेडिसिन की विभागाध्यक्ष डॉ मोनिका अग्रवाल ने कहा कि यह पहल केवल निवारक उपायों के बारे में नहीं है। यह हमारे युवाओं और उनके समुदायों को उनके स्वास्थ्य की जिम्मेदारी लेने के लिए सशक्त बनाने के बारे में भी है।

यूपी राजकीय सैनिक स्कूल के प्रिंसिपल विनोद कुमार ने कहा कि हम दृढ़ता से महसूस करते हैं कि एक शैक्षणिक संस्थान के रूप में हमें सार्वजनिक स्वास्थ्य कार्यक्रमों का एक अभिन्न अंग होना चाहिए चाहे वह हालिया फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम हो या वर्तमान संचारी रोग नियंत्रण कार्यक्रम। उन्होंने कहा कि स्कूलों में स्वास्थ्य शिक्षा को एकीकृत करके हम अपने बच्चों के स्वस्थ भविष्य की नींव रख रहे हैं। बीमारी की रोकथाम के बारे में हमारे बच्चों और उनके परिवारों को शिक्षित करना कमजोर आबादी में संक्रमण के प्रसार को कम करने में अहम कदम है। प्रश्नोत्तर सत्र में छात्रों ने विशेषज्ञों से कई सवाल पूछे। इसके अलावा यह संदेश भी ग्रहण किया कि बुखार में देरी पड़ेगी भारी। बुखार हो तो खुद से इलाज नहीं करना है। डाक्टर को दिखाना है। इस मौके पर जिला मलेरिया अधिकारी डॉ ऋतु श्रीवास्तव, प्रभारी अधीक्षक सरोजिनी नगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डॉ चन्दन, सीफार और पाथ के सदस्य के साथ-साथ राजकीय यूपी सैनिक स्कूल, लाला रामस्वरूप इंटर कालेज, राजकीय इंटर कालेज रहीम नगर पडियाना, गौतमबुद्ध इंटर कालेज, हीरालाल इंटर कालेज व जीएसएम पब्लिक स्कूल के छात्र-छात्रा और शिक्षक उपस्थित रहे।

## ग्राम प्रधान ने पेरोल बनाने से किया मना दबंग ने की गाली गलौज

**पत्तल न उठाने से नाराज हैं दबंग**

अमन लेखनी समाचार

भरुआ, सुमेरपुर। ग्राम पंचायत बड़ागांव में कार्यरत सफाई कर्मियों ने ग्राम प्रधान पर पेरोल न बनाने तथा गांव के एक युवक पर गाली-गलौज कर जान से मार देने की धमकी देने का आरोप लगाकर मामले की शिकायत एडीओ पंचायत के साथ सदर कोतवाली में की है।

सफाई कर्मी कैलाश बाल्मीकि, अरुण कुमार वर्मा की तैनाती बड़ागांव में है। दोनों का आरोप है कि वह 22 अप्रैल को प्रधान के पास पेरोल बनवाने गए थे। उन्होंने दूसरे दिन आने को कहा था। जब 23 अप्रैल को वह प्रधान के पास पहुंचे तब ग्राम प्रधान ने गांव निवासी सर्वेश यादव से पूछा कि पेरोल बनाऊं अथवा नहीं, तब सर्वेश ने प्रधान को पेरोल बनाने से मना कर दिया। इसके बाद वह वापस पंचायत भवन आकर सफाई में जुट गए। तभी करीब 11 बजे सर्वेश यादव पंचायत भवन आ धमका और कहा कि तुमने मेरी बहन की शादी में पत्तल नहीं उठाए थे। इस वजह से तुम्हारा पेरोल नहीं बनेगा और जाति सूचक शब्दों से गाली गलौज करके जान से मारने की धमकी देकर चला गया। सफाई कर्मियों ने मामले की शिकायत एडीओ पंचायत के साथ सदर कोतवाली में करके न्याय की गुहार लगाते हुए कार्रवाई की मांग की है। दोनों ने अपनी जान का खतरा बताया है। ग्राम प्रधान हरदील निषाद ने बताया कि सफाई कर्मी सफाई नहीं करते हैं। राजनीति करते हैं और उनसे काम के लिए कहा जाता है तो अभद्रता करते हैं। इस वजह से इनका पेरोल रोका गया है। वहीं पूर्व माध्यमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक गौरव का भी आरोप है कि सफाई कर्मी नियमित सफाई करने के लिए विद्यालय नहीं आते हैं।

## माँ पूर्णा जन कल्याण सेवा संस्थान ने मनाया पृथ्वी दिवस

**प्लास्टिक मुक्त भारत थीम पर हुआ आयोजन**

अमन लेखनी समाचार

**लखनऊ।** मंगलवार को विज्ञान मंत्रालय भारत सरकार द्वारा प्रायोजित पृथ्वी दिवस 2024 का आयोजन जनपद के प्रतिष्ठित स्वैच्छिक संगठन माँ पूर्णा जन कल्याण सेवा संस्थान हरदोई द्वारा माधौगंज स्थित एम० एस० पब्लिक स्कूल इंटर कॉलेज परिसर पर किया गया। मुख्य अतिथि ने दी थीम की जानकारी कार्यक्रम की मुख्य अतिथि रश्मि वर्मा ने पृथ्वी दिवस 2024 की थीम ग्रह बनाम प्लास्टिक के मुताबिक देश मे संचालित प्लास्टिक मुक्त भारत अभियान पर प्रकाश डालते हुए कहा कि प्लास्टिक अपशिष्ट से हमारे पर्यावरण को भारी नुकसान पहुंच रहा है। प्लास्टिक अपशिष्ट से फैल रहे प्रदूषण से भूमिगत जल में बड़े पैमाने पर विषाक्त प्रदूषण फैल रहा है। अब दिनोदिन बढ़ रहे प्लास्टिक कचरे से प्रभावी भूजल रिचार्ज प्रक्रिया में ब्यवधान से शुद्ध पेयजल की उपलब्धता में दिनोदिन हो रही कमी पूरी दुनिया मे चिंता का विषय बन चुका है।

### बताई पृथ्वी दिवस आयोजन की महत्ता

संगठन के प्रबंध निदेशक एडवोकेट नीरज शुक्ला ने पृथ्वी दिवस आयोजन के बारे में बताया कि आने वाली पीढ़ियों के प्लास्टिक मुक्त भविष्य निर्माण के लिए अंतिम लक्ष्य के साथ इस वर्ष की थीम ग्रह बनाम प्लास्टिक के अनुरूप देश मे प्लास्टिक मुक्त भारत की थीम तय हुई है। उन्होंने कहा कि प्लास्टिक के अंधाधुंध उपयोग से बहु आयामी प्रदूषण बढ़ रहा है। पिछले कई दशकों में हुए कई अध्ययन से पता चला है कि प्लास्टिक कणों से मानव फेफड़ों में कैंसर जैसी जानलेवा बीमारी दिनोदिन बढ़ रही है,इसलिए भारत सरकार द्वारा प्लास्टिक मुक्त भारत अभियान शुरू किया गया है।

### बताए प्लास्टिक अपशिष्ट से बचने के उपाय

एम०एस० इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य अमित कुशवाहा ने कहा कि पॉलिथीन के कैरी बैग का कम से कम प्रयोग किया जाना चाहिए। बाजार से सामान खरीद कर लाने के लिए घर से झोला लेकर जाना अधिक सुसंगत उपाय हो सकता है।पॉलिथीन और प्लास्टिक कचरे को नष्ट करने के लिए खुले में जलाने के बजाय जमीन में गहरे गड्ढे में दबाये और मिट्टी के पारंपरिक तरीके से बने बर्तनों के प्रयोग को बढ़ावा दें,और प्लास्टिक से बने सामान का प्रयोग धीरे-धीरे कम करें।

### पर्यावरण संरक्षण के लिए हुआ वृक्षारोपण

कार्य क्रम के समापन के पूर्व पर्यावरण संरक्षण के लिए मुख्य अतिथि ,कॉलेज और संगठन स्टाफ द्वारा छात्र छात्राओं को प्रेरित करते हुए कॉलेज परिसर पर आम, नीम, अशोक,पीपल, बरगद,के तमाम पेंड़ रोपित किए गए। इस अवसर पर संगठन द्वारा आयोजित चित्रकला एवं निबंध प्रतियोगिता में प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान पाने वाले छात्र-छात्राओं को परितोषक एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम आयोजन में कोषाध्यक्ष मनोज हिंदू ने महती भूमिका का निर्वहन किया और कार्यक्रम का प्रभावी संचालन समाजसेवी बेचेलाल द्वारा किया गया।कार्यक्रम में भारी संख्या में छात्र ,अविभावक, और स्थानीय संभ्रांत नागरिक उपस्थित रहे।

## करमा पुलिस द्वारा दो अभियुक्तो के कब्जे से 40 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद कर गिरफ्तार किया गया

सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक सोनभद्र द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत अपर पुलिस अधीक्षक (आप0) के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी घोरावल सोनभद्र के निकट पर्यवेक्षण में आगामी लोक सभा चुनाव 2024 को सकुशल एवं शान्ति पूर्वक सम्पन्न कराये जाने के दृष्टिगत अवैध शराब व मादक पदार्थ की बरामदगी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में दिनांक 22.04.2024 को समय करीब 20.15 बजे दो नफर अभियुक्तों 01.कान्ती देवी पत्नी कन्हैया गुप्ता निवासी ग्राम सिरसिया ठकुराई (रमपथरा) थाना करमा जनपद सोनभद्र उम्र करीब 55 वर्ष, 02.महेश गुप्ता पुत्र कन्हैया गुप्ता निवासी सिरसिया ठकुराई (रमपथरा) थाना करमा जनपद सोनभद्र उम्र करीब 28 वर्ष को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से दो प्लास्टिक के जरिकेन में व एक बाल्टी में कुल 40 ली0 अवैध कच्ची शराब व शराब बनाने के उपकरणों को बरामद कर गिरफ्तार किया गया।

## लोकसभा सामान्य निर्वाचन की सभी तैयारियां चाक चौबंद रहेः मण्डलायुक्त-आईजी

**शांतिपूर्ण, स्वतंत्र एवं निष्पक्ष मतदान सम्पन्न कराने में अधिकारियों की भूमिका महत्वपूर्णः डॉ0 रोशन जैकब**

**मतदान केन्द्रों पर मतदाताओं एवं मतदान कर्मियों के लिए उपलब्ध रहेंगी जरूरी सुविधाएं**

अमन लेखनी समाचार

रायबरेली,कलेक्ट्रेट के बचत भवन सभाकक्ष में लखनऊ मण्डल की मण्डलायुक्त डॉ0 रोशन जैकब तथा आईजी तरुण गाबा ने अधिकारियो को निर्देश दिये कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 को निष्पक्ष व भय रहित सम्पन्न कराने की सभी आवश्यक तैयारियों को सुद्धढ़ रखा जायें। यदि कहीं कोई कमी हो उसे तत्काल दुरुस्त कर सभी तैयारियां चाक चौबंद रखी जायें। कानून एवं शांति व्यवस्था, वल्नरेबिलिटी,संवेदनशील एवं अति संवेदनशीलता क्षेत्रो को एसडीएम, सीओ तथा सम्बंधित टीमें संयुक्त रूप से भ्रमण कर कमियों को दूर कर ले।उन्होने निर्देश दिये कि जनपद में शांतिपूर्ण, स्वतंत्र एवं निष्पक्ष मतदान सम्पन्न कराने में निर्वाचन कार्य में लगे अधिकारियों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। अतः वे अपने दायित्वो का पूरी जानकारी रखते हुए निर्वाचन कार्य को निष्पक्ष व निर्भीक होकर सम्पन्न कराये तथा मतदान केन्द्रों एवं मतदेय स्थलों (पोलिंग बूथ) पर मतदाताओं एवं मतदान कर्मियों के लिए जरूरी सुविधाएं मुहैया करायें।

मण्डलायुक्त ने कहा मजिस्ट्रेट व क्षेत्राधिकारी अपने क्षेत्रो में भ्रमण कर निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित कराये। निर्वाचन आयोग का स्पष्ट निर्देश है कि निर्वाचन निष्पक्ष, निर्भीक होने के साथ ही घटनारहित हो। मतदान के पूर्व और मतदान के बाद के कार्यों की समुचित जानकारी संबंधित को उपलब्ध कराये। उन्होंने कहा चुनाव में किसी भी प्रकार का भय व दबाव बनाने वाले असामाजिक तत्वों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जाये। निरोधात्मक कार्यवाही संख्या के आधार पर नहीं गुणवत्ता के आधार पर की जाये। सभी गांवों का भ्रमण कर तथा मतदाता को स्वेच्छा व बिना भय के मतदान के लिए प्रेरित करें। उन्होने कहा कि किसी भी सार्वजनिक, सरकारी भवन पर पोस्टर, होर्डिग नही लगी होनी चाहिए। यदि किसी ने पुनः कही लगा दी हो तो उसको तत्काल हटवा दे तथा उसका खर्चा प्रत्याशी के खर्चे में जोड़ने के साथ ही दंडात्मक कार्यवाही भी करें। सभी मतदेय स्थलों पर विद्युत,शौचालय,पानी की व्यवस्था पूरी तरह से दुरुस्त रहे। थाना स्तर पर चुनाव रजिस्टर, हालचाल रजिस्टर आदि के साथ ही निर्वाचन शिकायत रजिस्टर भी बना ले। उसमें जो शिकायतकर्ता मोबाइल से शिकायत दर्ज कराता है उसे भी दर्ज कर उसका निस्तारण भी समय से करा ले। मतदान पूर्व एवं बाद की सभी तैयारियों का गहन निरीक्षण कर जो भी कमियां हो उसे दुरुस्त कर लिया जाये। सेक्ट्रर मजिस्ट्रेट,पीठासीन अधिकारी, उड़नदस्ता टीम,वीडियो निगरानी टीम आदि पूरी तरह समय से क्रियाशील रहे।

मण्डलायुक्त/आईजी ने कहा कि प्रशासन तथा निर्वाचन आयोग प्रत्येक निर्वाचन को शांतिपूर्ण,निष्पक्ष,निर्भीक माहौल में सम्पन्न कराने के लिए प्रतिबद्ध है और किसी भी दशा में इसकी सुचिता पर आंच नहीं आने दी जायेंगी। उन्होंने कहा कि मतदान कार्मिक सख्त व निष्पक्ष रहकर निर्वाचन कार्यों व अपने दायित्वों का निर्वहन करे। किसी भी दशा में किसी भी व्यक्ति का आतिथ्य स्वीकार न करे और निष्पक्ष रहे। दिव्यांग मतदाताओं का मतदान कराने के लिए सम्पूर्ण व्यवस्था दुरुस्त रखी जाये। उनके लिए रैंप,व्हीलचेयर, प्रत्येक मतदान केन्द्रों पर महिला व पुरुष शौचालय की व्यवस्था को दुरुस्त रखा जाये।

लखनऊ आईजी ने कहा कि चुनाव एक महायज्ञ की भांति है जिसमें सभी अधिकारी, कर्मचारी टीम भावना से कार्य करें।सभी एसडीएम, सीओ क्षेत्र में भ्रमण करते रहे। ऐसा माहौल बनाये जिससे निष्पक्ष मतदान सम्पन्न हो। लोगों के बीच में जाकर क्षेत्र की संवेदनशीलता की जानकारी भी लेते रहे। जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी हर्षिता माथुर तथा पुलिस अधीक्षक अभिषेक कुमार अग्रवाल, मुख्य विकास अधिकारी पूजा यादव ने भी निर्वाचन सम्बंधी सभी तैयारियों की जानकारी मण्डलायुक्त तथा आईजी को देते हुए बताया कि जनपद में आदर्श आचार संहिता, धारा 144 तथा निर्वाचन आयोग के दिशा निदेशों का कड़ाई से अनुपालन कराया जा रहा है। असामाजिक तत्वों,वल्नरेबिलिटी और संवेदनशीलता चिन्हित कर निरोधात्मक कार्यवाही की जा रही है। मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के माध्यम से लोगों को मतदान करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। स्वीप के अन्तर्गत मतदाता जागरूकता कार्यक्रम सभी ग्रामों, न्याय पंचायत, ब्लाक व जनपद स्तर पर किये जा रहे है। जिन ग्रामों में मत प्रतिशत कम था वहां पर मतदाता जागरूकता कार्यक्रम अभियान से लोगों को मतदान करने के लिए जागरूक भी किया जा रहा हैं। इसके अलावा रैलियों का भी आयोजन किया जा रहा है जिसमें गांव और दूर दराज के सभी आयु के पुरुष व महिला शामिल हो रहे है। मतदाताओं को मतदाता जागरूकता की शपथ भी दिलाई जा रही है। जिला निर्वाचन अधिकारी हर्षिता माथुर व पुलिस अधीक्षक अभिषेक कुमार अग्रवाल ने बताया कि कानून एवं शांति व्यवस्था व अन्य तैयारियां पूरी तरह दुरूस्त है। असामाजिक तत्वों के विरूद्ध 107,116,110 तथा गुण्डा एक्ट आदि की निरोधात्मक कार्यवाही भी गुणवत्ता के आधार पर की जा रही है। चिन्हित अपराधियों पर कार्यवाही भी की जा रही है। निर्वाचन आयोग के निदेशों का उल्लंघन करने वालों के विरूद्ध नोटिस देने के साथ ही प्रथम सूचना रिपोर्ट भी दर्ज करवाने के निर्देश दिये गये है। बैठक में अन्य बिंदुओं पर भी विस्तार से चर्चा हुई तथा अधिकारियों को उचित दिशा निर्देश भी दिये गये। इस मौके पर एडीएम प्रशासन प्रफुल्ल त्रिपाठी, एएसपी, समस्त एसडीएम, कंट्रोल रूम के सभी नोडल अधिकारी,नगर मजिस्ट्रेट एवं थानाध्यक्ष आदि मौजूद रहे।

## मंडलायुक्त-आईजी ने स्ट्रांग रूम व पोलिंग पार्टी रवानगी स्थल का किया निरीक्षण

रायबरेली, लखनऊ मण्डल की मण्डलायुक्त डॉ0 रोशन जैकब व आईजी तरुण गाबा ने स्थित गोरा बाजार स्थित राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान आईटीआई में बने स्ट्रांग रूम व पोलिंग पार्टी रवानगी स्थल का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। मण्डलायुक्त ने कहा कि यहां पर पानी, बिजली, शौचालय सहित सुरक्षा व्यवस्था को देखकर व्यवस्थाओं की जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिया कि मतदान वाले दिन पोलिंग पार्टियों की रवानगी समय से की जाए तथा मतदान कर्मियों के लिए सभी जरूरी सुविधाएं मुहैया करायी जाये और सुरक्षा व्यवस्था का पूरा ख्याल रखा जाए। सीसीटीवी कैमरे 24 घंटे क्रियाशील रहे हैं। मतगणना के समय सभी व्यवस्थाओं को भी दुरुस्त रखा जाए।

## अलंकरण समारोह में मेधावी छात्रों को ब्लाक प्रमुख ने पुरस्कार वितरण किया

अमन लेखनी समाचार

कुरारा, हमीरपुर। कस्बा कुरारा में संचालित एच एस कान्वेंट इंटर कॉलेज में विद्यालय अलंकरण समारोह में मेधावी छात्रों को ब्लाक प्रमुख आशीष पालीवाल ने पुरस्कार वितरण किया। एच एस कान्वेंट इंटर कॉलेज में हाईस्कूल एवं इंटर मीडिएट में अच्छे अंक लाने वाले छात्र छात्राओं के अलंकरण समारोह का आयोजन किया। ब्लाक प्रमुख आशीष पालीवाल ने मेधावी छात्रों को पुरुस्कृत किया। इंटर के छात्र हर्ष विश्वकर्मा ने 90प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया।हिमांशु यादव ने 86 प्रतिशत अंक प्राप्त कर दूसरा स्थान प्राप्त किया।प्रवेश कुमार ने 86.4 अंक प्राप्त कर तीसरा स्थान प्राप्त किया। वही हाईस्कूल में लकी प्रजापति ने 88 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। छात्रा निधि ने 87.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर दूसरा स्थान प्राप्त किया।गौरी चौरसिया ने 87 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तीसरा स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य शशांक गुप्ता, अनुज गुप्ता, जावेद खान,कुंवर बहादुर, संतोष कुमार,अभिलाषा पांडे,अर्चना सिंह,नीलम सिंह आदि उपस्थित रहे।

## छेड़खानी का शिकार महिला ने आरोपी पर कार्रवाई न होने पर एसडीएम से की लगाई न्याय की गुहार

अमन लेखनी समाचार

मौदहा हमीरपुर। छेड़खानी की शिकार हुई महिला की शिकायत पर आरोपी युवक पर पांच दिन से कार्यवाही न होने से आहत पुनः महिला ने उपजिलाधिकारी से कार्यवाही के लिए न्याय की गुहार लगाई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने बीते पांच दिन पूर्व कोतवाली में तहरीर देते हुए बताया था कि उसी के गांव निवासी बालवीर पुत्र टिर्रू पति की गैर मौजूदगी में रात के दो बजे घर में घुस गया और उसके साथ छेड़खानी करने लगा, तमंचे के बल पर तीस हजार रुपये नगद व कुछ जेवर लेकर मौके से जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गया। वहीं कोतवाली पुलिस ने मामलों का गंभीरता से लेते हुए कार्रवाई न करने से आहत पीड़ित महिला ने मंगलवार को उपजिलाधिकारी की चौखट खट खटाई और न्याय की गुहार लगाते हुए कार्यवाही करने की मांग की है। इस संबंध में उपजिलाधिकारी राजेश चंद्र ने आरोपी युवक के विरुद्ध नियम अनुसार कार्रवाई के लिए कोतवाल मौदहा को आदेशित किया है।

## मुख्य विकास अधिकारी ने मतदान कार्मिकों के प्रशिक्षण स्थल का किया निरीक्षण एवं दिये महत्वपूर्ण निर्देश

**अनुपस्थित मतदान कार्मिक अगले दिवस में प्रशिक्षण प्राप्त कर लें अन्यथा होगी कार्रवाई-मुख्य विकास अधिकारी**

**मास्टर ट्रेनर्स द्वारा राजकीय इंजीनियरिंग कालेज चुर्क में मतदान कार्मिकों को किया गया प्रशिक्षित**

अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र। जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी चन्द्र विजय सिंह के कुशल निर्देशन में आज राजकीय इंजीनियरिंग कालेज चुर्क में मतदान कार्मिकों के प्रथम दिवस का प्रशिक्षण मुख्य विकास अधिकारी/नोडल अधिकारी मतदान कार्मिक सौरभ गंगवार ने निरीक्षण करते हुए मतदान कार्मिकों के प्रशिक्षण स्थल राजकीय इंजीनियरिंग कालेज के प्रशिक्षण कक्षों का निरीक्षण किया, इस दौरान मतदान अधिकारी प्रथम और पीठासीन अधिकारी को मास्टर ट्रेनर जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी सुधांशु शेखर शर्मा व जिला कृषि अधिकारी डॉ0 हरिकृष्ण मिश्रा द्वारा प्रशिक्षित किया गया, निरीक्षण के दौरान मुख्य विकास अधिकारी ने पीठासीन और मतदान अधिकारी प्रथम से निर्वाचन सम्बन्धी प्रश्न पूछे, ईवीएम मशीन सम्बन्धी जानकारी ली, उन्होने मतदान कार्मिकों से प्रश्न पूछे कि मशीनों को कैसे जोड़ा जायेगा, कन्ट्रोल यूनिट, वैलेट यूनिट और वीवीपैट को जोड़ने का क्या क्रम होगा, मॉक पोल कैसे होगा, मॉक पोल की पर्ची किस लिफाफे में रखकर शील्ड की जायेगी, सीआरसी का फुल फार्म क्या है, मतदाता रजिस्टर क्या होता है, मत पत्र लेखा कैसे तैयार किया जाता है, पीठासीन अधिकारी की डायरी क्या होती है और कैसे भरी जाती है आदि महत्वपूर्ण प्रश्न किये। उन्होने मतदान कार्मिकों को निर्देशित किया कि गम्भीरता पूर्वक पूर्ण मनोयोग के साथ प्रशिक्षण प्राप्त करें, ताकि मतदान के दिन किसी भी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े, जो कुछ शंका हो उसका समाधान अपने मास्टर ट्रेनर से कर लें, उन्होने कहा कि ईवीएम को जोड़ना सीखे लें, मशीन सम्बन्धित सभी प्रक्रिया को अच्छी तरह से जान लें।

## ईको वैन ने महिला को मारी टक्कर ,घायल

अमन लेखनी समाचार

मोहनलालगंज। गौरा गांव निवासी संतोष कुमार ने पुलिस से लिखित शिकायत करते हुये बताया बीते शनिवार को उसकी पत्नी साहबदेई अपने खेत में गेहूं काटने के लिये पैदल जा रही थी तभी विपक्षी प्यारेलाल ने अपनी ईको वैन से पत्नी को टक्कर मारने के बाद उसके ऊपर गाड़ी चढा कर मौके से भाग निकला।दुर्घटना में घायल साहब देई को परिजन इलाज के लिये अस्पताल लेकर पहुंचे।इंस्पेक्टर आलोक राव ने बताया पीड़ित पति की तहरीर पर टक्कर मारने वाले आरोपी पर नामजद मुकदमा दर्ज कर तलाश शुरू कर दी गयी हैं।

## मण्डलायुक्त-आईजी ने थाना कोतवाली नगर का किया गया औचक निरीक्षण

रायबरेली, मंडलायुक्त लखनऊ डॉ० रोशन जैकब व पुलिस महानिरीक्षक लखनऊ परिक्षेत्र लखनऊ तरुण गाबा ने लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के दृष्टिगत थाना कोतवाली नगर का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान थाने पर प्रचलित अभिलेख, महत्वपूर्ण पत्रावली, महिला हेल्प डेस्क, साइबर हेल्प डेस्क, बंदीगृह आदि को चेक कर सर्व संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।

## पेयजल की किल्लत से जूझ रहे ग्रामीणों ने एसडीएम से लगाई गुहार

अमन लेखनी समाचार

मौदहा हमीरपुर। बाईस हजार की आबादी वाले गांव में चार नलकूप व एक टंकी होने के बाद भी ग्रामीण बूंद बूंद पानी के लिए तरस रहे है। जबकि बीडियो ने जल्दी ही पेयजल की व्यवस्था कराए जाने की बात कही है।

बताते चलें कि विकासखंड के बड़ी आबादी वाले गांव खंडेह गांव जो हमेशा से पेयजल की भारी किल्लत से जूझता चला आ रहे हैं, जबकि इस संबंध में गांव के लिए विशेष पैकेज जारी कर नलकूप व एक टंकी का निर्माण खंडेह गांव में किया गया था। जिससे कुछ दिन ही पानी की सप्लाई ठीक-ठाक मिल पाई थी और विभाग की लापरवाही के चलते जगह-जगह पाइपलाइन फटने लगी और समय बीतने के बाद अब स्थिति यह है कि ग्रामीणों के अनुसार 15-15 दिन लोगों को पानी उपलब्ध नहीं हो पा रहा है और जब टंकी से पेयजल संचालित होता है तो मात्र आधा घंटे ही ग्रामीणों को पानी मिल पाता है, मौके में स्थिति यह है कि टंकी को पानी सप्लाई करने वाली मोटर खराब पड़ी है जिससे ग्रामीणों ने उप जिला अधिकारी को शिकायती पत्र देकर कर पीने का पानी उपलब्ध कराए जाने की मांग की है। इस संबंध मे खंड विकास अधिकारी से जानकारी की तो बताया कि सूचना मिली है जल्द ही लोगो को पानी उपलब्ध कराया जाएगा।


**अमन लेखनी**

**(हिन्दी दैनिक)**

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट-बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ-226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

**सम्पादक– श्रीमती अखिलेश सिंह**

**समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह**

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।


**मो. – 9838159555, 9935457982**

**E-mail address amanlekhaninews@gmail.com**

फिल्म इवेंट

## भोजपुरी

### लग्जरी कार छोड़कर ऑटो में गईं अक्षरा

भोजपुरी फिल्मों की क्वीन अक्षरा सिंह सोशल मीडिया पर काफी सक्रिय रहती हैं। हाल ही में उन्होंने अपने इंस्टा स्टोरी पर एक पोस्ट शेयर किया है, जिसे लेकर वे एक बार फिर चर्चा में छाई हुई हैं। दरअसल, अक्षरा सिंह ने सोमवार को काम पर जाने के लिए किसी लग्जरी कार से नहीं बल्कि ऑटोरिक्शा से गईं। इसकी एक छोटी से झलक दिखाते हुए एक्ट्रेस ने लिखा है कि 'ऑटो में घूमने की खुशी'। एक्ट्रेस को देखकर लग रहा है कि वे ऑटोरिक्शा की सवारी को खूब एंजॉय कर रही हैं। अक्षरा ने बैकग्राउंड में 'आई कांट गेट एनफ' गाना शेयर किया है। एक्ट्रेस के वर्कफ्रंट की बात करें तो हाल ही में उन्हें एक म्यूजिक वीडियो 'डिफेंडर' में देखा गया है। इस वीडियो में भोजपुरी एक्ट्रेस पंजाबी गायक मनकीरत औलख के साथ नजर आईं। बता दें कि इस गाने को मनकीरत, रेणुका पंवार और शेव ने गाया है। वहीं इसके बोल रईस ने और संगीत शेव ने दिया है। वीडियो का निर्देशन शेरा ने किया है। सोशल मीडिया पर उनका ये गाना खूब वायरल हो रहा है। अक्षरा के फैंस इन गाने पर जमकर रील्स बना रहे हैं।

## तमिल सिनेमा



### एक सिंपल सी लड़की को देखते ही दिल दे बैठे थे रजनीकांत



साउथ सिनेमा में भगवान की तरह पूजे जाने वाले एक्टर रजनीकांत हिंदी सिनेमा का एक बड़ा नाम है। आपको ये जानकर हैरान होगी कि इंटरव्यू लेने आई एक लड़की को देखते ही रजनीकांत अपना दिल हार बैठे थे। ये लड़की रजनीकांत की वाइफ लता रंगाचारी है। दोनों की पहली मुलाकात साल 1979 में हुई थी, जब रजनीकांत अपनी फिल्म थिल्लू मल्लू की शूटिंग कर रहे थे। उस दौरान इतिराज कॉलेज की एक स्टूडेंट लता उनका इंटरव्यू लेने आईं। पहहली नजर में ही रजनीकांत को लता से प्यार हो गया था। जैसे ही लता ने इंटरव्यू खत्म किया तो सुपरस्टार ने उनसे शादी के लिए प्रपोज कर डाला। रजनीकांत ने लता से कहा कि क्या आप मुझसे शादी करेंगी? ये सुनते ही लता हैरान रह गईं और उस वक्त उन्होंने कोई जवाब नहीं दिया। लता से रजनीकांत से कहा कि इसके लिए आपको मेरे माता-पिता से बात करनी होगी। वहीं रजनीकांत को इस बात का डर था कि कहीं उनके पैरेंट्स इस शादी से इनकार ना कर दें। हालांकि, वे इस रिश्ते के लिए राजी हो गए थे। वहीं दोनों के घरवालों की रजामंदी के बाद रजनीकांत और लता 26 फरवरी 1981 को बड़े धूमधाम से शादी रचाई। रजनीकांत और लता की शादी को 43 साल हो चुके हैं।

## मणिपुर सिनेमा

### सोमा लैशराम पर तीन साल के लिए लगा बैन

इंफाल बेस्ड एक ऑर्गेनाइजेशन ने पॉपुलर मणिपुरी फिल्म स्टार सोमा लैशराम को तीन साल के लिए फिल्मों में काम करने और सोशल इवेंट में भाग लेने पर बैन लगा दिया है। कहा जा रहा है कि इस संगठन ने कई मशहूर हस्तियों से अपील की थी कि जब तक मणिपुर हिंसा की आग से धधक रहा है तब तक वे मनोरंजन कार्यक्रमों में भाग न लें लेकिन सोमा लैशराम ने इनकी बात नहीं मानी जिसके चलते उन पर बैन लगाया गया है। वहीं राज्य में सभी फिल्म बॉडी के संगठन, फिल्म फोरम मणिपुर ने लैशराम पर लगाए गए केकेएल के फैसले की भारी आलोचना की और कहा कि वह बैन को रद्द कराने की कोशिश करेंगे कांगलेइपाक कनबा लूप (केकेएल) ग्रुप ने कहा कि फिल्म स्टार सोमा लैशराम ने 16 सितंबर को नई दिल्ली में एक ब्यूटी पेजेंट में भाग लिया था, जो कि मणिपुर में चल रहे जातीय संघर्ष के मद्देनजर एक्टर्स को ऐसे आयोजनों से बचने के सामान्य आह्वान के खिलाफ था। बता दें कि लैशराम ने 150 से ज्याद मणिपुरी फिल्मों में अपनी दमदार एक्टिंग का लोहा मनवाया है और कई पुरस्कार जीते हैं। वहीं केकेएल द्वारा लगाए गए बैन पर लैशराम ने कहा कि उन्होंने नई दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में नॉर्थ ईस्ट स्टूडेंट्स फेस्टिवल में भाग लिया क्योंकि इसने पूर्वोत्तर की सांस्कृतिक विरासत का जश्न मनाया था।

## बॉलीवुड की सबसे महंगी दुल्हन

लाइफ स्टाइल



शादी के तय होने से लेकर सपन्न होने तक कई तैयारियां होती हैं, जिसको करने के लिए मेहनत के साथ नोट भी काफी खर्च होते हैं। वहीं बात अगर बॉलीवुड की एक्ट्रेसेस के बारे में करें तो आज तक जितनी भी अभिनेत्रियां दुल्हन बनीं सभी ने लाखों रुपये कीमत के लहंगे पहने मगर उनमें सबसे महंगी दुल्हन की बात की जाए तो उसमें सबसे महंगा पहनने वाली एक्ट्रेस हैं सोनम कपूर, जिन्हें लोग फैशन डीवा के नाम से भी जानते हैं। सोनम ने अपनी शादी में सुर्ख लाल रंग का हैवी लहंगा पहना था जिसकी कीमत 90 लाख रुपये थी। दूसरे नंबर पर हैं प्रियंका चोपड़ा जिन्होंने अमेरिकी सिंगर निक जोनस से शादी की है। शादी में प्रियंका चोपड़ा ने लाल रंग सब्यसाची लहंगा पहना था, जिसकी कीमत 18 लाख के करीब बताई जाती है।

## गर्मी में कपड़ों से आती है पसीने की स्मेल तो आजमाएं ये घरेलू ट्रिक्स, तुरंत मिलेगा छुटकारा

गर्मी के दिनों में पसीने की बदबू से बहुत से लोग परेशान रहते हैं, खासकर जब यह बदबू कपड़ों से आती है। कपड़ों से आने वाली पसीने की दुर्गंध न सिर्फ खुद को, बल्कि आसपास के लोगों को भी असहज कर सकती है।

अगर आप भी इससे दिक्कत महसूस कर रहे हैं तो परेशान न हों। हम आपके लिए कुछ बहुत ही सरल घरेलू नुस्खे लेकर आए हैं जो आसानी से यह समस्या दूर कर देंगे। आज हम ऐसे ही कुछ उपाय बताएंगे जो जल्दी काम करते हैं और आपको फ्रेश रखते हैं।



### नींबू का उपयोग

नींबू के रस में एंटीबैक्टीरियल गुण होते हैं जो कपड़ों की बदबू दूर कर सकते हैं। आप या तो नींबू का रस सीधे पसीने के निशान वाले हिस्से पर रगड़ें या कपड़े धोने के पानी में मिला दें। इससे दुर्गंध में कमी आएगी और कपड़े ताजगी से भर उठेंगे। इसके साथ ही जो आपके आसपास रहेगा उसे भी भीनी-भीनी खुशबू आएगी।

### बेकिंग सोडा

बेकिंग सोडा भी पसीने की बदबू को खत्म करने का एक अच्छा तरीका है। आप इसे उन जगहों पर लगाएं जहां पसीने के दाग हैं। बस थोड़ा सा बेकिंग सोडा लें और दाग पर छिड़कें। इसे कुछ घंटे वैसे ही छोड़ दें, फिर उस कपड़े को अच्छी तरह से धो लें। इससे कपड़े से बदबू चली जाएगी और वे फिर से ताजा महसूस होंगे।

### सिरका

सिरका भी कपड़ों से बदबू हटाने का बहुत अच्छा उपाय है। आप कपड़े धोने के पानी में थोड़ा सिरका मिला सकते हैं, इससे बदबू दूर होगी। अगर कपड़े पर ज्यादा स्मेल है, तो आप सीधे उस जगह पर सिरका लगा सकते हैं। इसे थोड़ी देर के लिए ऐसे ही छोड़ दें, फिर धो लें। इससे स्मेल चली जाएगी और कपड़े फिर से फ्रेश हो जाएंगे।

### हमेशा साफ-सुथरे कपड़े पहनें

गर्मी के दिनों में हमेशा साफ और सूखे कपड़े पहनना चाहिए। इस मौसम में कपड़े अक्सर बदलें और उन्हें खुली और हवादार जगह पर सुखाएं। ऐसा करने से कपड़े लंबे समय तक ताजा रहेंगे और दुर्गंध से बचे रहेंगे।

## सूती साड़ी पहनने में होती है झिझक तो अपनाएं इसे स्टाइल करने के टिप्स

फैशन



गर्मियों में सूती साड़ी से ज्यादा आरामदायक कुछ नहीं होता लेकिन कुछ महिलाएं इसे बाहर पहनने से झिझकती हैं। अगर आपके साथ भी ऐसा होता है, यहां से कॉटन साड़ी को स्टाइल करने के टिप्स। न्यूलीवेड एक्ट्रेस रकुलप्रीत सिंह एक बार फिर सोशल मीडिया पर छाई हुई हैं। उन्होंने गर्मियों के हिसाब से खुद को स्टाइल कर कुछ तस्वीरें शेयर की हैं, जो फैंस को खूब पसंद आ रही हैं। गर्मी ने अपना कहर बरपाना शुरू कर दिया है। ऐसे में स्टाइल डीवा रकुलप्रीत ने खुद इस मौसम के मुताबिक इतनी खूबसूरती से ढाला है, जिससे हर लड़की को टिप्स लेने चाहिए।




**स्टाइलिश दिखने पीच कलर की साड़ी, खुले बाल :** एक्ट्रेस ने गर्मियों में स्टाइलिश दिखने के लिए पीच कलर की सूती साड़ी को चुना है, जिसके साथ सफेद रंग की स्लीवलेस को भी पेयर किया। इस सिंपल सूती साड़ी को और एलिगेंट बनाने के लिए एक्ट्रेस ने बालों को सॉफ्ट कर्ल करके खुला छोड़ दिया है, जो हवा में खूबसूरती से लहरा रहे हैं।

**ब्लैक ऑक्सिडाइज्ड ज्वैलरी, लाइट मेकअप :** वहीं, सूती साड़ी को स्टाइलिश लुक देने के लिए उन्होंने ब्लैक ऑक्सिडाइज्ड ज्वैलरी को चुना, जिसमें हेवी झुमके, चूड़ियां और स्टेटमेंट रिंग शामिल हैं। साथ ही साड़ी के रंग से मेल खाते हुए उन्होंने बिल्कुल लाइट मेकअप को चुना। गालों पर पीच कलर की ब्लश, हाईलाइटर, थिक आईब्रो, आंखों पर काजल और मस्कारा के साथ होठों के लिए न्यूड पीच कलर की लिप शेड।

## गर्मियों में भी फट रहे हैं आपके होंठ तो ये घरेलू उपाय आएंगे काम

फटे हुए होंठ सुंदरता को कम कर देते हैं, जिससे चेहरा बेकार दिखने लगता है। अक्सर होंठ ठंड के मौसम में ज्यादा फटते हैं, लेकिन कुछ लोगों को गर्मी के दिनों में भी होंठ फटने की समस्या रहती है। आपके भी गर्मी के मौसम में होंठ फटते हैं, तो यह खबर आपके लिए है। आज हम आपको ऐसे आसान घरेलू उपाय के बारे में बताएंगे, जिसे अपनाकर आप अपने होठों को स्वस्थ बना सकते हैं। यदि आपके फटे हुए होंठ गंभीर हैं, तो डॉक्टर से सलाह लें।

**करें ये आसान घरेलू उपाय :** गर्मी के दिनों में तेज धूप, प्रदूषण, गर्म हवा और कम नमी के कारण होंठ फटने लगते हैं। उनमें दरार आ जाती है और पपड़ी निकलने लगती है, यह दर्दनाक भी हो सकता है। आप चिंता न करें, इससे बचने के लिए आप यह उपाय कर सकते हैं। सबसे पहले आपको रोजाना होठों पर लिप बाम या पेट्रोलियम जेली लगाना चाहिए। आप इसे दिन में तीन से चार बार लगा सकते हैं।




### नेचुरल ऑयल का इस्तेमाल

इसके अलावा आप नेचुरल ऑयल का इस्तेमाल कर सकते हैं। जैसे नारियल तेल, जैतून का तेल, बादाम का तेल आदि। घी का इस्तेमाल कर आप होठों को स्वस्थ रख सकते हैं। एलोवेरा जेल में मॉइश्चराइजिंग गुण होते हैं, जो फटे हुए होठों को ठीक करने में मदद करते हैं और उन्हें स्वस्थ रखते हैं।

**पर्याप्त पिएं पानी, नशा करना करें बंद :** इसके अलावा पर्याप्त पानी पीने से होंठ स्वस्थ रहते हैं, आपको 7 से 8 गिलास पानी दिन में पीना चाहिए। अगर आप धूम्रपान या शराब का सेवन करते हैं, तो इसे आज ही छोड़ दें। ऐसा करने से होंठ खराब होने लगते हैं। इन उपायों के अलावा आप कुछ बातों का ध्यान रख सकते हैं। जैसे होठों को बार-बार न छुए। धूप में निकलने से पहले होठों पर सनस्क्रीन या लिप बाम लगाकर निकलें।

## मेकअप करते समय चेहरे पर प्राइमर लगाना सही या नहीं, जानें इससे स्किन पर होने वाले लाभ व नुकसान

खूबसूरत दिखने के लिए लोग मेकअप करते हैं। खासकर लड़कियां ज्यादा मेकअप करना पसंद करती है। ऐसे में जो लड़कियां ऑफिस या कॉलेज जाती है, वे रोजाना मेकअप करती है। मेकअप का एक महत्वपूर्ण हिस्सा होता है प्राइमर। प्राइमर एक कॉस्मेटिक प्रोडक्ट है, जो मेकअप करने से पहले चेहरे पर लगाया जाता है। इसकी मदद से त्वचा चिकनी और एक समान बनती है। प्राइमर मेकअप को बेहतर तरीके से लगाने और टिकाने में मदद करता है। प्राइमर का इस्तेमाल करना आपकी त्वचा के प्रकार पर निर्भर करता है। अगर आपकी ऑइली स्किन या संवेदनशील स्किन है, तो प्राइमर का उपयोग करने से पहले किसी स्किन स्पेशलिस्ट की



सलाह जरूर लें। आईए जानते हैं प्राइमर के इस्तेमाल करने से क्या होते हैं फायदे और नुकसान।

**प्राइमर पूरे दिन मेकअप को टिकाते हैं :** प्राइमर मेकअप को बेहतर बनाता है। इसके अलावा यह पूरे दिन मेकअप को टिकाने में भी मदद करता है, जिससे आपको बार-बार टच अप करने की आवश्यकता नहीं पड़ती। कुछ प्राइमर में ऐसे तत्व पाए जाते हैं, जो त्वचा की रक्षा करते हैं। यही नहीं प्राइमर में मॉइश्चराइजिंग गुण होते हैं, जो त्वचा को हाइड्रेट रखने में मदद करता है।

**प्राइमर से पिंपल्स होने का खतरा :** प्राइमर के कुछ नुकसान भी हो सकते हैं। कुछ प्राइमर ऐसे होते हैं, जो त्वचा के रोम छिद्रों को बंद कर देते हैं। जिससे पिंपल्स होने लगते हैं। कई बार प्राइमर के इस्तेमाल से स्किन ऑयली होने लगती है। इसके अलावा कुछ प्राइमर में मौजूद तत्वों से एलर्जी या स्किन संबंधित समस्या होने लगती है।


**ऐसे करना चाहिए प्राइमर का इस्तेमाल :** प्राइमर का इस्तेमाल करने से पहले आपको अपने चेहरे को साफ पानी से धोकर सुखाना होगा, फिर थोड़ी मात्रा में प्राइमर लें और अपने चेहरे पर समान रूप से लगाएं। लगभग 30 से 40 सेकंड तक प्राइमर को सूखने दें और फिर मेकअप लगाएं।

कार्नर न्यूज

### थोड़ी सजगता बरतते हुए करें उपयोग, नहीं होगी स्किन इर्रिटेशन की परेशानी

## .... फैंसी झुमकियां पहनने से कान के पीछे होने वाली खुजली से बचाएंगें ये टिप्स

आमतौर पर महिलाएं रोज पहनने के लिए तरह तरह के ईयर टॉप्स या बालियां बाजार से खरीदती हैं और ड्रेस के साथ मैच बनाकर पहनती हैं। ये दिखने में ट्रेंडी होते है और खो भी जाएं तो परेशानी नहीं होती। यही वजह है कि महिलाएं सोना चांदी की बालियों की बजाय ऐसे डिजाइनर बालियां या झुमकियाँ पहनना काफी पसंद करती हैं। हालांकि कुछ लड़कियां की परेशानी होती है कि वे जैसे ही इन आर्टिफिशियल झुमके को कान के छेद में डालती हैं स्किन पर काफी तेज खुजली शुरू हो जाती है और घाव बन जाते हैं। इस परेशानी के चक्कर में उन्हें फैंसी झुमकियां या बाली पहनने में काफी परेशानियों और दिक्कतों का सामना करना पड़ता है और वे शौक के बावजूद इन्हें नहीं पहन पातीं। अगर आप भी ऐसी परेशानियों की वजह से खूबसूरत ज्वेलरी नहीं पहन पातीं तो हम आपकी मदद कर सकते हैं।

### क्यों होती है खुजली

सबसे पहले यह जान लेना जरूरी है कि ऐसी ज्वेलरी पहनने पर खुजली आखिर होती क्यों है। दरअसल इसकी वजह है स्किन पर रिएक्शन होना। जी हां, जिस मटीरियल का इयरिंग बना है वह आपकी स्किन पर क्या रिएक्ट करता है एक तो इसकी जानकारी होना जरूरी है और अगर नहीं है तो इयरिंग डालने के बाद अगर खुजली हो रही है उसे तत्काल उतार देना चाहिए और आगे से कभी उस मटीरियल के आभूषणों का उपयोग नहीं करना चाहिए।

### क्या है उपाय

- **अगर** आप ऐसी झुमकियां पहनना ही चाहती हैं तो सबसे पहले उस टॉप्स के पिछले हिस्से पर ट्रांसपेरेंट नेल पॉलिश की कोटिंग कर दें और हो सके तो दो कोटिंग कर दें। इस तरह मेटल का सर्फेस स्किन के संपर्क में नहीं आएगा और एलर्जी नहीं होगी।
- **अगर** आप जिस बालियों या झुमके को नहीं पहन पा रहे लेकिन वो आपकी फेवरेट है तो इसका एक और उपाय है। आप सुनार के पास जाएं और उस पर सोने का पानी चढ़वा लें। ऐसा करने से इसे पहनने से खुजली नहीं होगी लेकिन यह उसी झुमकी के लिए ठीक है जो पूरी तरह गोल्डन टोन की है।



- **इन** दिनों बाजार में टॉप्स के पेंच के लिए तरह तरह के ईयर लोब बैंडेज मिलते हैं। आप इसे पहनने से पहले लगाएं और इयररिंग पहन लें। यह उन झुमकियों के साथ काम करेगा जिसके पेंच की वजह से आपको खुजली होती है।
- **आपको** बता दें कि ब्रास और कॉपर की बनी ज्वेलरी स्किन पर रिएक्ट आसानी से करती हैं। इसलिए बेहतर होगा कि आप या तो गोल्ड या सिल्वर ज्वेलरी पहनें या प्लास्टिक की ज्वेलरी ट्राई करें।